सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 21.5 न्यू | 29.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79924.77 |
| निफ्टी | 24324.45 |
| सोना 73,200 | चांदी 94,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 11 जुलाई, 2024 | 28 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 204, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

नड्डा के निजी सचिव होंगे आईएएस आशुतोष गर्ग -पेज 3
सरकारी सीमेंट धांधली में उपप्रधान गिरफ्तार -पेज 7
महाठग कुलदीप तीन दिन के पुलिस रिमांड पर -पेज 10
कप्तान गिल की पारी से शानदार जीत -पेज 13
पतंजलि को आदेश के उल्लंघन पर 50 लाख जमा करने के निर्देश -पेज 14

# हिमाचल की तीन विधानसभा सीटों पर 71% वोटिंग

## उपचुनाव: देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर सीट पर शांतिपूर्ण हुआ मतदान, 13 जुलाई को निकलेगा रिजल्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों नालागढ़, हमीरपुर और देहरा में बुधवार को हुए उपचुनाव में मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खूब उत्साह रहा। मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि तीनों जगह करीब 71 प्रतिशत वोटिंग हुई। नालागढ़ में सबसे ज्यादा 78.01 प्रतिशत वोटिंग हुई, जबकि हमीरपुर मे 66.07 प्रतिशत और देहरा में 65.42 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला। तीनों सीटों पर किस्मत अजमा रहे 13 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।


मतगणना अब 13 जुलाई को होगी। तीनों सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी में है। सबकी नजरें देहरा सीट के उपचुनाव पर हैं, जहां से सीएम सुखविंद्र सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह से है। हमीरपुर से बीजेपी प्रत्याशी आशीष शर्मा ने बोहनी बूथ पर परिवार सहित मतदान किया। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने मटानी बूथ पर परिवार के साथ मतदान किया। नालागढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बावा ने अपनी पत्नी के साथ ढाणा गांव में वोट डाला। उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार केएल ठाकुर के साथ है। (अनंत ज्ञान)


हमीरपुर में वोट डालने के बाद पत्नी के साथ भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।


हमीरपुर में वोट डालने के बाद पत्नी के साथ कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.पुष्पेंद्र वर्मा।


नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा अपनी पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे।


नालागढ़ में परिवार के साथ वोट डालने के बाद अंगुली पर लगी स्याही को दिखाते भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर।



देहरा में पत्नी के साथ वोट डालने के बाद भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह।


जज्बा: देहरा में बुजुर्ग महिला मतदान के लिए व्हीलचेयर पर आई।

### बुजुर्ग मतदाताओं में दिखा जोश

**तीनों** विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव को लेकर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। तीनों ही विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की कतारें दिखाई दीं। मतदान को लेकर बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे और लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव आयोग के मुताबिक, तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 3334 और 100 वर्ष या उससे अधिक के 72 मतदाता हैं। हिमाचल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बुजुर्ग मतदाताओं की तस्वीर शेयर करते हुए उनकी तारीफ की है।

नालागढ़ में सबसे ज्यादा 78.1% वोटिंग


वोट डालने के लिए लाइन में खड़ी महिलाएं।

### छह राज्य: 10 विधानसभा सीटों पर हुआ उपचुनाव

| राज्य | सीटें | वोटिंग |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | रायगंज | 67.12% |
| | बगदाह | 65.15% |
| | मानिकतला | 51.39% |
| | राणाघाट दक्षिण | 65.59 |
| बिहार | रुपौली | 51.14% |
| पंजाब | जालंधर वेस्ट | 51.30% |
| तमिलनाडु | विक्रवंडी | 77.73% |
| मध्य प्रदेश | अमरवाड़ा | 72.89% |
| उत्तराखंड | मंगलौर | 67.28% |
| | बद्रीनाथ | 47.68% |

### पश्चिम बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े

**नई दिल्ली।** देश के हिमाचल समेत 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड की 13 विधानसभा सीटों पर बुधवार को उपचुनाव हुए। छिटपुट घटनाओं के अलावा कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भाजपा-टीएमसी समर्थक बूथ पर गड़बड़ी का आरोप लगाकर एक-दूसरे से भिड़ गए। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजुमदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे चौराहे पर खड़े होकर वोटिंग करने जा रहे लोगों को रोक रहे हैं।

### उत्तराखंड की मंगलौर सीट पर झड़प एसएचओ और सिपाही घायल

**उत्तराखंड** की मंगलौर सीट पर झड़प के बाद पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बिहार में पूर्णिया की रुपौली सीट पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। पुलिस का कहना है कि बूथ के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने हटने को कहा तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एसएचओ और सिपाही घायल हुए हैं।

### पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर वोटिंग

**पश्चिम** बंगाल में सबसे ज्यादा 4 सीटों- रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला पर उपचुनाव हुए। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट के लिए वोटिंग हुई। तमिलनाडु में विक्रवंडी, मध्य प्रदेश में अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव के लिए वोट डाले गए। 13 सीटों में से बंगाल की 3 सीटें पिछली बार भाजपा ने जीती थी। कांग्रेस ने 2, अन्य पार्टियों ने 8 सीटें जीती थीं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनी लांड्रिंग मामले में पेश नहीं हुई जैकलीन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुई। फोर्टिस हेल्थकेयर कंपनी के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह सहित कई अन्य मशहूर लोगों से कथित तौर पर लगभग 200 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में 38 वर्षीय जैकलीन से ईडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

### महाराष्ट्र में आया 4.5 तीव्रता का भूकंप



**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली में बुधवार सुबह 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके नांदेड़, परभणी, छत्रपति संभाजीनगर और वाशिम जिलों में महसूस किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंगोली के कलमानूरी तालुका के रामेश्वर टांडा गांव में था।

### ईडी की चार्जशीट में केजरीवाल साजिशकर्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने 38 लोगों को आरोपी बनाया है। चार्जशीट में सीएम केजरीवाल को आरोपी नंबर 37 बनाया है। वहीं, आम आदमी पार्टी आरोपी नंबर 38 है। चार्जशीट के मुताबिक, केजरीवाल किंगपिन हैं और साजिशकर्ता हैं।

### आदेश: एक सप्ताह में खोला जाए शंभू बॉर्डर

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक हफ्ते के भीतर शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार एक हफ्ते में रोड क्लियर करे और वहां से बैरिकेड हटाए। शंभू बॉर्डर पर स्थिति शांतिपूर्ण है। किसानों की मांग केंद्र सरकार से है, इसलिए उन्हें दिल्ली की तरफ जाने की छूट दे देनी चाहिए।

### हिट एंड रन केस: राजेश शाह को उपनेता पद से हटाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने आलोचनाओं के बीच बीएमडब्ल्यू 'हिट-एंड-रन' मामले में आरोपी मिहिर शाह के पिता राजेश शाह को पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया। शिवसेना सचिव संजय मोरे ने नोटिस में कहा गया कि राजेश शाह को पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया है। शाह हालांकि अब भी शिवसेना के सदस्य हैं।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता लेने की है हकदार : सुप्रीम कोर्ट

## कहा- भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि विवाहित महिलाओं का हक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत मुस्लिम तलाकशुदा महिलाएं भी अपने पति से गुजारा भत्ता मांग सकती हैं।

यह कानून हर धर्म की महिलाओं के लिए लागू होता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने सुनवाई की। दोनों जजों ने अलग-अलग फैसले सुनाए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि धारा 125 सभी महिलाओं पर लागू होगी, न कि सिर्फ विवाहित महिलाओं पर। भरण-पोषण दान नहीं बल्कि विवाहित महिलाओं का अधिकार है और यह सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होता है, चाहे वे किसी भी धर्म की हों। तेलंगाना हाईकोर्ट ने मोहम्मद अब्दुल समद को अपनी तलाकशुदा पत्नी को हर महीने 10 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने के आदेश दिया था, जिसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

# ऑस्ट्रिया और भारत की दोस्ती होगी और मजबूत : मोदी

**एजेंसी, वियना**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिवसीय ऑस्ट्रिया दौरे पर हैं। बुधवार को पीएम मोदी का ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन में कलाकारों ने वंदे मातरम की प्रस्तुति के साथ स्वागत किया।

इसके बाद ऑस्ट्रिया के पीएम आवास पहुंचे। मोदी ने विजिटर्स बुक में दस्तखत किए। इस दौरान ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर उनके साथ रहे। ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी आवाज पूरी दुनिया में सुनी जाती है। भारत का भरोसेमंद पार्टनर होने के साथ ऑस्ट्रिया भी यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण हल चाहता है। मोदी ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि यूक्रेन संकट का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं हो सकता। उन्होंने आतंकवाद की भी कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही ऑस्ट्रिया आने का अवसर मिला। 41 साल के बाद किसी भारतीय पीएम ने यहां का दौरा किया। वहीं, पीएम मोदी और चांसलर कार्ल नेहमर भारत-ऑस्ट्रिया बिजनेस मीटिंग में शामिल हुए।


प्रधानमंत्री पीएम मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर।

### मोदी की बड़ी बातें...

- मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं हो सकता है। मासूमों की जान का नुकसान स्वीकार्य नहीं है।
- भारत और ऑस्ट्रिया शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर देते हैं। इसके लिए हम हर सहयोग देंगे।
- हमने क्लाइमेट चेंज और आतंकवाद पर भी अपने विचार साझा किए हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं।
- हम यूएनएससी और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव के लिए सहमत हैं।

# डोडा में सेना के जवानों का सर्च ऑपरेशन फिर शुरू

## मुठभेड़ के बाद जंगल की तरफ भागे हैं आतंकी



**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को फिर से सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मंगलवार को दो घंटे तक मुठभेड़ हुई थी।

गोली-गादी जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण मंगलवार रात को सर्च अभियान रोक दिया था। इसका फायदा उठाते हुए आतंकवादी जंगल की तरफ भाग गए हैं। आतंकवादियों की तलाश के लिए सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया है। ड्रोन निगरानी, स्निफर डॉग्स, शार्पशूटर क्षेत्र में चल रहे अभियान का हिस्सा हैं।

# यूपी में बस और टैंकर की टक्कर, 18 लोगों की मौत

**एजेंसी, उन्नाव**

**उत्तर** प्रदेश के उन्नाव में बुधवार सुबह 5 बजे डबल डेकर बस और टैंकर की टक्कर हो गई। हादसे में बस सवार 18 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 19 घायल हुए हैं। मृतकों में 14 पुरुष, 2 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। बस बिहार के सीवान से दिल्ली जा रही थी।

यह हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस की ड्राइवर साइड की बॉडी पूरी तरह अलग हो गई। यात्री बाहर गिर गए, जिनकी वहीं मौत हो गई। जांच में पता चला है कि बस का कागजों में दर्ज महोबा का पता फर्जी है।

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने जताया शोक

**उन्नाव** हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने शोक जताया है। पीएम ने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख देने का ऐलान

प्रधानमंत्री ने पीएम आपदा राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।




**बेरहम मानसून** हिमाचल में अभी भी 12 सड़कें, 9 ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप, तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट

# हिमाचल में एक सप्ताह खराब रहेगा मौसम

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। अभी भी 12 सड़कें, 9 ट्रांसफार्मर और 3 पेयजल योजनाएं ठप हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

राज्य के कई हिस्सों में 16 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। 11 से 13 जुलाई को कई भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बीते 24 घंटे में बैजनाथ में 32.0, पांवटा साहिब 18.4, धौलाकुआं 17.5, धर्मशाला 0.8, रेणुका जी 16.8, पालमपुर 8.8, नाहन 8.3 और डलहौजी में 8.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)


शिमला में बुधवार को बादल छाए रहे। रिज मैदान में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

### इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने 11 व 12 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के कई भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों और पर्यटकों को नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। बुधवार को शिमला सहित कई जिलों में बुधवार को आसमान में बादल छाए रहे। वहीं, उमस के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 37.2° |
| बिलासपुर | 37.0° |
| मंडी | 36.8° |
| भुंतर | 35.4° |
| धौलाकुआं | 35.1° |
| कांगड़ा | 34.3° |
| बरठीं | 34.1° |
| हमीरपुर | 33.9° |
| सुंदरनगर | 33.7° |
| धर्मशाला | 29.9° |
| नाहन | 29.7° |
| शिमला | 26.6° |

## न्यूज ब्रीफ

### देवेंद्र शर्मा बने चौपाल कल्याण समिति के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, नेरवा।** चौपाल की गैर राजनीतिक पंजीकृत संस्था चौपाल कल्याण समिति की लंबे अंतराल के बाद एक बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता मुख्य सरंक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर झगटा ने की। इस बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया और नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। अधिवक्ता देवेन्द्र शर्मा को सर्वसम्मति से कल्याण समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। एडवोकेट भरत भूषण और लोकेन्द्र दत शर्मा को उपाध्यक्ष, कृष्ण शर्मा को महासचिव तथा ज्ञान सिंह औक्टा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा शिवेंद्र चंदेल, प्रताप नेगी, जगमोहन मधाईक, जगदीश जिंटा, मुनीष भंडारी, दीपक चंदेल बलबीर ठाकुर, शिवलाल भोटा को समिति का सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि बैठक में नगर पंचायत चौपाल में सफाई व्यस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, चिकित्सा सम्बंधित सुविधा न होने बारें विषयों पर चर्चा की गई।

### छात्रों को अंगदान की दी जानकारी



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश की ओर से लोगों को अंगदान के प्रति जानकारी उपलब्ध करवाने और इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित करवाए जा रहे हैं। संजौली स्कूल में अंगदान के बारे में जानकारी साझा की गई। सोटो के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश व आईईसी कंसल्टेंट रामेश्वरी ने बताया कि सोटो की ओर से हर साल की भांति इस साल भी अंगदान माह मनाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ड्राइवर यूनियन ने आरएम रोहड़ू से की मुलाकात



**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहड़ू क्षेत्र में चालक यूनियन के प्रधान दिग्विजय बाल्टू की अध्यक्षता में यूनियन की गेट मीटिंग आयोजित हुई। बैठक में आए दिन चालकों को आ रही समस्याओं के बारे में बातचीत की गई। उसके बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिय रंजन चौहान से मिलकर समस्याओं के बारे में मांग पत्र सौंपा गया। वहीं आरएम प्रिय रंजन चौहान ने चालकों की समस्या को बड़े शांति पूर्वक तरीके से सुना, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक ने समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

### 3 दिन गृह क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे शिक्षा मंत्री

**दशमी रावत, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 12 व 14 जुलाई को जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। शिक्षा मंत्री 12 जुलाई को सायं 5 बजे कड़ीवन में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उसके उपरांत वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। 14 जुलाई को शिक्षा मंत्री सुबह 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झरोग के भवन का उद्घाटन करेंगे। वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। शिक्षा मंत्री दोपहर 1 बजे थाना व 2.30 बजे मांदल में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मोरसिंघी के सूरज का भारतीय हैंडबॉल टीम में चयन



**शुभम राही, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के घुमारवीं मोरसिंघी में चल रही मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के 50 से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर मेडल जीत चुके हैं। अब इस नर्सरी के एक पुरुष खिलाड़ी भारतीय टीम में अपने खेल का प्रदर्शन करेगा। मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के संचालिका व कोच स्नेहलता ने यह जानकारी प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि उनकी नर्सरी के पुरुष खिलाड़ी सूरज जयपुर में 10 से 14 जुलाई तक होने वाली एशियन आईएचएफ-2 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने बताया कि उनकी नर्सरी के हैंडबॉल खिलाड़ी सूरज ने टीम में जगह बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। स्नेहलता ने उम्मीद जताई है कि सूरज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीत कर नर्सरी का नाम रोशन करेगा। (अनंत ज्ञान)

### एबीवीपी ने की बिलासपुर कॉलेज परिसर की सफाई

**शुभम राही, बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर इकाई के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर बिलासपुर कॉलेज परिसर में झाड़ियां उखाड़ीं। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवांश शर्मा ने बताया कि 9 जुलाई को हर साल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस मनाती है। स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानने वाला छात्र संगठन उनके विचारों और आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि परिषद की विश्व के सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन के लिए हुए जन प्रयासों में एक मुख्य भूमिका रही है। (अनंत ज्ञान)

### पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर ने की बैठक

**शुभम राही, बिलासपुर।** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के सदर खंड एवं शहरी इकाई की संयुक्त बैठक बाबा विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर में हुई। इसकी अध्यक्षता शहरी इकाई के अध्यक्ष रविंद्र नाथ भट्टा ने की। बैठक में सर्वप्रथम कृष्ण लाल, ओम प्रकाश शर्मा और अन्य दिवंगत पेंशनर की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। सदर खंड अध्यक्ष दौलतराम चैहान ने 17 जून को धौलरा मंदिर में हुए वार्षिक स्थापना दिवस और सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए सभी पेंशनर का आभार व्यक्त किया। संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। (अनंत ज्ञान)

## सैहब सोसायटी का निजीकरण व आउटसोर्स करने की कोशिश की तो होगी हड़ताल

# डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सैहब सोसायटी वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले सैकड़ों सैहब, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सैहब सोसायटी का निजीकरण अथवा आउटसोर्स करने की कोशिश की गई तो मजदूर भविष्य में बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप्प कर देंगे।

उन्होंने हैरानी व्यक्त की है कि नगर निगम प्रशासन सैहब के बाय लॉज के खिलाफ कार्य कर रहा है व सैहब के कार्य की आउटसोर्सिंग करने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि जो ढाई करोड़ रुपये नगर निगम घरों की मैपिंग हेतु क्यूआर कोड स्कैनिंग के लिए खर्च करना चाहता है उतने पैसे में 150 अतिरिक्त मजदूरों की भर्त्ती हो सकती है जिस से शहर को और ज़्यादा स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी



सैहब सोसायटी वर्कर्ज यूनियन व अन्य प्रदर्शन करते हुए।

व कार्यरत मजदूरों पर काम का बोझ घटेगा। इतने पैसे से सभी सैहब व आउटसोर्स कर्मियों को तीन वर्ष तक 15 हजार रुपए बोनस दिया जा सकता है। यह सब कमीशनखोरी व ठेकेदारी प्रथा को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

नगर निगम प्रशासन सरकारी पैसे का दुरुपयोग करना चाहता है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का भारी आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर महीने सैकड़ों आउटसोर्स कर्मियों का वेतन भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है जोकि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि सैहब वर्कर्ज को नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए।

उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के सन 1992 के आदेश, सातवें वेतन आयोग की जस्टिस माथुर की सिफारिशों व 26 अक्तूबर 2016 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 26 हजार वेतन दिया जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। उन्हें कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं। सैहब में आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को सैहब के अंतर्गत लाया जाए व उन्हें समय पर वेतन दिया जाए। सैहब कर्मियों को 4- 9 - 14 का लाभ दिया जाए। सभी सैहब सुपरवाइजरों व मजदूरों को सरकार द्वारा घोषित वेतन दिया जाए।

सुपरवाइजरों व मजदूरों के लिए पदोन्नति नीति बनाई जाए। उनकी ईपीएफ की बकाया राशि उनके खाते में जमा की जाए। उनसे अतिरिक्त कार्य करवाना बंद किया जाए। उन्होंने मांग की है कि सैहब एजीएम की बैठक तुरंत बुलाई जाए व सैहब कर्मियों की मांगों को पूर्ण किया जाए।

प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, रंजीव कुठियाला, रामप्रकाश, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश, सलाहकार पाला राम मट्ठू, सुनील, योगेश, भरत, पवन, नरेंद्र, अमित भाटिया, रूपा, पूनम, शारदा, देवी सिंह, सूरत राम, नरेंद्र, राकेश, राहुल, शिव राम, बूटा राम, विक्रम, दिगम्बर, मनोज, अजित, चंदू लाल, दिनेश, धर्म चंद,नीरज, ललित, दलविंद्र, मदन, इंद्र, प्रेम, राजीव, खूब राम, अरविंद आदि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## डीसी ने जमीन धंसने के कारण हुए नुकसान का लिया जायजा



डीसी नुकसान का जायजा लेते हुए।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

जिलाधीश अनुपम कश्यप ने जमीन धंसने के कारण हुए नुकसान के बाद सुरक्षा की दृष्टि से किए जा रहे पुख्ता इंतजामों का निरीक्षण किया। जिलाधीश ने जल शक्ति विभाग को आदेश दिया है की प्रभावित हुई पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन जल्द सुचारू किया जाए। जिलाधीश अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सारे कार्य उक्त स्थान पर तीव्र गति से चले हुए है। यहां पर बिजली का पोल दोबारा स्थापित कर दिया है।

बता दें कि डीडीयू अस्पताल के पास भू-स्खलन से लोगों को फिर पिछले साल की तरह डर सताने लग गया है। भू-स्खलन के बाद अब यहां पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। 2023 में शिमला में बारिश ने भारी तबाही मचाई थी। कई भवन गिरे, तो कई सड़कें भू-स्खलन के कारण प्रभावित हुई। लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हुआ था, तो वहीं वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई थी। इस वर्ष अभी बरसात का शुरुआती दौर है और शिमला के लोगों को एक बार फिर वैसा ही डर सताने लगा है। बीते दिन रात को शिमला के स्थानीय बस स्टैंड, रिपन अस्पताल के करीब भू-स्खनल हुआ।

यहां नई पार्किंग को बनाने का कार्य किया जा रहा था। मुख्य मार्ग में हुए भूस्खलन के बाद वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई तो, वहीं लोगों के मन में एक बार फिर बीते वर्ष की भयानक यादें ताजा हो गई हैं। यह मुख्य मार्ग पर भू-स्खलन हुआ है। यहां नई पार्किंग को बनाने का कार्य किया जा रहा था, बारिश की वजह से ठेकेदार ने यहां पार्किंग निर्माण का कार्य बंद कर दिया था। लेकिन, यहां दोबारा से कार्य शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

## विद्यार्थी परिषद 76 साल में बनी युवाओं की आवाज : राहुल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिमला महानगर मंत्री अंकुश वर्मा ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल 9 जुलाई 1949 से ही छात्र हित समाजहित और राष्ट्रहित में काम करती आई है ऐसे ही हर वर्ष 9 जुलाई को विद्यार्थी परिषद की विभिन्न इकाइयों द्वारा नगर के कोने-कोने में उत्साह से मनाया गया है।



कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान गणमान्य।

ऐसे ही इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद द्वारा शिमला महानगर की नगर इकाइयों द्वारा शिमला के कालीबाड़ी सभागार में संगोष्ठी वह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता नरेंद्र गुलेरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा, राष्ट्रीय कला मंच की राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर उपस्थित रहे। विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्षों को यात्रा पूर्ण कर इसे वर्ष 76वें वर्ष का सफर शुरू किया हुआ। इस बीच यूवाओं को संबोधित करते हुआ राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने विद्यार्थी परिषद द्वारा किए गए सामाजिक कार्य वह समाज में परिषद द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में बताया तो मुख्य अतिथि ने विद्यार्थी परिषद को पूरे देश में युवाओं की आवाज कह कर संबोधित किया।

शिमला महानगर इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आए हुआ सभी छात्र-छात्रों ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस को लेकर उत्साह दिखा वह महानगर इकाई सभी से यही आग्रह करती है कि आगे आने वाले समय में भी विद्यार्थी परिषद के साथ अनेकों कार्यक्रमों वह अभियानों द्वारा जुड़े वह छात्र पढ़ाई के साथ साथ समाज के कार्यों में भी अपने योगदान दे।

## एबीवीपी सरस्वती नगर इकाई ने जुब्बल में करवाई संगोष्ठी



संगोष्ठी के दौरान मौजूद कार्यकर्ता व अन्य।

**दशमी रावत, जुब्बल**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरस्वती नगर इकाई द्वारा जुब्बल में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय आजादी के 75 वर्ष भारत का गौरवशाली इतिहास व वर्तमान में भारत के समक्ष चुनौती रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल शर्मा बतौर मुख्य अतिथि व जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

छात्र संघ अध्यक्ष प्रभात फिष्टा ने मुख्य अतिथि को एवं पूर्व संगठन मंत्री अखिल पीरटा व जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## सिद्ध होते दिखाई दे रहे कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप : भाजपा

शिमला। भाजपा कर पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा की जिस प्रकार से भाजपा लगातार कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही थी आज वह सिद्ध होते दिखाई दे रहे हैं। सुखराम चौधरी ने कहा की मुख्यमंत्री सुक्खू के दो सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों पर प्रदेश में करोड़ों रुपए के घोटाले के आरोप सिद्ध होत दिखाई दे रहे है। मुख्यमंत्री ने अपने मित्रों को खुले तौर पर लाभ पहुंचाया है, जिस कारण प्रदेश को करोड़ों का नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# मसधाण के शहीद राजकुमार ने कारगिल में आज के दिन पिया था शहादत का जाम

## भारत सरकार ने मरणोपरांत ब्रेवेस्ट ऑफ द ब्रेव पुरस्कार से किया सम्मानित

**बलवंत कमल, दधोल**

हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर सदर विधानसभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोरसिंधी गांव मसधाण के जवान हवलदार राजकुमार ने वीरता से लड़ते हुए शहादत का जाम पिया था। युद्ध में 11 जुलाई 1999 को सुबह शहीद हवलदार राजकुमार ने कारगिल के बटालिक सेक्टर के धनासक क्षेत्र में दुश्मनों की भारी गोलीबारी व तोपखानों की बौछारों के बीच जान की परवाह न करते हुए अपने साथियों तक हथियार व गोले पहुंचाए थे। हथियारों की कमी न होने के कारण ही हिंद सेना यहां से दुश्मनों को खदेड़ने में सफल हुई थी।



राजकुमार ने हथियार व गोले की सप्लाई भारी गोलीबारी के बीच भी थमने नहीं दी। इस दौरान उनको स्वलिंटर गोला सीने और पेट पर लगा। इससे वह बुरी तरह से घायल होकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। राजकुमार के अदम्य साहस के लिए भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत ब्रेवेस्ट ऑफ दि ब्रेव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हवलदार राजकुमार वरिष्ठ की बहादुरी की बदौलत हिंद सेना ने यहां पर परचम लहराया था। राजकुमार ने इस पोस्ट पर वीरता की नई इबारत लिखकर दुश्मनों को भी दांतों तले अंगुलिया दबाने को मजबूर कर दिया था। शहीद राजकुमार की वीरता की लिखी नई इबारत 25 साल बाद भी लोगों की जुबां पर तरोताजा हैं।

शहीद राजकुमार वरिष्ठ का जन्म 7 नवंबर 1965 को हुआ था। माता विधा देवी व पिता शिवराम के घर जन्मे राजकुमार को बचपन से ही सेना में जाने का शौक था। उन्होंने दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई मोरसिंधी स्कूल में की। उसके बाद उन्होंने घुमारवीं स्कूल में दाखिला लिया। पढ़ाई पूरी करने के बाद राजकुमार 1985 में 22 ग्रेनेडियर में भर्ती हुए थे। कारगिल लड़ाई के दौरान उनकी पोस्टिंग बटालिक सेक्टर में की गई।

ग्राम पंचायत मोरसिंधी गांव मसधाण के शहीद राजकुमार वरिष्ठ को उनके शहीदी दिवस 11 जुलाई को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। शहीद राजकुमार की माता विधा देवी, शहीद राजकुमार की पत्नी रक्षा देवी, बेटे राहुल वशिष्ठ, रजत वशिष्ठ, रोबिन वशिष्ठ, भाई ओमप्रकाश वशिष्ठ, जगतपाल वशिष्ठ, प्रेम लाल वशिष्ठ, सतीश वशिष्ट हवलदार शहीद राजकुमार के तीन बेटे हैं। एक बेटा रंजत वशिष्ठ 6 साल का था, जब उसने अपने पिता को खो दिया था। उसने प्रण कर लिया था कि बड़ा होकर देश की सेवा करेगा। अपने सपनों को साकार करते हुए रंजत वशिष्ठ 2018 में सेना से भर्ती हुए और आजकल लद्दाख में सेवाएं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## बिलासपुर अस्पताल में एमडी के साथ अब एमबीबीएस डॉक्टर भी होगा तैनात

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में अब एमडी मेडिसन चिकित्सक के साथ एक एमबीबीएस चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। यह निर्णय बुधवार को अस्पताल प्रशासन बिलासपुर ने लिया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया है कि अब ओपीडी के बार मरीज की पर्ची का नंबर डिस्प्ले किया जाएगा, ताकि मरीज अपने नंबर के हिसाब से अपना चेकअप करवा लें।

**ओपीडी के बाहर मरीज की पर्ची का नंबर होगा डिस्प्ले**

यह सभी निर्णय अस्पताल प्रशासन बिलासपुर ने इसीलिए लिया है, क्योंकि बीते मंगलवार को एमडी विशेषज्ञ की ओपीडी में अपनी टेस्ट रिपोर्ट चेक करवाने के लिए आए व्यक्ति और सुरक्षाकर्मी की बहस हो गई, जिसके बाद यह बात इतनी बढ़ गई कि एमडी विशेषज्ञ को अपनी ओपीडी के बाद ताला लगाना पड़ा। इसी के साथ अस्पताल प्रशासन ने इस घटना पर कडा संज्ञान लेते हुए बहस बाजी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एसपी को पत्र लिख कर कडी कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि गत दिवस मेडिसन विभाग की ओपीडी के बाहर एक व्यक्ति अपनी रिपोर्ट चेक करवाने के लिए वहां पर आया। तथा वहां पर दरवाजे के बाहर खड़ा होकर अंदर जाने का प्रयास करने लगा। उसे वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मी ने रोक लिया। इस पर वह व्यक्ति सुरक्षा कर्मी से उलझ पड़ा तथा हंगामा कर दिया। इस पर मेडिसन विभाग की ओपीडी को बंद करना पड़ा, जिससे वहां पर उपचार के लिए काफी संख्या में आए लोगों को बिना जांच वापस जाना पड़ा था।

उधर, इस संदर्भ में चिकित्सक अधीक्षक बिलासपुर अस्पताल डॉ. ऐके सिंह ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल में एमडी के साथ एक एमबीबीएस चिकित्सक साथ में तैनात किया जाएगा, ताकि मरीजों के सामान्य टेस्ट व बीपी चेक करने वाले समय की बचत हो सके। वहीं, अब हर विभाग की ओपीडी में हर मरीज का पर्ची नंबर डिस्प्ले होगा, ताकि लोगों के बीच पारदर्शिता बनी रहे। (अनंत ज्ञान)

# जितेंद्र ने कोलबांध विस्थापितों को दिया समस्याओं को निपटाने का आश्वासन

## हिमुडा बोर्ड के सदस्य ने पंचायत हरनोड़ा के चम्यौण का किया दौरा

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमुडा बोर्ड डायेरक्टर सदस्य जितेंद्र चंदेल ने ग्राम पंचायत हरनोड़ा के चम्यौण का दौरा किया तथा वहां पर ग्रामीणों से मिले तथा उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान कोलबांध विस्थापितों ने वार्ड सदस्य सीता राम की अगुवाई में उनके समक्ष इलाके की ज्वलंत समस्याओं को सुना और ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने बताया कि भले ही यह क्षेत्र कोलबांध के तट पर स्थित है लेकिन यहां पर पानी की समस्या आए दिन बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि इस समस्याओं को लेकर कोल बांध विस्थापित कई बार एनटीपीसी प्रबंधन के आगे गुहार लगा चुके हैं लेकिन एनटीपीसी प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इन दिनों गर्मियों का मौसम चरम पर है तथा लोग पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है कि सामने जलाश्य होने के बावजूद यहां के बाशिंदे



पंचायत हरनोड़ा के चम्यौण गांव का दौरा करते हिमुडा बोर्ड के सदस्य जितेंद्र चंदेल।

प्यासे हैं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा पांदा धार पर बनाए गए पानी के टैंक पूरी तरह से ओपन हैं तथा यहां पर उचित रखरखाव न होने के कारण पानी पीने के योग्य नहीं है। ऐसे में विस्थापितों को पीने के पानी से भी वंचित होना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि इस गांव के लिए बोरबैल की सरकारी सुविधा मिलती है तो लोगों की इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। वैकल्पिक तौर पर विस्थापितों ने हैंडपंप लगाने की भी मांग जितेंद्र चंदेल के सामने रखी। कोलबांध विस्थापितों ने उन्हें इलाके और विस्थापन को लेकर पेश आई अन्य समस्याओं को भी रखा। वहीं हिमुडा बोर्ड डायेरक्टर सदस्य जितेंद्र चंदेल ने कहा कि मामला गंभीर है तथा वे इस मामले को जिलाधीश बिलासपुर के समक्ष उठाएंगे ताकि शीघ्र समस्या का निदान को सके। इस प्रतिनिधिमंडल में वार्ड सदस्य सीता राम के अलावा पूर्व उपप्रधान जोगेंद्र ठाकुर, धर्मपाल, प्रकाश चंद, रंगीला राम, रूप लाल शर्मा, लता देवी, विमला देवी, कमला देवी, रिंकू, अजय, रणजीत और राजेश मिश्रा भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## पीडब्ल्यूडी झंडूता को बरसात से निपटने के लिए मिली मशीनरी

**गोपाल कपिल, झंडूता**

बरसात के मौसम को लेकर लोक निर्माण विभाग झंडूता पूरी तरह से तैयार है। बरसात के मौसम में लैंडस्लाइड व अन्य नुकसान को लेकर विभाग ने एक प्लान तैयार किया है। इसको लेकर विभाग के पास दो नई जेसीबी और दो नए टिप्पर भी पहुंच गए हैं। इन दो आधुनिक मशीनों के माध्यम से रोड को बिलकुल भी बंद होने दिया जाएगा।

खबर की पुष्टि करते हुए लोनिवि झंडूता के अधिशासी अभियंता केके चौहान ने बताया कि विभाग बरसात से निपटने के लिए तैयार है। विभाग के पास लगभग सभी उपकरण भी उपलब्ध हं। उन्होंने कहा कि झंडूता क्षेत्र में अगर बरसात के समय काफी स्थानों में लैंडस्लाइड का खतरा बना रहता है, जिससे काफी समय तक रोड भी बंद रहता है। ऐसे में इस रोड़ बंद होने की समस्या न हो, इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारियां की हैं।

**विभाग के पास दो नई जेसीबी और दो नए टिप्पर पहुंचे**

अधिकारियों का यह भी कहना है कि झंडूता क्षेत्र के संवेदनशील एरिया में साइन बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को साइन बोर्ड के माध्यम से जागरूक किया जा सकें। अधिकारियों की मानें तो यहां पर बरसात के मौसम में सबसे अधिक खतरा लैडस्लाइड का बना हुआ है। अगर बारिश की वजह से लैंडस्लाइड होती है तो झंडूता क्षेत्र के कई एरिया काफी समय के लिए कट हो जाते हैं। जिससे लोगों को अधिक दिक्कतें पेश आती है। लेकिन इस बार विभाग के पास सभी मशीनरी उपलब्ध हो गई है और किसी भी रास्ते को बंद नहीं होने दिया जाएगा।

इस बारे में जब लोनिवि झंडूता के अधिशासी अभियंता केके चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभाग के पास इस सत्र में दो नई जेसीबी और दो नए टिप्पर आए है। बरसात से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत भेतियानी (जोगटा पुल)**
**विकास खंड छौहारा , जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भेतियानी (जोगटा पुल), विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदाएं दिनांक 01.07.2024 से 06.07.2024 को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत भेतियानी (जोगटा पुल) में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 21.07.2024 को पूर्वाह्य 11: 00 बजे तक ग्राम पंचायत भेतियानी (जोगटा पुल) की निर्माण कमेटी निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 टाइलें / इंटरलॉक टाइलें हर प्रकार की, 9 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 10 पेंट व पुटी, 11 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 12 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 13 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**नियम व शर्तें** - 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए व दरें एक साल तक मान्य होंगी। 2. निविदाएं गलत या त्रुटि होने पर रदद की जाएंगी। 3. निविदादाता के पास जीएसटी नम्बर होना चाहिए साथ में लगाना होगा। जीएटी फार्म पैड पर ही कुटेशन दी जाएंगी। 4 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पैसीफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. प्रत्येक सामग्री को सूचीबद कर मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। जो सरकार व विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6 अन्य नियम व शर्त दिनांक 21.07.2024 विस्तार पूर्वक बताई जाएंगी। 7. पंचायत के सभी 5 वार्डों का एक ही मूल्य मान्य होगा !

**हस्ताक्षर**
**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत भेतियानी (जोगटा पुल)**
**विकास खंड छौहारा, तहसील चड़गांव, जिला शिमला हि.प्र. 171208**

# मतदान के लिए युवाओं और महिलाओं में उत्साह, बुजुर्ग भी पीछे नहीं



नालागढ़ : संवेदनसील पोलिंग बूथ हटडा में चीनू ठाकुर व शालू ठाकुर पहली बार अपने मतदान का प्रयोग करने के बाद।



हमीरपुर । कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा अपनी पत्नी के साथ मटाहणी बूथ पर मतदान करने के लिए जाते हुए। पुष्पिंद्र ने लोगों के साथ लाइन में लगकर वोट डाला।



देहरा । वोट डालने के बाद ऊंगली में लगी स्याही दिखाती महिलाएं।

## उपचुनावों के नतीजों का सुक्खू सरकार पर नहीं पड़ेगा ज्यादा फर्क

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे में विधानसभा के तीन उपचुनावों हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में प्रत्याशियों की हार-जीत और नेताओं के दावों का खेल ईवीएम में बंद हो गया है। इनके नतीजे से सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर कोई ज्यादा फर्क पड़ने वाला हो, ऐसी भी गुंजाइश दिखती नहीं है, लेकिन जिस चीज की चर्चा अब शुरू हुई है, उसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों के भितरघातियों की स्थिति का आंकलन होगा।

भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की अंदरूनी तौर पर इन तीन उपचुनावों में भी जो पोल अंतिम समय तक खुली है, उसके नतीजे नेतृत्व में बैठे बड़े नेताओं के पास सुरक्षित हो चुके हैं। होना क्या है, इस पर भी अंदरूनी तौर पर काम शुरू हो चुका है, लेकिन अहम बात यह है कि कांग्रेस के भीतर भी जो लोग इन चुनावों में पार्टी को नुक्सान पहुंचाने में व्यस्त रहे, उनकी शिनाख्त भी ऊपरी तौर पर हो चुकी है। यही नहीं पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में तकरीबन साढे चार सौ पदाधिकारियों की जो फौज विराजमान है, उसका सफर भी अच्छी तरह से मुख्यमंत्री ने जांच परख लिया होगा। नेतृत्व में उन्हीं लोगों को जगह मिलेगी, जिनका प्रभाव असरदार रहा है।

अभी तक कैसा रहा है, उस पर भी अब नए सिरे से इबारत लिखने का समय आ गया है। क्योंकि खोखली फौजी से कुछ होने वाला नहीं है। इसका एहसास भी मुख्यमंत्री को हो गया है। जिन लोगों को सत्ता में अच्छा खासा भागीदार बनाया था, उनकी भूमिका सत्ता के डेढ़ साल में चुनाव के समय रति भर भी यदि चमक न बिखेर पाई हो, तो फिर ऐसे लोगों के सहारे मुख्यमंत्री मजबूत नहीं हो सकते। इसी का आंकलन अब कांग्रेस के भीतर होने वाला है।

जिनके पास सत्ता में ज्यादा जिम्मेदारी नहीं थी, मगर इन चुनावों में उन्होंने कुछ खास करके दिखाया है, उनके दिन जरूर फिरने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर : छोंटा गांव की युवतियां पहली बार मतदान करने के बाद चुनाव चिन्ह दिखाती हुई।

### अग्निहोत्री हर जगह खास बने रहे

कांग्रेस के भीतर चुनाव प्रचार की मुख्य भूमिका में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री भी हर जगह खास बने रहे। उनके चुनाव-प्रचार से प्रत्याशियों को फायदा दिखता हुआ नजर आया। कांग्रेस के मीडिया बल में भी राज्य प्रवक्ताओं की बड़ी फौज है, लेकिन हमीरपुर से ताल्लुक रखने वाले प्रेम कौशल ने जिस हमलावर तरीके से चुनावों में विरोधियों पर हमले कर परफॉर्मेंस शो की, निश्चित रूप से कांग्रेस को उससे फायदा हुआ। क्योंकि भाजपा के भीतर राजीव बिंदल, जयराम ठाकुर, अनुराग ठाकुर, रणधीर शर्मा, सुमित शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, गोविंद ठाकुर अपने-अपने तय किए गए क्षेत्रों में अच्छे खासे सक्रिय रहे। इनके तीखे सवालों का जवाब कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता समय-समय पर देते रहे।

### हमीरपुर उपचुनाव का नतीजा बहुत कुछ बयां करेगा

जो भी हो, हमीरपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है और यहां हमीरपुर उपचुनाव का नतीजा बहुत कुछ बयां करेगा। उनकी अपनी टीम की अंदरूनी स्थिति का भी आंकलन इस उपचुनाव में हुआ है। देहरा में जहां नए सिरे से कांग्रेस को मजबूत करने का बीड़ा मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी को चुनावी दंगल में उतार कर उठाया। उसका रिजल्ट कांगड़ा जिला की राजनीति पर पड़ने वाला है। जबकि नालागढ़ सीट का भविष्य नए समीकरणों को पैदा करने की दिशा में जितना कांग्रेस के लिए जरूरी है, उतना ही भाजपा की अंदरूनी राजनीति पर भी असर डालेगा। कारण यह है कि यहां पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की भूमिका कांग्रेस के लिए खास रहने वाली है।



देहरा । वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता।

### देहरा-हमीरपुर के नतीजे बड़े नेताओं के लिए नई कदमताल शुरू करेंगे

हमीरपुर संसदीय सीट पर देहरा और हमीरपुर में उपचुनाव के नतीजे बड़े नेताओं के लिए नई कदमताल शुरू करेंगे। पिछले उपचुनाव में भाजपा चार में से केवल एक ही उपचुनाव जीत पाई थी। इसीलिए अब दो निर्दलीय पूर्व विधायकों को पार्टी में शामिल करके जो उपचुनाव हुए हैं। उनमें भी संगठन से जुड़े हुए पुराने नेताओं ने प्रत्याशियों को अंतिम समय तक बुरी तरह लटका के रखा। अब देखना यही है, क्या इन प्रत्याशियों की अपनी पुरानी टीम की वर्किंग काम आई है या फिर भितरघात ज्यादा असरदार साबित हुआ है। इसका असर हमीरपुर से लेकर दिल्ली तक की राजनीति पर निश्चित रूप में पड़ने वाला है।



हमीरपुर। उखली गांव की कंचन, कल्पना और शालू पहली बार मतदान करने पर हाथ पर लगी स्याही दिखाती हुई।



देहरा । वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं।



नालागढ़। धारिका का पहला वोट।



हमीरपुर। पानों देवी (78) वोट के बाद।



नालागढ़ । वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं।

## दहेज के लिए महिला से मारपीट का मामला दर्ज

**कमलेश वर्मा, मनाली ।** मनाली के जगतसुख में एक महिला से दहेज के लिए ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जगतसुख की तेजी देवी पत्नी सुनील शर्मा निवासी गांव जगतसुख मनाली जिला कुल्लू ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका पति व अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते हैं। महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में सुशील शर्मा के साथ हुई। अभी उसके तीन बच्चे भी है। उसका पति लगातार उसे दहेज के लिए तंग करता था। (अनंत ज्ञान)

## कार और बाइक में टक्कर, महिला की मौत

**सन्नी पुरी, गगरेट**

थाना गगरेट के तहत मवा कहोलां में गाय को बचाते हुए कार व बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि महिला के पति समेत दो जख्मी हुए हैं।

मृतक की पहचान वंदना पत्नी विक्रम निवासी ढोलवाह, बस्सी बजीर जिला होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह विक्रम अपनी पत्नी वंदना के साथ बाइक पर सवार होकर दौलतपुर से गगरेट की ओर जा रहा था। मवा कोहलां में अचानक सड़क पर बेसहारा गाय आ गई। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार बेसहारा गाय से टकराने के बाद बाइक से जा टकराई। हादसे में जहां वंदना की मौत हो गई, तो वहीं गाय ने भी कुछ समय बाद दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला का शव भी घटनास्थल से काफी दूर पड़ा था। कार के भी परखच्चे उड़ गए थे। हादसे में घायल बाइक चालक विक्रम व कार चालक रजत निवासी दौलतपुर जख्मी हुए हैं। जिन्हें स्थानीय सामुदायिक केंद्र में दाखिल करवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें ऊना रैफर कर दिया गया। ऊना अस्पताल से विक्रम को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया है।

उधर, हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है। मामले की पुष्टि एसपी राकेश सिंह ने की है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में एक बेसहारा गाय की भी मौत

## मंडी का युवक चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**आर मोहन, सोलन ।** सोलन पुलिस नशा तस्करी करने वाले तस्करों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में 5 जुलाई को जिला की स्पेशल टीम ने गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए सोलन शहर में मौजूद थी तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी होंडा अमेज न्यू कथेड़ में खड़ी है, जिसमें राहुल ठाकुर नाम का युवक सवार है।

जो किसी को चिट्टा सप्लाई करने की फिराक में है। पुलिस ने राहुल ठाकुर को 10 ग्राम से ज्यादा चिट्टे सहित गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

## ईडी की जांच के दायरे में आए खनन कारोबारियों से संबंधों पर जवाब दें सीएम सुक्खू : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में खनन से जुड़े कारोबारियों के यहां हुई छपेमारी में घपले की पुष्टि हुई है, लेकिन इन कारोबारियों की मुख्यमंत्री से नजदीकी की बातें समाने आ रही हैं। मुख्यमंत्री को इस मामले में प्रदेश की जनता को जवाब देना चाहिए कि जांच एजेंसियां जिनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की तैयारी कर रही हैं। उनका मुख्यमंत्री से क्या संबंध है? कांग्रेस सरकार ने विकास के बजाय घोटालों को तरजीह दी है।

जनता के मुद्दे से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। सरकार तानाशाही से विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उपचुनाव जीतने के लिए सरकार ने सत्ता का जितना दुरुपयोग कर सकती थी, वह कर चुकी है। सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता में रोष है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश में भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। घोटालों से प्रदेश की छवि खराब हो रही है, माफिया सक्रिय हैं। कानून व्यस्था ध्वस्त है, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। हाल ही में आयकर और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा हिमाचल प्रदेश के कुछ कारोबारियों पर अनियमितता की जाँच के लिए कार्रवाई की गई।



समाचारों की मानें तो वहां पर भारी धांधली का मामला सामने आया है। ये जांच खनन कारोबारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर, शिकायतों और फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट के आधार पर शुरू की गई है। शुरुआती जांच में ही ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिससे पता चलता है कि ये दोनों सैकड़ों करोड़ के स्कैम में शामिल हैं।

इतने गंभीर मामलों के आरोपी की हिमाचल के मुख्यमंत्री के साथ नजदीकी की बात भी मीडिया के माध्यम से सामने आ रही है। इसके पहले भी अपने चहेतों के लिए नियमों में फेर बदल के आरोप भी उन पर लगते रहे हैं। किसी भी आरोप पर मुख्यमंत्री ने अपनी सफ़ाई नहीं दी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के लिए मित्रों की टोली ही सब कुछ है, वह उन्हीं के हित के लिए काम कर रहे हैं। प्रदेश के लोगों के जनहित के मुद्दे प्राथमिकता में है ही नहीं।

जो सरकार जनहित के मुद्दों से हट जाए उसे सत्ता में रहने का हक नहीं है। यह सरकार बदलनी चाहिए। हम विपक्ष में हैं, हमारा काम है तानाशाह होती सरकार के खिलाफ आवाज उठाना। जनता के हितों के लिए काम न करने वाली सरकार से सवाल पूछना। जनहित के काम करने के लिए सरकार को बाध्य करना। वह हम करते रहेंगे। इस बार प्रदेश के लोग भी घोटाले, भ्रष्टाचार और उसमें मुख्यमंत्री कार्यालय की संबद्धता के बारे में जवाब मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए। जयराम ठाकुर ने राजभवन जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। (अनंत ज्ञान)

**प्रेस कॉन्फ्रेंस**

### सांसद ने कहा-कांग्रेस सरकार ने रोक रखा है मंडी का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट

## कंगना ने मंडी में किया सांसद संवाद केंद्र का शुभारंभ

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र की नवनियुक्त सांसद कंगना रनौत का कहना है कि मंडी शहर का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रोक रखा है। जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो रुके हुए प्रोजेक्ट रफतार पकड़ेंगे। यह बात कंगना ने बुधवार को मंडी में सांसद संवाद केंद्र का विधिवत शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही।

कंगना ने कहा कि मंडी सदर से उन्हें जबरदस्त लीड मिली थी, इसलिए यहां के लोगों की अपेक्षाएं भी ज्यादा हैं, जिन्हें पूरा करना मेरा दायित्व है। इसलिए यहां स्मार्ट सिटी के रूके हुए प्रोजेक्ट को भाजपा की सरकार बनने पर दोबारा शुरू किया जाएगा।

जब कंगना से यह पूछा गया कि कांग्रेस द्वारा स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट को किस प्रकार से रोका गया है तो वह इस पर स्पष्ट जबाव नहीं दे पाई और कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो इस बात का पता चल जाएगा।



कंगना ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में बहुत से काम करने को हैं, लेकिन हमें प्राथमिकताएं तय करके इन कार्यों को पूरा करना है। पहले कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी और कार्य करने की शुरूआत की जाएगी, जब तक वह पूरा नहीं हो जाता तब तक उसे पूरा करवाने के लिए जी-जान से काम किया जाएगा।

उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों से बड़े कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने की गुजारिश भी की और कहा कि लोग इस बारे में उन्हें सुझाव भी दे सकते हैं। कंगना ने कहा कि वह इस क्षेत्र में अभी नई हैं और उन्हें सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की जरूरत है। कंगना ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र के विषयों को संसद में उठाना शुरू कर दिया है।

केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार है इसलिए वह इन विषयों पर मीडिया के साथ अपनी बातों को ज्यादा सांझा नहीं करेगी। मीडिया में बोलने का काम विपक्ष का होता है और उन्हें इसपर कोई आपत्ति भी नहीं है। कंगना ने कहा कि भविष्य में लोगों को खुद पता चल जाएगा कि उन्होंने मंडी की आवाज की संसद में किस तरह से बुलंद किया है।

कंगना ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र में अब उनके तीन कार्यालय हो गए हैं। एक कार्यालय मनाली स्थित निवास पर है जबकि दूसरा सरकाघाट वाले निवास पर है। तीसरा कार्यालय मंडी शहर में खुला है। यदि वे कार्यालय में नहीं मिलती तो लोग यहां तैनात स्टाफ के पास भी अपनी बात लिखित में दे सकते हैं, उसका समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मनाली को आधुनिक कूड़ा संयंत्र केंद्र की जरूरत

**कमलेश वर्मा, मनाली।** मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत कूड़े कचरे के निष्पादन को लेकर गंभीर हुई है। मनाली में लगे कूड़ा संयंत्र केंद्र बारे उन्होंने कहा कि यह मात्र डंपिंग साइट है।

यहां लगातार कूड़े के पहाड़ बनते जा रहे हैं। यही हाल रहा तो इससे बीमारियां फैलेगी और इस क्षेत्र में रहना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मनाली को आधुनिक कूड़ा संयंत्र केंद्र की जरूरत है। गौर रहे कि इन दिनों चर्चा में चल रहा मनाली का कूड़ा सयंत्र केंद्र सांसद कंगना के अपने गृह पंचायत के साथ सट्टा हुआ है। यहां समस्त कुल्लू सहित लाहौल से भी कूड़ा कचरा आ रहा है, जिससे कूड़े के पहाड़ खड़े हो गए हैं। कंगना रनौत ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है।

## नड्डा के निजी सचिव होंगे आईएएस आशुतोष गर्ग

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के आईएएस अधिकारी आशुतोष गर्ग को केंद्र में बड़ा जिम्मा मिला है। उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक विभाग की ओर से मंगलवार देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी हुई है।



इस पद उनकी नियुक्ति अगले पांच वर्ष के लिए की गई है। आशुतोष गर्ग हिमाचल कैडर के 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह हिमाचल सरकार में विशेष सचिव कार्मिक एवं वित्त विभाग के पद पर तैनात हैं। वह कुल्लू के उपायुक्त भी रह चुके हैं। आशुतोष गर्ग हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला के मूल निवासी हैं, जो केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का पड़ोसी जिला है।

आशुतोष गर्ग की स्कूल स्तर की पढ़ाई हमीरपुर से हुई। इसके बाद उन्होंने बीटैक की डिग्री हासिल की। 2013 में उनका चयन आईपीएस में हुआ था, अगले वर्ष 2014 में वो आईएएस में चयनित हुए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पारस स्कूल में मंत्रोच्चारण के साथ हुआ शांति हवन



**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में शांति हवन का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच, उनकी प ी सरोज कटोच पुत्र जिमी कटोच, पुत्रवधू विजेता कटोच, पोती रिया कटोच और विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम राणा ने विशेष रूप से हवन में भाग लिया। शांति हवन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। सभी अध्यापकों ने बच्चों के साथ हवन में आहुतियां डालीं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक राणा, प्रबंध समिति के सदस्य व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे। शांति हवन के द्वारा समस्त मानव जाति का कल्याण एवं सुख-शांति की कामना की गई। इस उपलक्ष्य पर बच्चों को प्रसाद व मिष्ठान वितरित किए गए और पूरे स्टाफ के लिए कांगड़ी धाम का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### गायन में राहुल, सोलो डांस में वर्षा रही प्रथम



**सालबिया शर्मा, गरली।** हिम जागृति मंच द्वारा ग्रैंड फिनाले बिग टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। इसमें ओपनिंग सेरेमनी के चीफ गेस्ट दीवा कंपनी के मालिक अंकुश ब्रजाता और समापन पर मुख्यातिथि वाइस प्रेसिडेंट स्टेट बार काउंसिल एडवोकेट रोहित कुमार शर्मा रहे। बिग टैलेंट हिमाचल सीजन 3 में सिंगिंग कैटेगरी में राहुल प्रथम रहे, जबकि दूसरा स्थान रितिक शर्मा ने प्राप्त किया है । दीक्षा तीसरे स्थान पर रही हैं। जूनियर में सार्थक चौहान प्रथम, शुभम शौर्य द्वितीय, लाव्या शर्मा तृतीय रहे। किड्स में महक शर्मा प्रथम, शुभ कीर्ति राणा सेकंड और हर्षित तीसरे स्थान पर रहे। डांस कैटेगरी में ग्रुप डांस में डीएमएक्स क्रू प्रथम और स्ट्रीट स्टेप सेकंड रहा है, जबकि सोलो डांस में वर्षा प्रथम, अनुकृति सेकंड और महक थर्ड रही। वहीं, सोलो जूनियर में जतिन प्रथम, साहिबा द्वितीय एवं महक तृतीय रही। ग्रूमर ऑफ द शो अमनदीप शर्मा रहे। साथ ही हिम जागृति मंच की पूरी टीम ने अपना पूरा सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

### पठानकोट के भगत सिंह चौक पर चलीं गोलियां

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के शहीद भगत सिंह चौक ढांगू रोड पर बुधवार दोपहर बाद आपसी रंजिश के चलते गोलियां चलने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर डीएसपी सुमेर सिंह मान टीम के साथ पहुंचे। पत्रकारों से बात करते हुए डीएसपी शहरी ने कहा कि मौके पर लगभग 3 गोली के खोल बरामद कर लिए गए हैं। उन्हांने बताया कि फिलहाल पहली नजर में मामला आपसी रंजिश के चलते गोलियां चलने का सामना आ रहा है, जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग संलिप्त हैं। उन्हांने बताया कि पुलिस की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)



# किसी के साथ भी शेयर न करें अपने बैंक अकाउंट की जानकारी

## कांगड़ा प्रशासन ने खोली में साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किए लोग

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

उपमंडल कांगड़ा के अंतर्गत खोली पंचायत में बुधवार को एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डिजिटल आईटी लिटरेसी शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर के आयोजन का उद्देश्य लोगों को सोशल मीडिया के माध्यमों से ठगी का शिकार होने से बचाना है।





खोली पंचायत में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करते अधिकारी।

एसडीएम कांगड़ा ने इस जागरूकता शिविर में लोगों को बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया के माध्यमों से लोगों को ठगने की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और इसका सबसे प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव है। उन्होंने कहा इस ठगी से बचने का एकमात्र उपाय अपने आप को जागरूक करना है। उन्होंने लोगों को बताया कि कभी भी अपने पर्सनल अकाउंट बारे जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें।

एसडीएम कांगड़ा के अतिरिक्त इस जागरूकता शिविर में लीड बैंक अधिकारी तिलक राज डोगरा, साइबर सेल से विशाल, सुधीर और एमसीएम

### कहा, सोशल मीडिया पर अनेक माध्यमों से लोगों से ठगी कर रहे शातिर

डीएवी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित कुमार ने लोगों को साइबर क्राइम से बचने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने लोगों को बताया कि किस प्रकार आज सोशल मीडिया पर अनेक माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, जिसमें लोगों को लॉटरी निकलने का लालच देकर, आईडी को हैक करके मैसेज के द्वारा जैसे अनेक माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# निर्धन परिवारों की सहायता के लिए आठ प्रस्ताव पारित



जन कल्याण संस्था तलवाड़ की मासिक बैठक में भाग लेने पहुंचे सदस्य।

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव**

### जन कल्याण संस्था तलवाड़ ने की बैठक

जन कल्याण संस्था तलवाड़ की मासिक बैठक बजरंगबली मंदिर तलवाड़ में संस्था के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर संस्था के सदस्य की और से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक सहायता दिए जाने हेतु आठ आवेदन आए। इन आठ आवेदनों में तीन गरीब परिवारों के लड़कियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता व पांच अति निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता दिए जाने हेतु आवेदन थे। संस्था के सदस्यों द्वारा इन आठ आवेदनों पर विचार-विमर्श करके सर्वसम्मति इन सभी को आर्थिक सहायता दिए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष त्रिलोक चौधरी सचिव जगन्नाथ डोगरा चौधरी के अतिरिक्त कांशीराम, ठाकुर प्यार चंद, करतार चंद जडवाल, कर्म चंद कश्यप, सीताराम ठाकुर, नानक चंद कटोच, जयमल सिंह राणा, सतीश जडवाल, चंद्रभान जडवाल, शक्ति चंद चौधरी, वकील सिंह चौधरी, मोहन सिंह, रूपलाल धीमान, किशोरी लाल धीमान, अशोक शर्मा, वकील सिंह, सुमन चौधरी, कुलदीप कटोच आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# मकान में आईं दरारें, गरीब परिवार तंबू में रहने को मजबूर

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत सपड्डुल के गांव जमनखोला वार्ड नंबर दो में सागरो पुत्र भगत राम का मकान पिछले काफी समय से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उसमें काफी दरारें आ गई हैं। फिलहाल वह उस घर में न रहकर घर के पीछे एक तंबू बनाकर रह रहा है। उसका कहना है कि बरसात में कभी भी उसका मकान पूरी तरह गिर सकता है। उसने सरकार से अनुरोध किया है कि उसका मकान शीघ्र अति शीघ्र बनवाया जाए।

पंचायत वार्ड सदस्य शीला देवी भी इस कार्य के लिए तत्पर हैं। ग्राम पंचायत सपड्डुल के प्रधान जोबन गुलेरिया से इस बारे पूछने पर पता चला कि सागरो पुत्र भगत राम का काफी समय पहले से ही नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी इसके मकान का पैसा आता है प्राथमिकता के आधार पर इसका मकान जल्द से जल्द बना दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



क्षतिग्रस्त मकान को दिखाता मालिक।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बैजनाथ पपरोला का करूंगी समान विकास : आशा

## नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जनता का जताया आभार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा भाटिया ने कहा कि वह अपने वार्ड के मतदाताओं सहित बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के सभी पार्षदों का आभार और धन्यवाद करती हैं, जिन्होंने उन्हें चुना। उन्होंने कहा कि वह बाबा बैजनाथ को भी नमन करती हैं, जिन के आशीर्वाद के बिना वह यह चुनाव नहीं जीत पाती।

उन्होंने कहा कि उनकी जीत वास्तव में सच्चाई की जीत है। वह शुरू से ही कांग्रेस विचारधारा से जुड़ी रही हैं, किंतु बैजनाथ के विधायक सहित ब्लॉक कांग्रेस बैजनाथ का कोई सहयोग उन्हें नहीं मिला, बल्कि भाजपा से संबंध रखने वाली प्रत्याशी का खुला समर्थन किया गया। लेकिन मैं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूरी बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत का एक समान विकास करवाने के लिए निरंतर प्रयास करूंगी। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के लिए अब कोई स्थान नहीं होगा और पूर्व में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करके दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की संस्तुति नगर पंचायत द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके बारे में बैजनाथ के विधायक द्वारा झूठा दुष्प्रचार किया जा रहा है कि वह किसी अन्य दल में शामिल हो रही हैं, जो बिलकुल झूठ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह चुनाव निर्दलीय के रूप में जीता है और वह अपने कार्यकाल में आजाद ही रहेंगी। वैसे भी इस चुनाव में उन्होंने मेरे नाम को कांग्रेस की तरफ से नहीं रखा और मुझे दलीय राजनीति से मुक्त कर दिया जिसके लिए मैं उनकी धन्यवादी हूं। उन्होंने कहा कि मैं यह भी आशा करती हूं कि स्थानीय विधायक बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए पूरा सहयोग देंगे। (अनंत ज्ञान)

### हैप्पी बर्थडे



हमीरपुर जिले के सुरेश कौंडल को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# सिने जगत



## शूटिंग के दौरान घायल हुईं उर्वशी, अस्पताल में भर्ती

**एक्ट्रेस** उर्वशी रौतेला को हैदराबाद में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान गंभीर चोट लग गई है। उनके हाथ में जबरदस्त फ्रैक्चर हुआ है जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उर्वशी रौतेला हैदराबाद में नंदामुरी बालकृष्ण की अपकमिंग तेलुगू फिल्म 'एनबीके 109' की शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान उन्हें गंभीर चोट लग गई है। एक्ट्रेस की टीम की तरफ से बताया गया है कि इस समय चोट लगने की वजह से वो काफी परेशान हैं। फिलहाल अस्पताल में उनका ट्रीटमेंट चल रहा है। वह पूरी तरह से ठीक होते ही दोबारा शूटिंग शुरू करेंगी। बता दें कि यह फिल्म तेलुगू सुपरस्टार नंदमुरी बालाकृष्ण की 109वीं फिल्म है। इसलिए फिल्म का अभी अस्थाई शीर्षक 'एनबीके 109' रखा गया है। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2023 से शुरू हुई थी। इसमें बॉबी देओल, प्रकाश राज और दुलकर सलमान भी हैं। वहीं, नंदमुरी बालाकृष्ण लीड रोल में हैं। इस फिल्म को बॉबी कोल्ली डायरेक्ट कर रहे हैं।

## अक्षय की फिल्म 'सरफिरा' की स्क्रीनिंग पर पत्नी के साथ दिखे सुपरस्टार सूर्या



**अक्षय** कुमार की फिल्म 'सरफिरा' की स्क्रीनिंग के दौरान साउथ सिनेमा के सुपर स्टार सूर्या पत्नी ज्योतिका के साथ पहुंचे। दोनों इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। यह तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरू' का आधिकारिक रीमेक है, जिसमें सूर्या ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन सुधा कोंगरा ने किया है। मूल फिल्म भी उन्होंने ही डायरेक्ट की थी। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान सूर्या को मैचिंग ट्राउजर के साथ ब्लैक शर्ट में देखा गया। ज्योतिका नीले रंग के ब्लेजर में काफी स्टाइलिश लग रही थीं। वहीं, अक्षय कुमार ब्लैक शर्ट और ग्रे जींस में काफी हैंडसम लग रहे थे। एक्ट्रेस राधिका मदान साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही थीं। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह अक्षय कुमार की 150वीं फिल्म है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार को आखिरी बार 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा गया था। इन दिनों वह 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग कर रहे हैं।



## न्यूयॉर्क में बेटी के साथ कुछ इस अंदाज में नजर आए 'किंग खान'

बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर शाहरुख खान अपनी एक्टिंग से दुनियाभर के फैंस के दिल पर राज करते हैं। शाहरुख खान के तमाम चाहने वाले फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं, शाहरुख खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ का बैलेंस बनाकर चलते हैं। शाहरुख खान अक्सर अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिताते नजर आते हैं और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचती हैं। अब शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के साथ की तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर को शाहरुख खान के फैन क्लब ने ट्विटर पर शेयर की है और इसके साथ ही बताया है कि किंग खान अपनी बेटी के साथ न्यूयॉर्क के एक कैफे में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी के साथ क्वालिटी टाइम बिताते नजर आए हैं।

## प्रभास की 'सलार' ने तोड़ा शाहरुख-आमिर खान का रिकॉर्ड

**प्रभास** इस वक्त फुल ऑन डिमांड में हैं. हाल ही में उनकी 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई है, जिसे दुनियाभर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि, 7 महीने पहले आई उनकी सलार ने इस देश में बड़ा कारनामा कर दिया है। साथ ही शाहरुख खान और आमिर की फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। बीते साल रिलीज हुई इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। 5 जुलाई को यह एक्शन पैक्ड थ्रिलर फिल्म 'सलार' जापान में रिलीज हुई थी। फिल्म ने जापानी येन में 18.22 मिलियन की कमाई की। इसी के साथ 'सलार' ने जापान में बतौर भारतीय फिल्म तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग हासिल की है। सोमवार और मंगलवार को फिल्म ने जापानी येन में 5 मिलियन का कारोबार किया, जिससे पहले कुछ दिनों के अंदर ही फिल्म की कुल कमाई जापानी येन में 23 मिलियन हो गई थी। ऐसी उम्मीद लगाई गई है कि फिल्म अभी और तगड़ी कमाई करेगी। प्रभास की फिल्म 'सलार' का बजट 250 करोड़ रुपये था। यह फिल्म दुनियाभर में अब तक 617 करोड़ रुपए कमा चुकी है।



## 50 की उम्र में मलाइका अरोड़ा ने ढाया कहर ऑफ-शोल्डर गाउन में दिखीं बेहद स्टनिंग





**मलाइका** अरोड़ा अपने शानदार फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। उनकी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं और उनके फैन्स को उनके अंदाज भी काफी पसंद आते हैं। एक फिर मलाइका अरोड़ा की कुछ स्टनिंग तस्वीरें सामने आई हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में नई दिल्ली के शांगरी-ला होटल में एस्टेटिका इंडिया हेयर मैगजीन के इशू के लॉन्चिंग इवेंट में शामिल हुई थीं। इस मौके पर 50 साल की मलाइका अरोड़ा ने सिल्वर शिमरिंग ऑफ-द-शोल्डर गाउन पहना हुआ था, जिसमें वे काफी स्टनिंग लग रही थीं। अर्चना कोचर के इस खूबसूरत गाउन में मलाइका अरोड़ा के शेप को और निखार रहा है। बॉडी हगिंग डिजाइन वाली इस ड्रेस में हाई स्लिट भी थी, जो मलाइका की खूबसूरती में चार चांद लगा रही थी। अगर मलाइका अरोड़ा की अन्य एक्सेसरीज की बात करें तो मलाइका अरोड़ा ने अपने लुक को और स्टनिंग बनाने के लिए प्यारेलाल जगन्नाथ सराफ द्वारा बनाया गया डायमंड नेकलेस और झूमर स्टाइल के एअरिंग पहने थे। उन्होंने अपने दाएं हाथ में कॉकटेल डायमंड रिंग पहनी थी और उनकी कलाई में डायमंड ब्रेसलेट भी नज़र आ रहा था। मलाइका अरोड़ा ने अपने बालों को स्लीक और स्ट्रैट रखा था। उन्हें हेयरस्टाइल मेघना भूटानी ने दी थी। मलाइका के मेकअप की बात करें तो इसमें ग्लास स्किन साइन, उभरे हुए चीकबोन्स, डिफाइंड आइब्रो, काजल और ब्राउन टोन न्यूड लिपस्टिक शामिल है।

# देहरा उपचुनाव में 65.42 प्रतिशत मतदान

## कुल 55408 वोटर्स ने डाले वोट, 26256 पुरुष और 29152 महिला मतदाताओं ने किया मतदान

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/देहरा**

हिमाचल प्रदेश के देहरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ तथा शाम छह तक जारी रहा। दोपहर एक बजे तक जिला कांगड़ा के तहत आने वाले देहरा विधानसभा क्षेत्र में 46.47 प्रतिशत, 3 बजे तक 55.30 प्रतिशत, 5 बजे तक 63.89 मतदान तथा 6 बजे तक 65.42 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें 26256 पुरुष तथा 29152 महिला मतदाताओं सहित कुल 55408 मतदाता शामिल हैं। मसोट मतदान केंद्र में सर्वाधिक 80.46 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं लुदरेट पोलिंग बूथ में सबसे कम 49.39 प्रतिशत वोटिंग हुई। देहरा में 100 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें कांग्रेस से कमलेश ठाकुर और बीजेपी से होशियार सिंह के बीच मुख्य मुकाबला है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सुलेखा देवी, अंकेश सायल और एडवोकेट संजय शर्मा भी चुनावी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर के चुनाव मैदान में होने से यह सीट हॉट सीट बन गई है और प्रदेशभर के लोगों की निगाहें इस सीट पर टिकी हैं।


मतदान करने के लिए लाइन में खड़े मतदाता।

### इस बार भी महिलाएं आगे



**एसडीएम** देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि उपचुनाव में इस बार भी महिलाओं ने अधिक संख्या में मतदान करते हुए 68 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया। वहीं लगभग 62 प्रतिशत पुरुषों ने देहरा में अपने मताधिकार का उपयोग किया। पुरुषों से अधिक संख्या में मतदान कर महिलाओं ने एक बार फिर साबित किया कि वे घर-परिवार के साथ-साथ राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी आगे हैं। उन्होंने इस शानदार वोटिंग के लिए तमाम नारी शक्ति को बधाई दी है।

### गर्मी भी नहीं रोक सकी मतदाताओं का उत्साह



**शुभम शर्मा, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र मे वोट के अधिकार से अपनी पंसद का प्रत्याशी चुनने के लिए मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर आयु वर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। लोगों में वोट डालने का खूब उत्साह दिखा। इस दौरान बुजुर्गों, महिलाओं की मतदान करने में खूब भागीदारी रही। इस दौरान कई गांवों में क्षेत्र की बदहाली पर उपचुनाव का बहिष्कार किया गया। अफसरों के समझाने पर मतदान शुरू किया जा सका। (अनंत ज्ञान)


करियाड़ा में मतदान के लिए लाइन में खड़े पुरुष मतदाता।

### करियाड़ा पोलिंग बूथ पर लगी वोटर्स की लंबी कतार

**सालबिया शर्मा, गरली ।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव निचला करियाड़ा पोलिंग बूथ पर पहली बार विधानसभा चुनावों को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सुबह करीब साढ़े 6 बजे से ही यहां मतदाताओं की लाइने लगनी शुरू हो गई थीं। गर्मी की कोई परवाह किए बगैर पोलिंग बूथ पर धीरे-धीरे मतदाओं की संख्या बढ़ने लगी और लाइन स्कूल के मेन गेट तक जा पहुंच गई। लोगों को काफी समय लाइन में खड़े होकर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## हार मिटां पोलिंग बूथ पर 45 मिनट तक खराब रही ईवीएम

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हार मिटां (नैहरनपुखर) पोलिंग बूथ पर सुबह से ठीक चल रही ईवीएम में दोपहर करीब एक बजे अचानक तकनीकी खराबी आ गई। मशीन खराब होने से मतदाताओं को करीब 45 मिनट तक वोट डालने के लिए इंतजार करना पड़ा। इसके चलते वोट डालने वालों की कतार काफी लंबी हो गई। करीब 45 मिनट के बाद उपरोक्त मशीन को ठीक कर वोटिंग दोबारा शुरू करवाई गई। यहां शाम छह बजे तक मतदाता वोट डालने के लिए लाइनों में खड़े रहे। (अनंत ज्ञान)


हार मिटां (नैहरनपुखर) पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब होने के कारण लगी लंबी लाइन।

## देवभूमि एल्युमनी एसोसिएशन के नाम से पूर्व छात्र संगठन पंजीकृत

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में देवभूमि एल्युमनी एसोसिएशन नाम से पूर्व छात्र संगठन का गठन कि या गया और इस संगठन का पंजीकरण हिमाचल प्रदेश सहकारी सिमिति पंजीकरण अधिनियम 2006 के तहत किया गया। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय से उपाधि प्राप्त कर चुके छात्र छात्राओं को एकत्रित करके उनकी उपलब्धियां का अकलन एवं मूल्यांकन करके शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके साथ साथ छात्र अपना बहुमूल्य योगदान महाविद्यालय के उत्थान के लिए कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने बताया कि देवभूमि एल्युमनी एसोसिएशन का कार्य पूर्व छात्रों की अपने महाविद्यालय के प्रति नैतिक जिम्मेदारी तय करना है, ताकि वे अपने अनुभवों को साझा कर सकें और अपनी उपलब्धि से वर्तमान छात्रों को प्रेरित कर सकें।

प्राचार्य ने कॉलेज के पूर्व छात्रों से आग्रह किया है कि वे अपना पंजीकरण करवा कर वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## श्री अमरनाथ लंगर कमेटी ने शिव भक्तों को बांटा प्रसाद

### दिल्ली के रहने वाले शिव भक्त रम्मी करीब 14 वर्षों से मोटरसाइकिल से कर रहे यात्रा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री अमरनाथ यात्रा के 12वें दिन बुधवार को श्री अमरनाथ लंगर कमेटी की ओर से सैली रोड पठानकोट पर लंगर का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। शिव भक्त रम्मी, जो कि दिल्ली के निवासी हैं, बुधवार को पठानकोट पहुंचे। संस्था के चेयरमैन सतीश महाजन व प्रधान राकेश सूरी ने बताया कि करीब 14 वर्षों से शिव भक्त रम्मी मोटरसाइकिल यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली से यात्रा शुरू कर रम्मी मणिकर्ण साहिब, पठानकोट, अमरनाथ, माता वैष्णो देवी, बाबा बालक नाथ से होते हुए वापस दिल्ली पहुंचते हैं। पठानकोट पहुंचने पर श्री अमरनाथ लंगर कमेटी की ओर से शिव भक्त रम्मी को सतीश महाजन की तरफ से सिरोपा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


शिव भक्त रम्मी को सिरोपा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते कमेटी के अध्यक्ष।

उन्होंने बताया कि यह सेवा हमारी लगातार चलती रहेगी अगर कोई लंगर स्थान पर आ जाता तो उसको भी प्रसाद वितरित किया जाता है। श्री अमरनाथ लंगर कमेटी का प्रयास रहेगा कि इसी तरह हम लंगर विपरीत करते रहें और आने वाले भोले बाबा के भक्तों की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर बलजीत सिंह, आशा रानी, पुनम यादव, आदि उपस्थित थे। अध्यक्ष ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सेवा कर कमेटी के लोग खुद को भाग्यशाली समझते हैं। कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि यात्रा जारी रहने तक लंगर जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## भलेटा की विधवा त्रिशला देवी दो बेटों के साथ टूटी-फूटी रसोई में रहने को मजबूर

### रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा ने दिए 25 हजार, और मदद का भरोसा भी दिया

**संजीव महाजन, नूरपुर**

विधानसभा नूरपुर पंचायत भलेटा के वार्ड -1 निवासी विधवा त्रिशला देवी अपने दो बेटों के साथ एक छोटे से टूटे-फूटे रसोई घर में रहने को मजबूर है। त्रिशला देवी का एक बेटा पूरी तरह से मानसिक रूप से अपंग है तथा दूसरा बेटा भी साधारण है। रोते-रोते अपना दुखड़ा सुनाते हुए त्रिशला देवी ने बताया कि उसने सरकार व प्रशासन द्वारा सहायता के लिए सबके दरवाजे खटखटाए मगर कहीं से उन्हें सहायता प्राप्त नहीं हुई। वहीं, पिछले लगभग तीन वर्षों से नूरपुर क्षेत्र में आम जनता की सेवा में जी जान से जुटी हुई रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा एक बार फिर त्रिशला देवी की सहायता के लिए आगे आई है। सभा अध्यक्ष अखिल बख्शी ने बताया कि महिला बरसाती मौसम से डर कर हमारे पास सहायता के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा तुरंत प्रभाव से महिला की सहायता हेतु 25,000 हजार रुपए का चेक दिया गया है तथा इस परिवार की हर संभव मदद का भी भरोसा दिया गया है। सभा अध्यक्ष ने कहा कि पक्का घर बनाने का वादा कर विधायक द्वारा इस गरीब परिवार की सहायता के लिए मात्र 40 बैग सीमेंट के साथ 4 क्विंटल सरिया दिया गया है। उन्होंने जनता से अपील त्रिशला देवी की सहायता करने की अपील की। (अनंत ज्ञान)



## जमीनी विवाद में महिला से मारपीट बचाने आए लोगों पर भी हमला

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत बडुखर के रियाली गांव में एक महिला से मारपीट कर उसे जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट का शिकार हुई विधवा महिला ने इस मामले मे गांव के ही दो व्यक्तियों पर उनकी मलकियति भूमि में जबरदस्ती आकर ट्रैक्टर से हल चलाकर बीजाई करने के आरोप लगाए हैं। वहीं महिला को बचाने आए लोगों पर भी ट्रैक्टर चालकों ने तेजदार हथियारों व डंडों से मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना इंदौरा के प्रभारी आशीष पठानिया ने बताया कि पुलिस को सिविल अस्पताल इंदौरा से सूचना मिली कि कु लोग घायलावस्था में अस्पताल पहुंचे हैं। जिस पर पुलिस टीम को मौका पर भेजा गया। 50 वर्षीय विधवा सुषमा देवी पत्नी स्व. शांता कुमार, निवासी गांव बडुखर को बाजू, सिर व कान पर गहरी चोटें आई हैं। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि महिला के बयानों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी घायलों का मेडिकल करवाया गया है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### आरोपी पत्रकार 3 दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला में दो निजी स्कूलों के संचालकों से जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने इन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसपी विजिलेंस बलवीर ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है।

## भारत विकास परिषद ने स्थापना दिवस पर नगरोटा में बांटा हलवा

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** भारत विकास परिषद नगरोटा बगवां इकाई ने भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर अपने ध्येय वाक्य 'संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण' को सार्थक करते हुए पंचशील अस्पताल के समीप शिव मंदिर के समक्ष हलवा बांटा। संस्था के संपर्क प्रमुख अशोक गौतम ने बताया कि संस्था के सभी समर्पित साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा पौड़ साहिब के मुख्य ग्रंथी भीम सिंह भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे और अपना सहयोग और सेवा दी। (अनंत ज्ञान)



**रक्तदान** स्थापना दिवस पर भारत विकास परिषद भवारना ने लगाया शिविर

## भवारना में 35 लोगों ने किया रक्तदान

**राकेश डोगरा, डरोह**

सेवा और संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद ने 10 जुलाई को अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भवारना शाखा ने सिविल अस्पताल भवारना में रक्त दान शिविर आयोजित किया। इसका आयोजन बीएमओ डॉ. नवीन राणा, पालमपुर ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. अनिल मिन्हास तथा अनुभवी पैरामेडिकल स्टाफ की देखरेख में किया गया। इस मौके पर 35 रक्तदान वीरों ने रक्तदान किया। शिविर के आरंभ में दीप प्रज्वलन एवं बंदेमातरम् का गायन किया गया। शाखा सचिव डॉ. रिपन सूद ने मेडिकल स्टाफ और रक्त दानवीरों का स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)


भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर लगाए गए रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट करते रक्तदानी

## वोटिंग का क्रेज


देहरा में हुए उपचुनाव में अंचला शर्मा निवासी देहरा ने पहली बार वोट डाला।


देहरा के गांव बाड़ी निवासी ज्योति ने पहली बार किया मतदान।


मानवी वालिया निवासी देहरा ने पहली बार किया मत का उपयोग।


देहरा के राजगढ़ की शिवानी ने देहरा उपचुनाव में पहली बार डाला वोट।


ग्राम पंचायत लुधरेट के प्रेम शर्मा ने पहली बार किया मतदान



देहरा के रहने वाल शाश्वत ने पहली बार डाला वोट।


82 वर्षीय सुरक्षा शर्मा निवासी देहरा वार्ड-2 ने किया अपने मत का उपयोग।


देहरा उपचुनाव में 65 वर्षीय अभिलाषा देवी निवासी देहरा ने डाला वोट।


73 वर्षीय धर्म चंद निवासी अमरपुरी वोट डालने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाते हुए।


देहरा वार्ड नंबर 2 में 75 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता अतुल कुमार ने किया मतदान।


वोट करने के बाद एक बुजुर्ग मतदाता।


भारतीय जनता पार्टी का एक कार्यकर्ता।


37 भाटी-1 बूथ पर कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा मतदान करने के बाद।


देहरा विधानसभा उपचुनाव के दौरान एक बूथ पर विजयी निशाने दिखाते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

# हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव : मतदाताओं में नहीं दिखा उत्साह

## सुबह के समय बहुत कम दिखी मतदाताओं की भीड़, हमीरपुर में 66.07 प्रतिशत हुआ मतदान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**बुजुर्ग महिलाओं ने दिखाया उत्साह, पहली बार वोट डालने पहुंचे कई युवा**

लोकसभा आम चुनाव के बाद घोषित हुए विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह नहीं दिखा, हालांकि मौसम भी साफ रहा, लेकिन लोग बहुत कम अपने घरों से निकले और बूथों तक वोट डालने के लिए पहुंचे। बात करें लोकसभा आम चुनावों की तो हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 70.54 रहा था।

विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर में बुधवार को हुए विधानसभा उपचुनाव में मतदान 66.7 प्रतिशत रहा।

इससे पहले सुबह 7 बजे मतदान आरंभ होते ही अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी लाइनें देखने को मिलीं। 9 बजे तक 15.71 प्रतिशत, 11 बजे तक 31.81 प्रतिशत और दोपहर एक बजे तक 47.05 प्रतिशत मतदान हो चुका था। 3 बजे तक मतदान का आंकड़ा 56.96 प्रतिशत तक पहुंच गया और शाम 5 बजे तक 65.78 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे।

उपचुनाव में शहीद कै. मृदुल शर्मा मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में बनाए गए बूथ को बड़ी अच्छी तरह से सजाया गया था। मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। यहां तक कि पांच बूथ पर महिला अधिकारी ही तैनात किए गए थे। जिसमें महिला अधिकारियों ने अपनी ड्यूटी निभाई और मतदान करवाया। (अनंत ज्ञान)


भगोट गांव की 80 वर्षीय प्रेमी देवी अपने परिजनों के साथ मतदान करने जाती हुई।


उखली में मतदान करने के लिए लगी पुरुषों और महिलाओं की भीड़।


सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार पत्नी संग मतदान करने के बाद बाहर आते हुए।



सनेड गांव में पहली बार मतदान करने जाती युवतियां।


गौटा में पहली बार मतदान करने वाला युवा अपनी खुशी जाहिर करता हुआ।


भगोट गांव की सोनिका पहली बार वोट डालने के बाद अपनी खुशी प्रकट करती हुई।


भगोट गांव की 90 वर्षीय लक्ष्मी देवी परिजनों के साथ मतदान करने जाती हुई।


गौटा बूथ में 82 वर्ष की उम्र में भी फूलां देवी ने खुद चलकर किया मतदान।


पांडवीं में मतदान करने के लिए लगी पुरुषों की लाइन।



शहीद कै. मृदुल शर्मा बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला मतदान केंद्र बनाया गया था इस मतदान केंद्र में महिलाओं ने मतदान करवाया। मतदान केंद्र में तैनात महिला कर्मचारी मतदान करवाती हुईं।



71 वर्षीय बृज लाल अपनी पत्नी के साथ मतदान करने के बाद चुनाव चिन्ह दिखाते हुए।


82 वर्षीय विमला देवी मतदान करने के बाद अपने परिजनों के साथ आती हुई।

## मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद दोनों प्रत्याशियों ने डाला वोट

**कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा ने मटाहणी में तो भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने बोहनी बूथ पर डाला वोट**

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव हमीरपुर में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों ने पूजा अर्चना के साथ दिन की शुरुआत की और अपने अपने बूथों पर जाकर मतदान किया। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा ने मटाहणी बूथ पर 7.30 बजे अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया।

वहीं भाजपा प्रत्याशी ने भी गसोता महादेव मंदिर में शीश नवाने के बाद बूथों पर जाकर दौरा किया। उसके बाद 8.45 पर बोहनी बूथ पर अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद नामांकन पत्र दाखिल किया और चुनाव प्रचार में जुट गए। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जमकर चुनाव प्रचार किया। जिसमें क्षेत्र के विकास और अन्य मुददों को लेकर दोनों एक दूसरे पर कई आरोप प्रत्यारोप भी लगाए। वहीं इस चुनाव प्रचार में प्रदेश सरकार के मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने भी कई जनसभाएं की। जिससे मतदाता उनके पक्ष में मतदान करें। हालांकि इस बार दोनों प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार करने के लिए पर्याप्त समय मिला जिसके तहत हमीरपुर विधानसभा के विभिन्न गांवों में दोनों प्रत्याशियों ने अपने अपने वादे व विकास को लेकर लोगों से वोट मांगें। दोनों प्रत्याशी अपने समर्थकों सहित मतदान करने के बाद बूथों का दौरा करते रहे। (अनंत ज्ञान)

## आशीष शर्मा और डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मीडिया से हुए रू-ब-रू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में दोपहर एक बजे तक 35 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि सुबह के समय कम ही लोग अपने घरों से मतदान करने के लिए आए, लेकिन दोपहर को लोगों ने मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

वहीं सुबह के समय बोहणी स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने अपने परिवार संग मतदान किया है तो मटाहनी बूथ पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया है। दोनों ही प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया और लोगों से मतदान करने के लिए अपनी की है।


आशीष शर्मा


डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

मतदान करने के बाद आशीष शर्मा ने कहा कि आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग है और लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। शर्मा ने कहा कि प्रचार इस बार चुनावों में बहुत ही अलग था और विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं था, सिर्फ दुष्प्रचार करने के लिए लगे रहे। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को साफ हो जाएगा कि जनता ने किसको चुना है।

उधर, मतदान करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि जनता से यही अपील करना चाहता हूं कि लोग स्वच्छ लोकतंत्र की नींव रखने के लिए घरों से बाहर निकलें और जमकर मतदान करें। वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा शराब और पैसा बांटा जा रहा है और इसलिए इस चुनाव में ऐसे लोगों से छुटकारा पाने का समय आ गया है। जनता अब समझ चुकी है और 15 महीने बाद ही उपचुनाव आ गए है, क्योंकि निर्दलीय अभी तक यह भी नहीं बता पाया है कि इस्तीफा क्यों दिया था।वहीं मतदान करने के बाद लोगों ने भी अपने मन की बात साझा करते हुए कहा है कि इस बार लोगों ने विकास करवाने वाले प्रत्याशी को वोट दिया है। (अनंत ज्ञान)

## मझियार में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन उपमंडल की मझियार पंचायत में एक 23 वर्षीय युवक ने गले में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली है। जिसे लेकर क्षेत्र में विभिन्न चर्चाएं चर्चित हैं। मिली जानकारी के अनुसार मझियार पंचायत के बंटेरा गांव के युवक रितिक कुमार पुत्र राजेश कुमार ने रात करीब 10 बजे अपने घर से बाहर गले में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली है। खबर मिलते ही पुलिस ने मौका पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## नीरज ने संभाला संस्कृत के सहायकाचार्य का कार्यभार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** श्रीविश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह के पूर्व छात्र नीरज कुमार ने विश्वेश्वरानंद विश्वबंधु शोध संस्थान होशियारपुर कॉलेज में संस्कृत के सहायकाचार्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। नीरज राजकीय उच्च पाठशाला फगोटी में टीजीटी के पद पर 2018 कार्यरत थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता शिक्षकों को दिया। (अनंत ज्ञान)



## नादौन की मॉडल पीएचसी सेरा को मिला कायाकल्प अवार्ड

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन उपमंडल की मॉडल पीएचसी सेरा ने जिला हमीरपुर में पहला स्थान प्राप्त कर नादौन ब्लॉक का नाम रोशन किया है। आदर्श पीएचसी सेरा को वर्ष 2023-24 के लिए कायाकल्प अवार्ड के लिए चुना गया है। जिससे क्षेत्र में खुशी का महौल है। मॉडल पीएसी सेरा को इस अवार्ड के तरह 2 लाख रुपए मिलेगें।



मॉडल पीएचसी सेरा का भवन।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश ने इस अवार्ड के लिए पीएचसी सेरा के स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि समस्त स्टाफ के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पीएचसी सेरा पिछले तीन सालों से लगातार हर वर्ष 50 हजार रुपए ईनाम जीत रही है। इस साल स्टाफ ने और भी बढ़िया कार्य किया है, जिसके लिए जिला में पहला अवार्ड मिला है।

काबिलेगौर है कि पीएचसी सेरा के अंर्तगत उप स्वास्थ्य केंद्र करौर व मंझियार को भी 25-25 हजार रुपए बतौर इनाम मिला है। डॉ. दिनेश ने बताया कि हम प्रयास करेंगे कि जिला स्तरीय कायाकल्प अवार्ड अगामी वर्षों में भी बरकरार रहे। (अनंत ज्ञान)

## तकनीकी विवि में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच आज

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बीटेक, बी फार्मेसी सहित सभी स्नातक (यूजी) स्तर में भूतपूर्व सैनिक, रक्षा व स्वतंत्रता सेनानी और उसके आश्रित कोटे, खेल और पिछड़ा क्षेत्र कोटे के तहत प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 11 जुलाई को होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता प्रो. जयदेव ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने बीटेक, बी-फार्मेसी सहित अन्य यूजी विषयों में प्रवेश के लिए उपरोक्त कोटे के तहत काउंसलिंग फॉर्म भरे हैं, उन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच तकनीकी विवि परिसर में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि उपरोक्त दस्तावेजों की मूल प्रतियां साथ लाएं। जो अभ्यर्थी उपरोक्त कोटे के दस्तावेजों की जांच में नहीं आएगा, उसे उपरोक्त कोटे के तहत काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**समस्या** एंबुलेंस में पीने को पानी तक की सुविधाएं नहीं

## 108 एंबुलेंस में नहीं मिल रही सुविधाएं

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

सूबे में चल रही एंबुलेंस में मूल बहुत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पीने का पानी तक नहीं मिलता है 108 एंबुलेंस में, जी हां, यह हालात है सिविल अस्पताल भोरंज के एंबुलेंस के। हुआ यूं कि करीब 4 दिन पहले गरसाहड़ पंचायत के गांव गरसाहड़ के निवासी रमेश उर्फ रम्मी को अचानक खेत का दौरा करते समय चक्र पड़ गया और खेत में ही अचेत हो कर गिर पड़े।

खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उन्हें देख लिया और उसके घर वालों को सूचित किया। तत्काल रमेश चंद को सिविल अस्पताल भोरंज में ले जाया गया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार देकर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिविल अस्पताल भोरंज से जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया गया। जहां से उन्हें 108 एंबुलेंस में ले जाया गया। गरसाहड़ गांव के बार्ड पंच कृष्ण कुमार और देश राज मरीज रमेश के साथ 108 एंबुलेंस में बैठकर हमीरपुर के लिए गए।




**क्या कहते हैं बीएमओ भोरंज**

**उधर,** बीएमओ भोरंज डॉ. ललित कालिया ने बताया कि मामला ध्यान में आया है, वह स्वयं इसकी गंभीरता से जांच करेंगे और इस पर कार्रवाई की जाएगी।

कृष्ण कुमार ने बताया कि उन्होंने 108 एंबुलेंस के चालक को मोड़ो पर एंबुलेंस को धीरे चलाने को कहा, क्योंकि जब भी चालक मोड़ काटता था तो तेज गति के चलते तीनों एंबुलेंस की सीटों पर से नीचे गिर जाते थे। मगर चालक ने उनकी एक न सुनी तेज गति के चलते मरीज रमेश कुमार उल्टियां मारने लगा। कृष्ण कुमार ने एंबुलेंस में बैठे सहायक से पानी मांगा तो सहायक ने कहा हम गाड़ी में पानी नहीं रखते हैं। इसके सहायक एंबुलेंस के चालक के साथ अगली सीट पर बैठा रहा। कृष्ण ने बताया कि एंबुलेंस के हालात किसी ट्राला जीप से कम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट टीम में चयन के लिए 37 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

महिला वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया रविवार को बनीखेत स्थित पद्धर मैदान में आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया सुबह करीब साढ़े 11 बजे आरंभ हुई। इसमें करीब 37 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला क्रिकेट कमेटी के चेयरपर्सन गीता मेहता व्यवस्थापक गौरव, कन्वीनर शिवाली के अलावा अंतरिक्ष, अशोक ठाकुर, विनय तथा दिनेश ने खिलाड़ियों की प्रतिभा परखी। व्यवस्थापक गौरव ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र, बोनाफाइड हिमाचली तथा आधार कार्ड लेकर आने के लिए कहा गया था जो कि खिलाड़ी लेकर आए थे। क्रिकेट टीम के लिए जिला मुख्यालय चंबा के अलावा बनीखेत व अन्य स्थानों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों में ट्रायल के दौरान काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए जिला क्रिकेट संघ की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिल सके तथा वे अपना भविष्य संवार सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह करते हुए कहा आने वाले विभिन्न वर्ग के ट्रायल में भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें, ताकि उनका चयन जिला चंबा की टीम में हो सके। महिला वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया रविवार को बनीखेत स्थित पद्धर मैदान में आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया सुबह करीब साढ़े 11 बजे आरंभ हुई। इसमें करीब 37 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला क्रिकेट कमेटी के चेयरपर्सन गीता मेहता व्यवस्थापक गौरव, कन्वीनर शिवाली के अलावा अंतरिक्ष, अशोक ठाकुर, विनय तथा दिनेश ने खिलाड़ियों की प्रतिभा परखी। व्यवस्थापक गौरव ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र, बोनाफाइड हिमाचली तथा आधार कार्ड लेकर आने के लिए कहा गया था जो कि खिलाड़ी लेकर आए थे।

# सरकारी सीमेंट धांधली में उपप्रधान गिरफ्तार

**एमएम डैनियल, चंबा**

सरकारी सीमेंट घोटाले का डलहौजी विस क्षेत्र में सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें विजिलेंस विभाग चंबा ने छापामारी कर पंचायत के उपप्रधान सहित उसके पड़ोसी पर मामला दर्ज जहां किया है। वहीं उपप्रधान को विजिलेंस ने हिरासत में ले लिया है।

गौर हो कि डलहौजी विस क्षेत्र अधीन तबेला गांव में सरकारी सीमेंट बेचने और उसे खरीदने के मामले में विजिलेंस विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। इस मामले सबसे बड़ी बात तो यह है इस गैर कानूनी कार्य को कोई और नहीं बल्कि क्षेत्र का उप प्रधान अंजाम दे रहा था। जबकि सरकारी सीमेंट खरीदने वाला उप प्रधान का पड़ोसी है।

बहरहाल विजिलेंस विभाग चंबा ने तबेला गांव में बरामद सरकारी सीमेंट बचने के मामले में उप प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि खरीदने वाले व्यक्ति वारदात पर नहीं मिलने के कारण उससे पूछताछ करनी अभी बाकी है। विजिलेंस विभाग ने जहां पर से सरकारी सीमेंट बरामद



जांच के बाद बरामद सीमेंट के साथ खड़े अधिकारी।

### विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

किया है उस स्थान पर सीमेंट को रखने के लिए उपप्रधान ने एक निजी स्टोर बना रखा था। जहां छापेमारी के दौरान सरकारी सीमेंट के 62 बैग के अलावा कुछ अन्य बैगों में भी भर कर रखा गया सीमेंट मिला है।

इस संदर्भ में जब विजिलेंस टीम ने उप प्रधान से पूछताछ की तो वह किसी भी तरह का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। यह ही नहीं उसी के साथ पूछताछ के दौरान यह भी चला है कि पड़ोस में जिस घर का निर्माण कार्य चल रहा है वहां पर भी उन्होंने ही सीमेंट बेचा है। जिसके चलते जब विजिलेंस विभाग की टीम ने निर्माणाधीन मकान स्थल पर रेड की तो वहां पर भी सरकारी सीमेंट मिला।

जिसका निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं वहां पर कुछ सीमेंट सरकारी बैग काटकर दूसरे बागों में भर ग ए बैग भी बरामद किए गए। विभागीय टीम को मौके पर से 72 सरकारी सीमेंट के खाली बैग मिले हैं। जिसके चलते विजिलेंस विभाग चंबा ने मुकद्दमा दर्ज करते हुए आरोपी उप प्रधान को गिरफ्तार कर जांच आरंभ कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### उपप्रधान को डलहौजी न्यायालय में किया जाएगा पेश



विजिलेंस विभाग डीएसपी अभिमन्यु ने बताया कि डलहौजी विस क्षेत्र गांव तबेला में सरोज कुमार उपप्रधान के खिलाफ सरकारी सीमेंट धांधली की पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर विजिलेंस विभाग टीम ने जब छापेमारी की तो सूचना पुख्ता पाई गई। विभागीय टीम को मौके पर मिले सरकारी सीमेंट संबंध में उपप्रधान द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किए गए। जबकि उपप्रधान के निजी स्टोर, व उनके आवास के पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान से सरकारी सीमेंट के भरे 62, खाली 72 बोरियों सहित अन्य बोरियों में भरे गए सीमेंट के बैग बरामद हुए हैं।

आरोपी उपप्रधान सरोज कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर डलहौजी न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं सीमेंट खरीदने वाले उपप्रधान के पड़ोसी को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। जिससे पूछताछ के पश्चात पड़ोसी पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बच्चों को बाल संरक्षण को लेकर किया जागरूक



कार्यक्रम के दौरान बच्चे व अन्य।

**एमएम डैनियल, चंबा**

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा चंबा उपमंडल की ग्राम पंचायत बरौर के श्री श्री गुरकुल चमीणू में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल आचार्य मोनू पांडे, कृष्ण बिहारी, संस्कृत अध्यापिका बृजबाला, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चकलू में कार्यरत संस्कृत की शिक्षिका दिनेश अत्री, चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर काजू राम तथा संस्कृत भारती से जुड़ी मोनिका व तमन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक कपिल शर्मा द्वारा उपस्थित आचार्य, अध्यापकों एवं बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से बाल बाल-संरक्षण के संबंध में दी जानकारी प्रदान की गई। चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ, अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

वहीं उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया। सोशल मीडिया पर दिए जा रहे विभिन्न प्रलोभनों वह ब्लैकमेल होने से बचने के लिए भी बच्चों को जागरूक किया गया।(अनंत ज्ञान)

# नि:शुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने की कवायद शुरू

**एमएम डैनियल, चंबा**

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत विभागीय मानक संकेतकों में परिपूर्णता हासिल को लेकर चंबा जिला में कृषि विभाग ने किसानों के खेत-खलिहानों की नि:शुल्क मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करवाने की कवायद शुरू की है।

उप निदेशक, कृषि डॉ. कुलदीप धीमान बताते हैं कि 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के संपूर्णता अभियान में वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या का एक संकेतक कृषि विभाग से संबंधित है।

संपूर्णता अभियान के तहत जिला के सभी किसानों को निशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करवाए जाएंगे। नीति आयोग के दिशा-निर्देशानुसार यह अभियान 30 सितंबर 2024 तक चलेगा। कृषि उपनिदेशक का कहना है कि किसानों को कृषि उपज का उचित प्रतिफल मिले इसके लिए बहुत से पहलू महत्वपूर्ण रहते हैं, इनमें मृदा परीक्षण की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।



डॉ. कुलदीप

इस जानकारी से खेतों में सही मात्रा में उर्वरक डालने से एक तो पैदावार में वृद्धि होती है, वहीं दूसरी और उर्वरक लागत में भी कमी आती है। इससे किसान उत्पादक पोषक तत्वों के बहाव और संबंधित पर्यावरणीय समस्याओं के जोखिम को भी कम कर सकते हैं ।

उनका कहना है कि अधिकतर अनाज फसलों की जड़ें 6 इंच गहरी मिट्टी की परत तक पोषक तत्व प्राप्त करती हैं। इसलिए मिट्टी की सतह से लेकर 6 इंच की गहराई तक की बराबर मात्रा में मिट्टी का नमूना लिया जाता है।

किसानों को सलाह देते हुए उनका कहना है कि खेत की उपजाऊ क्षमता जानने तथा निशुल्क मिट्टी परीक्षण के लिए कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। किसान खुद अपने खेत की मिटटी का नमूना लेकर परीक्षण के लिए कृषि विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उनका यह भी कहना है कि सामन्यता कृषि अधिकारी किसानों के खेतों में जाकर परीक्षण के लिए मिट्टी के नमूने लेते हैं और प्रयोगशाला में परिक्षण के बाद किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करवाते हैं। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का नमूना परिक्षण के लिए कृषि विभाग में जमा करवाकर नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में अपनी हिस्सेदारी दे सकते है।(अनंत ज्ञान)

### कैसे लें मिट्टी का नमूना

**किसान** मिट्टी का नमूना लेते समय यह ध्यान दें कि एक एकड़ जमीन में 7 -8 ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां गोबर का ढेर न लगा हो और न ही नजदीक कोई पेड़ हो। ऐसे स्थान पर पहले मिट्टी की सतह से घास-पत्तियां आदि साफ कर लें। फावड़े से 6 इंच गहरायी तक वी आकार का गड्ढा बनाएं। इसके पश्चात 7-8 स्थानों से वी आकार के गड्ढे में ऊपर से नीचे तक एक इंच मोटी परत काट लें ढ्ढ इस मिट्टी को पूरी तरह मिलाकर इसमें से आधा किलो मिट्टी निकाल कर कपड़े के थैले में डाल कर परीक्षण के लिए नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय में जमा करवा दें।

# एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा : नेगी

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल हिमाचल प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। जयराम ठाकुर दिल्ली जाकर कोई पैकेज तो लेकर नहीं आते, लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसी को परेशान करने के लिए लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह तानाशाही है।

भाजपा को अपनी आंखों के सामने उपचुनाव में हर नजर आ रही है। ऐसे में उपचुनाव के दौरान ही केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को करवाया गया। उन्होंने कहा कि अगर इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, तो उपचुनाव के इस तरह की कार्रवाई क्यों की गई। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हिटलरशाही पर उतर आए हैं।

# स्वास्थ्य कैंप में 138 लोगों ने करवाई जांच

**एमएम डैनियल, चंबा**




कैंप में डॉक्टर लोगों की जांच करते हुए।

स्वास्तिक हॉस्पिटल पठानकोट के सहयोग से प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा चंबा मुख्यालय में चौगान नंबर 2 में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्तिक हॉस्पिटल पठानकोट के एमडी सुमित गुप्ता के द्वारा खून की उलटी , पेट में पानी भरा , पैंक्रिअटिटिस , पीलिया , अलसर व् पेट से संबंधित 138 रोगियों की स्वास्थ्य जांच व नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की। वहीं स्वास्थ्य जांच सहित निम्न दरों में फिब्रो स्कैन के टेस्ट भी किए गए।

इस अवसर पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा अध्यक्ष दीपक भाटिया ने बताया कि संस्था सदैव प्रयासरत रहती हैं कि जिला चंबावासियों की किसी न किसी मंच, सहयोग व चंबा की प्रतिभाओं को सामने लाने व उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकें। वहीं समाज में असमर्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के चिकित्सालय में सहयोग, रक्तदान शिविर सहित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा का उद्देश्य केवल नाम कमाना नहीं हैं बल्कि समाज में जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण व आपदा के दौरान आम नागरिक के साथ कंधे से कंधा मिलना है।

इस मौके पर स्वास्तिक हॉस्पिटल पठानकोट से एम.डी. सुमित गुप्ता , रोहित ठाकुर, और प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था से अरुण महाजन , हरी पंडित, सुरेश ठाकुर, अंजलि , दिव्यांशु, हार्दिक, गणेश, निरंजन मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

# अस्पताल को मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने भेंट किए पंखे

**आजम डार, तीसा**

चंबा जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने मरीजों की परेशानियों को देखते हुए नागरिक अस्पताल तीसा में गर्मी से राहत दिलवाने के लिए पंखे दान किए है। बता दें की सामाजिक हित में समय-समय पर यह संस्था अपना कार्य करती रहती है जिसके चलते इस बार इन्होंने नागरिक अस्पताल तीसा को चुना , इस क्षेत्र में एक लाख की आबादी रहती है और उसके लिए एकमात्र नागरिक अस्पताल ही विकल्प है और यहां मरीजों को परेशानियां हो रही थी उन्हीं परेशानियों को देखते हुए, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी में यह कार्य किया है।



पंखे भेंट करने के दौरान सोसायटी के सदस्य।

उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अन्य क्षेत्र में भी वह लोगों की जरूरत के अनुसार कार्य करेंगे ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे उन्होंने बताया है कि इस क्षेत्र में जितनी भी संस्थाएं हैं वह समाज के लिए कार्य करें ताकि समाज का उत्थान भी हो सके।

वहीं दूसरी और जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले यहां अस्पताल में लोगों से बात की थी और उन्होंने अपनी समस्या बताई थी जिसके चलते आज हमने कुछ पंखे दान किए हैं ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। जबकि चुराह मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल मजीद ने कहा की समाज के सभी लोगों को एक-दूसरे के काम आना चाहिए।

बीएमओ डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी समय समय पर चिकित्सालय तीसा की सहायता करती रहती है। जिसके तहत सोसायटी द्वारा चिकित्सालय तीसा पंखे भेंट किए हैं।(अनंत ज्ञान)

# बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा में मनीषा 11वें स्थान पर

**आशीष, दाड़लाघाट।** हिमाचल विश्वविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में दाड़लाघाट के गांव कोटला नुम्हाल निवासी व राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की छात्रा मनीषा ने मैरिट सूची में ग्यारहवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज व दाड़लाघाट क्षेत्र की गरिमा में चार चांद लगाए हैं। मनीषा गौतम के पिता स्वर्गीय धर्मपाल गौतम और माता अनिता गौतम मीड-डे मील कार्यकर्ता हैं। मनीषा गौतम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता और गुरुजनों और योगेश गौतम को दिया है। मनीषा भविष्य में हिंदी की प्राध्यापक बनना चाहती हैं। इसके इलावा मनीषा ने एचपीयू में एमए के प्रवेश परीक्षा में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। (अनंत ज्ञान)

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

**एमएम डैनियल, चंबा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला चंबा द्वारा परिषद के 76 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर पुरस्कार वितरण समारोह एवं कार्यक्रम किया गया आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि ओम प्रकाश पूर्व प्रदेश संयोजक एवं सलाहकार नशा निवारण बोर्ड ने शिरकत की। समारोह में वशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज सिंह ठाकुर अभाविप भी शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश ने अपने अभिवादन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें दिवस के उपलक्ष्य पर हार्दिक बधाइयां दी।

इससे पूर्व समारोह का आगाज प्रज्वलन से जहां हुआ एक के बाद एक रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गई जिसमें नाटी, गिद्दा, गणेश वंदना, संस्कृति कार्यक्रमों के बाद जो हमारे स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिला चंबा के विजेता थे उनको सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराग ठाकुर प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 11 हजार, कुशल को 7100, चौहान को 5100 रुपए की राशि दे कर सम्मानित किया गया , जिसमें पांच सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को 1000 रुपए पुरस्कार दिया गया। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य व (नीचे) प्रस्तुति पेश करते विद्यार्थी।

# मछली आखेट पर 31 अगस्त तक पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** दो महीनों के लिए किसी भी नदी-नालों और जलाशयों में मछली आखेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है।

यह लाइसेंस होल्डर पर भी लागू होता है। इस प्रतिबंध पर अमली जामा पहनाने के लिए मत्स्य विभाग ने इसके लिए विशेष फ्लाइंग का गठन किया है। उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

जुर्माना व सजा दोनों शामिल हैं। ऐसे में मत्स्य विभाग के अधिकारी मत्स्य गार्ड ने ब्यास नदी में डोर से मछली का शिकार करने वाले चार लोगों को 500 रुपए प्रति व्यक्ति चालन के साथ वार्न भी किया। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00122 ★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# 18 करोड़ के गबन का आरोपी गिरफ्तार

**आर मोहन, सोलन**

सुबाथू अर्बन एनएटीसी को-ऑपरेटिव सोसायटी में हुए 18 करोड़ रुपए के गबन के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि मामले का मुख्य आरोपी और सोसायटी के पूर्व चेयरमैन की अभी भी पुलिस को तलाश है।

जानकारी के मुताबिक संदीप गुप्ता चेयरमैन दी सुबाथू अर्बन, एनएटीसीएस जिला सोलन ने पुलिस थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि सुबाथू अर्बन एनएटीसी को-ऑपरेटिव सोसायटी के पूर्व चेयरमैन सुशील गर्ग व सेक्रेटरी अमर कश्यप ने उक्त सोसाइटी में 18 करोड़ रुपए से अधिक का गबन किया है।

उक्त मामले में आरोपी अमर लाल कश्यप पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव ओलगी डाकघर सुबाथू तह. व जिला सोलन मुकदमे के बाद से फरार हो गया था और उस ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए 8 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन में अपनी अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी, जिसकी सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन ने उक्त आरोपी की अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया। जिस पर पुलिस चौकी सुबाथू की टीम द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

# अमृतपाल सिंह को मिली रोटरी क्लब नेरचौक की कमान

**आदर्श, नेरचौक**

रोटरी क्लब नेरचौक द्वारा अपने नए अध्यक्ष सरदार अमृतपाल सिंह की नियुक्ति कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात नए पदाधिकारियों की पिनिंग और मुख्य अतिथि द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार अमृतपाल सिंह व उनकी टीम को शपथ दिलवा रोटरी क्लब नेरचौक को डीजीई द्वारा जिला 3070 में सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार प्रदान किया गया।

नवनियुक्त प्रधान सरदार अमृतपाल सिंह ने सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संबंधी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी समर्पण भावना को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एलबीएस मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. डीके वर्मा, डॉ. संदीप बंगा (निदेशक हिमालयन हार्ट इंस्टीट्यूट), डॉ. कुणाल महाजन (हिमालयन हार्ट इंस्टीट्यूट), आरटीएन सुरेन्द्र मोहन (रोग निवारण एवं उपचार अध्यक्ष), सहायक गवर्नर आरटीएन अमन भल्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इनके अलावा 2024-25 सत्र के लिए क्लब सचिव के रूप में नियुक्त शिव कुमार, रोटेरियन अभिलाष महाजन, भारत यादव, भूपिंदर पाल महाजन, दुनी चंद यादव, मोहिंदर गुप्ता, डॉ. टीआर नंदा, परमजीत सेठी, विकास गुप्ता, सौरभ महाजन, भारत मोहन, अल्पना गुप्ता, अप्रा बिष्ट, मीना महाजन, नवनियुक्त रोटेरियन गोविंद सिंह मनचंदा, हरमीत पाल सिंह, हरमीत सिंह, सुंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, कमल प्रीत सिंह तथा सुंदरनगर रोटरी क्लब ऑफ सुकेत के अध्यक्ष तिलक नायक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



सरदार अमृतपाल सिंह अपनी नई कार्यकारिणी के साथ सामूहिक चित्र में।

# लोकतंत्र बचाने के लिए लोग किए जागरूक : चमन

**अनिल शर्मा, मंडी**

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में मंडी से परिषद की टीम ने हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

महासचिव चमन राही ने भाजपा पर शाब्दिक हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल में लोकतंत्र का गला घोंट दिया है, जिसे हिमाचल के लोग किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसी घटना हुई जब जनता द्वारा चुनी गई बहुमत वाली सरकार को गिराने का प्रयास किया गया। चमन राही ने कहा कि जिन छह विधायक व तीन निर्दलीय विधायकों ने अपने स्वार्थ के लिए सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रचा गया, इसलिए परिषद उनके खिलाफ अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में बेनकाव अभियान चलाया और लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया। चमन राही ने कहा कि हर घर से यही आवाज आई कि भाजपा को पांच साल विपक्ष में बैठ कर चुनाव का इंतजार करना चाहिए था न कि सरकार को गिराने का।



मुख्यमंत्री की माता और परिजनों से भेंट करते हुए चमन राही व अन्य।

चमन राही ने कहा कि देहरा में चुनाव प्रचार करने से पहले परागपुर डांगडा में सच्ची सरकार बाबा सिद्ध चानो के मंदिर में ईमानदार सुक्खू सरकार के लिए जनहित के कार्यों को गति देने के लिए प्रार्थना की और कमलेश ठाकुर की जीत के लिए भी प्रार्थना की। इसके साथ ही चमन राही के नेतृत्व में टीम मुख्यमंत्री के पैतृक गांव भवडां में उनकी माता 85 वर्षीय संसारू देवी, 95 वर्षीय मौसी नसीब देवी, भाई राजीव सिंह व परिजनों से मुलाकात कर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर देवीरूप सैनी हिमाचल किसान यूनियन के उपाध्यक्ष, गोबिंद वर्धन पंचायती राज प्रधान संघ बल्ह के उपाध्यक्ष मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान

### आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

11 जुलाई, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** पंचमी: (10:05) **: नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (1:04), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** वरियान (4:08) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:54), **राहुकाल** (2:10 -3:54 ।

### विशेष दिन

- 11 जुलाई 2024 : कांकरोली में द्वारकाधीश पाटोत्सव आज।
- 11 जुलाई 2024 : विश्व जनसंख्या दिवस आज।

**मेष:** अअपने व्यवहार को नम्र बनायें अन्यथा अपने संबंध खत्म कर लेंगे। परिजनों के साथ तीर्थाटन संभव है। शारीरक बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होंगे।

**वृषभ:** मित्रों के साथ एक नया कारोबार शुरू करने वाले है। सफल रहेंगे। व्यवसाय में नई तकनीकी का प्रयोग लाभांवित करेगा। परिवारिक झंझटों से दूर रहें।

**मिथुन:** विरोधी आप को नुकसान पहुंचा सकते है, सतर्क रहें। अपने जीवन में सुकून चाहते हो तो स्वयं को खुश रखो और झूठ बोलना छोड़ दो।

**कर्क:** माता-पिता के साथ समय व्यतीत होगा। वाहन खरीदने का मन बनेगा। पुराना रोग उभर सकता है, सतर्क रहें। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं।

**सिंह:** कारोबार में हो रहे नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुसार परिवर्तन करें। काम में मन नहीं लगेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** यदि जीवन में सफल होना चाहते हो तो आलस त्याग दें। अपनी मानसिकता बदलें। निजी कार्यों के लिए समय कम लगेगा।

**तुला:** कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विदेशी व्यवसाय में निवेश से लाभ होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** आप सोचते तो बहुत हैं, पर कार्यों को कर नहीं पाते। अभी समय है। दृढ़ संकल्प लें और अपने काम में मन लगायें। संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**धनु :** आप पर भरोसा रखें और जो भी करें पूरे विश्वास से करें, लाभ होगा। रोजगार प्राप्ति संभव है। कुसंगति से बचें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें, अज्ञात भय रहेगा।

**मकर:** व्यस्त दिनचर्या में से भगवान के लिए भी समय निकालें। दुसरों की निंदा करने से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से विवाद न करें।

**कुंभ:** व्यावसायिक का हुआ धन वापस आएगा। यात्रा लाभकारी रहेंगी। कारोबार में मन नहीं लगेगा। तनाव तथा चिंता रहेंगी। संतान से विवाद संभव है।

**मीन:** व्यावसायिक नई योजना लाभकारी रहेगी। कार्यपद्धति में बदलाव लाना जरूरी है। वायदा बाजार निवेश दि शुभ रहेगा। निजी जीवन में तनाव तथा अस्वस्थता रहेगी।

**जिंदगी** साइकिल चलाने के जैसी है, बैलेंस बनाए रखने के लिए, आपको चलते रहना होता है। **–अल्बर्ट आइन्स्टाइन**

## संपादकीय

# उपचुनावों का दौर

हिमाचल प्रदेश में उपचुनावों का दौर थम नहीं रहा। अभी हाल ही में हुए छह विधानसभा उपचुनावों के बाद प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए विधानसभा के उपचुनावों पर जनमानस गंभीरता से विचार करने लग पड़ा है कि आखिर ये उपचुनाव बार-बार क्यों हो रहे हैं और इसके लिए दोषी कौन है? जनता इन सवालों का जवाब जानना चाहती है। दरअसल, यह घटनाक्रम हिमाचल में राज्यसभा की सीट के लिए हुए चुनाव के साथ ही शुरू हो गया था। तब छह कांग्रेसी विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की और उनके साथ जीत कर आए तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के बाद अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सभी कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय यानी कुल नौ विधायकों ने भाजपा ज्वाइन कर ली। कांग्रेस के छह विधायकों के भाजपा में जाने से खाली हुई सीटों पर उपचुनाव तो पहले ही हो गए थे, लेकिन तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं हुए थे। उनके इस्तीफे तब हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने मंजूर किए थे, जिसके चलते अब तीन निर्दलीय विधायकों की खाली हुई सीटों पर उपचुनाव हुए।

हिमाचल प्रदेश में उपचुनाव कराने के लिए निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के फैसले के पक्ष और विपक्ष दोनों हैं। निर्दलीय विधायक इस्तीफा देकर अपने कार्यों और निर्णयों के लिए खुद को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जिसके कारण उपचुनाव हुए। जनता इसे जनादेश का अपमान मान रही है। उपचुनाव लोगों को उनकी वर्तमान प्राथमिकताओं और विचारों को प्रतिबिंबित करते हुए नया जनादेश देने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे मामलों में इस्तीफे से खरीद-फरोख्त और राजनीतिक हेरफेर की संभावना कम हो सकती है, क्योंकि विधायक व्यक्तिगत लाभ के लिए दल नहीं बदल रहे हैं। बार-बार होने वाले उपचुनावों से राजनीतिक अस्थिरता पैदा होती है, जिससे राज्य का शासन और विकास प्रभावित होता है। संसाधनों की बर्बादी एक अन्य पहलू है। उपचुनावों में बहुत ज्यादा खर्च होता है, जिसे विधायकों द्वारा अपना कार्यकाल पूरा करने पर टाला जा सकता है। विकास कार्यों में व्यवधान आना तो स्वाभाविक है। उपचुनाव चल रही विकास परियोजनाओं और योजनाओं को बाधित करते हैं, जिससे निश्चित रूप से राज्य की प्रगति प्रभावित हो होती है। जहां निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा देने और उपचुनाव का सामना करने का निर्णय जवाबदेही दर्शाता है, वहीं इससे राजनीतिक अस्थिरता और संसाधनों की बर्बादी भी होती है। जनता और राज्य शासन दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। कोई माने या न माने, लेकिन इतना तय है कि इस सारे सियासी घटनाक्रम में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में हिमाचल प्रदेश की छवि धूमिल हुई है। इसे सुधारने की बेहद जरूरत है। विकास और जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल शासन सुनिश्चित करना समय की मांग है। राजनीतिक स्थिरता के प्रयास होते रहने चाहिए। सर्वसम्मति निर्माण को बढ़ावा देकर और सरकार में बार-बार होने वाले बदलावों को कम करके राजनीतिक स्थिरता को प्रोत्साहित किया जाए तो स्थिति बदल सकती है। नेताओं को चाहिए कि वे विकासोन्मुख राजनीति की बात करें।

विचारधाराओं पर मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए विकासोन्मुख राजनीति की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नए विचारों और दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करके राजनीति में युवाओं को सशक्त बनाया जाना चाहिए, क्योंकि आज के युवा ही कल का भविष्य होते हैं। स्वच्छ राजनीति की परंपरा विकसित की जानी चाहिए। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अपराधीकरण को हतोत्साहित करना चाहिए है। महिलाओं, एससी/एसटी और हाशिए पर रहने वाले समुदायों सहित समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हुए समावेशी राजनीति को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। मुद्दा-आधारित राजनीति से जनता में विश्वास पैदा होगा। जनता को लगने लगेगा कि उनके नेता वाकई इलाके के विकास के प्रति गंभीर हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार जैसी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करते हुए मुद्दा-आधारित राजनीति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। संस्थानों को मजबूत करें और सार्वजनिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करें। इन उपायों से हिमाचल सुशासन, विकास और जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर छवि सुधार सकता है।

# बरसात में जल जनित रोगों से बचाव जरूरी

दूषित जल पीने से अत्यधिक बीमारियां फैलती हैं। पानी देखने में बिलकुल साफ दिखाई देता है, मगर उसकी गुणवत्ता की जांच करना बहुत जरूरी बन चुका है। बरसात का मौसम शुरू होते ही जलजनित बीमारियां भी लोगों को जकड़ लेती हैं। बरसात में दस्त, उल्टियां, बुखार और सिरदर्द रहना लोगों की आम समस्या बन जाती है। चिकित्सक मरीजों को पानी उबालकर पीने की सलाह देते हैं। हिमाचल प्रदेश में बरसात की बारिशें शुरू होते ही डायरिया के मामले भी उजागर होना शुरू हो गए हैं। वाटर स्कीमों के टैंकों में जल शक्ति विभाग की ओर से आंखें बंद करके ब्लीचिंग पाउडर डालकर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किए जाने का मीडिया में मामला उजागर हुआ है। बिना नाप तोल के जल भंडारण टैंकों में डाले जा रहे ब्लीचिंग पाउडर से लोग कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। बरसात के दिनों में अक्सर प्राकृतिक जल स्रोतों में कच्चा पानी भर जाता है और जलशक्ति विभाग की ओर से कोई जागरूकता न बरते जाने का खामियाजा हर साल लोगों को भुगतना पड़ता है।

एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हो चुका है कि पानी में यूरेनियम की मात्रा ज्यादा होने की वजह से लोगों की किडनियां तक भी जवाब दे सकती हैं। ऐसे में जलशक्ति विभाग का जल भंडारण टैंकों की सफाई किए जाने का क्या शेड्यूल रहता है, सिवाए उसके कोई नहीं जानता है। इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी। एनजीटी ने एसओपी बनाकर जलशक्ति विभाग के आलाधिकारियों को थमाकर हर महीने जल भंडारण टैंकों की सफाई किए जाने की हिदायत दी थी। धरती के अंदर से निकलने वाले पानी को ज्यादातर लोग बेकार बहा रहे हैं और आसमानी पानी को भविष्य के लिए बचाकर रखने के सब्जबाग देखते जा रहे हैं। जमीन के अंदर जल स्तर दिनोंदिन कम होने के कारण भविष्य में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसे व्यर्थ न गंवाएं। जल ही जीवन है, यह सब बातें कहने-सुनने और पढ़ने में ही अच्छी लगती हैं। सच तो यह है कि हम लोग पानी की कीमत की सही पहचान न करके उसे व्यर्थ बहा रहे हैं। जनता के अलावा विभाग की कार्यप्रणाली सही न रहने की वजह से अक्सर पानी की पाइपों में रिसाव होता रहता है जिसे ठीक करने की कोई जहमत नहीं उठाता है। ऐसे में जल संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान का क्या औचित्य रह जाता है? घटती पेड़ों की तादाद और बढ़ते जा रहे अवैध खनन की वजह से जलस्रोत सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। प्रकृति से जब भी खिलवाड़ करने की कोशिश की गई, इसके गंभीर परिणाम इंसान को ही भुगतने पड़े हैं।



**सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सरकारों ने करोड़ों रुपए खर्चकर जितने ज्यादा जलस्रोत स्थापित करके जनता को राहत पहुंचाने की पहल की, उतनी ही पानी की समस्याएं अब ज्यादा पनपती जा रही हैं। नतीजतन पानी के अभाव के चलते नलकूप, हैंडपंप, कूहलें, तालाब, बावड़ियां, खड्डें और कुएं तक प्रभावित हो रहे हैं। बिना पानी हैंडपंप और कई वाटर सप्लाई योजनाएं सफेद हाथी बनकर रह गई हैं। वाटर टैंक पानी एकत्रित करने के लिए बनाए तो गए, मगर बिना पानी वे भी खूंटे ही बन चुके हैं। जलस्रोतों में ही पानी पर्याप्त मात्रा में एकत्रित न होना जलशक्ति विभाग के लिए भी परेशानी बनकर रह जाता है। जलस्रोतों पर करोड़ों रुपए का बजट सरकारों का व्यर्थ ही खर्च हो गया जिसका जनता को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। सवाल यह है कि आखिर किस तरह भविष्य में जलस्रोतों में जल स्तर सही रखा जाए, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। अगर समय रहते पानी की कमी से विकराल बनने वाली इस समस्या का समाधान नहीं सोचा गया तो लीटरों के हिसाब से पानी लेने के लिए अभी से तैयार रहना होगा।

जंगल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलती रहने से उनका अस्तित्व खतरे में है। जंगलों में अवैध कटान काफी समय से होता आ रहा है, लेकिन जनता के सहयोग के बिना वन विभाग भी उनकी रक्षा करने में सफल नहीं हो पा रहा है। गर्मियों के मौसम में अक्सर लोग अपने लाभ के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं। जंगलों में आगजनी की वजह से कीमती वन संपदा बर्बाद हो रही है। पेड़ों की ओर से छोड़ी जाने वाली ऑक्सीजन से इंसान जीवित है। पेड़ों की कमी की वजह से ही बारिश अब बेमौसमी कभी-कभार ही पड़ रही है। बारिश का समय पर न पड़ना किसानों को खेतीबाड़ी से बेमुख करता जा रहा है। हर साल किसानों की फसलें सूखे की भेंट चढ़ती जा रही हैं। जंगलों में अवैध कटान होना और वन भूमि पर अवैध कब्जे होने से भी वनों का अस्तित्व खतरे में है। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने के बावजूद यहां पर्यावरण में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। पहाड़ों से बहने वाले पानी के झरने सूखते जा रहे हैं और जंगलों में पेड़ों की कमी के कारण अक्सर भू स्खलन की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। पेड़ों की जड़ें जमीन के अंदर पहाड़ों को जकड़कर रखने से ही जंगलों का अस्तित्व बरकरार रहता आया है। जमीनों में रसायन व खादों का ज्यादा इस्तेमाल करने से उसमें नमी की कमी हो जाती है और इसलिए फसलों को सिंचाई के लिए पानी की अत्यधिक जरूरत होती है। प्रदेश सरकार ने भले ही नई खनन नीति बनाकर अवैध खनन पर रोक लगाने की सराहनीय पहल की है, मगर खड्डों में इस कदर बेतहाशा अवैध खनन हो चुका है जिसका प्रभाव जल स्रोतों पर पड़ चुका है।

कूहलों, नहरों और नलकूपों में पानी की कमी की वजह से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। प्रदेश के हैंडपंपों की माली हालत किसी से छुपी नहीं है जो बिना पानी के खूंटे बन चुके हैं। अक्सर खड्डों में पानी बहता रहता था जो कि जमीन के अंदर पानी की पर्याप्त मात्रा होने का एहसास करवाता था। पूर्व केंद्र सरकार की ओर से चलाए गए स्वच्छता अभियान के तहत हिमाचल को बाहरी शौचमुक्त राज्य का दर्जा मिल चुका है। सरकार की ओर से जरूरतमंद लोगों को शौचालय बनाने के लिए आर्थिक मदद भी की जा रही है। अभियान के तहत लगभग घरों में शौचालय बन गए हैं और हजारों लीटर पानी टंकियों में एकत्रित करके रखना सबकी जरूरत बन चुका है। आज जरूरत इस बात की है कि जल भंडारण टैंकों को स्वच्छ रखा जाए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# बढ़ती जनसंख्या एक विस्फोट, जिम्मेदार कौन ?

बेशक 11 जुलाई, 2024 को दुनिया के देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है, मगर ऐसे दिवस औपचारिकता मात्र रह गए हैं। हर साल विश्व में एक संकल्प लिया जाता है कि जनसंख्या को नियंत्रित किया जाएगा, मगर धरातल पर कुछ नहीं होता। साल 1989 से जनसंख्या दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था। बढ़ती जनसंख्या बहुत ही चिंतनीय विषय है। आज हमारे देश की जनसंख्या 142 करोड़ से अधिक है और चीन की आबादी एक सौ चालीस करोड़ से अधिक है। यह निरंतर बढ़ती ही जा रही है। बढ़ती जनसंख्या चिंता का सबब बनती जा रही है।

**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व की जनसंख्या 8.2 अरब है। देश के लोगों को आज जनसंख्या को नियंत्रित करने का संकल्प लेना होगा। क्या ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण से हर आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान मिल सकता है, इस पर मंथन करना चाहिए। प्रतिवर्ष जनसंख्या दिवस पर लोगों को जागरूक किया जाता है। सेमिनार लगाए जाते हैं। रैलियां निकाली जाती हैं, मगर एक दिन के दिवस से जनसंख्या को रोकना नाकाफी है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या से हो रही मुश्किलों से अवगत कराया जाता है, मगर लोगों के सिर पर जूं तक नहीं रेंगती। जनसंख्या के बढ़ते काफिले को रोकना होगा। सरकारों द्वारा जनसंख्या के बढ़ते सैलाब को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। विश्व में जनसख्या बढ़ती ही जा रही है। जनसंख्या रोकने के लिए सरकारों के प्रयास विफल होते जा रहे हैं। लोगों द्वारा मनमानी की जा रही है। सरकार जनसंख्या को रोकने के लिए कई अभियान चला रही है। हम दो हमारे दो का नारा दिया गया, मगर किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। लड़के की चाह में आधा दर्जन तक बच्चे पैदा कर लिए जाते हैं। आज लड़का-लड़की में भेदभाव किया जा रहा है। अगर छोटा परिवार होगा तो हर आदमी सुखी जीवन जी सकता है। कुछ मनमानी करने वालों ने क्रिकेट की टीमें पैदा कर दी हैं। आज जनसंख्या का विकराल रूप होता जा रहा है। आज हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या एक बहुत ही खतरनाक विस्फोट है। आज कोरोना महामारी ने हर मानव को संकट में डाल दिया है। जनसंख्या को नियंत्रित करना होगा। आज विश्व में बेरोजगारी का मुख्य कारण जनसंख्या ही है। एक पद के लिए लाखों लोग प्रयास कर रहे हैं। आबादी बढ़ती जा रही है और साधन घटते जा रहे हैं। अस्पतालों में बेतहाशा भीड़ है। इलाज नहीं मिल रहा है। इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ रहे हैं। दवाइयां नहीं मिल रही हैं। भोजन नहीं मिल रहा है। जनसंख्या ही मूल कारण है। परिवार नियोजन जैसे नारों का उल्लंघन किया जा रहा है। नसबंदी व नलबंदी जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। नसबंदी के बाद भी बच्चे पैदा होने के मामले सामने आते हैं। जनसंख्या के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। कुपोषण व भुखमरी के कारण लाखों लोग काल के गाल मे समाते जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या से समस्याएं पैदा होती रहेंगी। जनसंख्या पर लगाम लगानी होगी। हर आदमी को रोटी, पानी व सुविधाएं तब मिल सकती हैं जब हम सब मिलकर कदम बढ़ाएंगे। लोगों को जागरूक किया जाए ताकि आने वाले समय में इस पर रोक लग सके। बढ़ती जनसंख्या एक अशुभ संकेत है। इसे रोकने के लिए संकल्प लेना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### मैं कहां नहीं?



डॉ. राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

*तेरा सैय्यद भी मैं हूं, तेरा पीर भी मैं हूं*
*ढूंढता फिरता है, हर तलब जिसको*
*वो खुदा भी मैं हूं, वो ईश भी मैं हूं।*
*बुतों के बाहर देख जरा, वहां भी मैं हूं।*
*बुतों के अंदर झांक जरा वहां भी मैं हूं।*
*हर घ ी, हर जगह, तू ढूंढता फिरता है।*
*कभी यहां, कभी वहां*
*क्या तुझे मिला मैं?*
*नहीं न!*
*और मिलूंगा भी नहीं।*
*सुन काफिर!*
*मस्ि द का अल्लाह भी*
*मैं ही हूं।*
*मंदिर का ईश भी मैं ही हूं।*
*तो ता तू ही है, कहकर यह*
*ये तेरा वो मेरा।*
*फिर ढूंढता है मुझे क्यों हर तलब?*
*कभी वहां, कभी यहां।*

# यूपी बीजेपी में क्यों नहीं उभर रही है दलित लीडरशिप

लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश से जो झटका मिला है, उससे बीजेपी आलाकमान अभी तक उबर नहीं पाया है। हार की कई स्तरों पर लगातार समीक्षा हो रही है। बीजेपी प्रत्याशियों की हार और वोट प्रतिशत में गिरावट के लिए फिलहाल कई छोटे-छोटे के अलावा दो-तीन बड़े कारण नजर आ रहे हैं।

इसमें प्रत्याशियों के प्रति जनता की नाराजगी के अलावा ओबीसी और दलित वोट बैंक के खिसकने को सबसे बड़ी वजह समझा जा रहा है। इसी के चलते पार्टी के सजातीय मंत्रियों और पदाधिकारियों की लगाम कसने के साथ अब इस वोट बैंक को वापस भाजपा की तरफ लाने की जिम्मेदारी भी सजातीय नेताओं को सौंपी गई है। भाजपा आलाकमान दलित मंत्रियों के साथ ही अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहा है, लेकिन कुछ पहलू ऐसे भी हैं जिसकी ओर अभी तक न तो बीजेपी आलकमान और न ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्यान दिया है। इसमें सबसे बड़ा कारण पार्टी और सरकार के स्तर पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरी सरकार को अपने पास केंद्रित कर लेना है। स्थिति यह हो गई थी कि यूपी में योगी ही सब कुछ हो गये थे, यहां तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक यूपी प्लस योगी बहुत हैं उपयोगी जैसे जुमले बोलने लगे थे। स्थिति यह हो गई थी कि जो वोटर अपने जनप्रतिनिधि से सीधे संपर्क में रहता है उसी जनप्रतिनिधि के अधिकारों को सीज कर दिया गया था, कई मौकों पर वह (विधायक/सांसद) अपने वोटरों को चाह कर भी इंसाफ नहीं दिला पाते थे, क्योंकि उनकी न तो सरकार में सुनवाई हो रही थी, न ही अधिकारी अथवा पुलिस उनकी सुनती थी, क्योंकि ऊपर से आदेश पास हुआ था कि कोई बीजेपी का नेता किसी सरकारी अधिकारी अथवा थाना-चौकी पर नहीं जाएगा।



**लेखक : अजय कुमार**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऐसे में कोई नेता या जनप्रतिनिधि थाने-चौकी पर जाने की हिमाकत कर लेता था तो उसको बेइज्जत होना पड़ता था। नतीजा यह होता जनप्रतिनिधि अपने ही मतदाताओं की नजरों में उतर जाता। वह वोटरों से कटने लगता, जिसकी परिणिति लोकसभा चुनाव में हार के रूप में बीजेपी को चुकानी पड़ी।

अब जब बीजेपी के नेताओं कार्यकर्ताओं की सुनी जा रही है तो वह अपना दर्द बयां कर रहे हैं। उनके द्वारा दलितों और ओबीसी समाज में भाजपा को लेकर नाराजगी की वजहें गिनाई जा रही हैं। सूत्रों की मानें तो कई मंत्री और नेता बेरोजगारी के अलावा पार्टी में जातीय कार्यकर्ताओं को तवज्जो न मिलना हार का एक बड़ा कारण बता रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष किसी दलित को बनाया जाए, जिससे दलित वोटरों में अच्छा मैसेज जाएगा। कुछ लोगों ने तो यह भी आरोप लगाए कि दलित अधिकारियों को थानेदारों और तहसीलदारों की नौकरियां तो मिलती हैं लेकिन उन्हें पोस्टिंग में दरकिनार रखा जाता है। पार्टी नेताओं ने आउटसोर्सिंग और कॉन्ट्रेक्ट की नौकरी में दलित-ओबीसी समाज के लिए आरक्षण नहीं होने को राज्य में पार्टी की हार की बड़ी वजह बताया है। सरकार और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नाराज नेताओं ने कहा कि यह चिंतनीय है कि आखिर सरकार के बेहतर काम के बावजूद लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक तरीके से पहली बार बसपा से कट कर दलित वोट सपा और कांग्रेस की ओर चला गया, ऐसा आखिर क्यों हुआ ? इसका कारण बताते हुए नाराज नेताओं ने दलित नेतृत्व को आगे न बढ़ाने की बात रखी।

खैर, बीजेपी आलाकमान ने एहतियात के तौर पर जो कदम उठाए हैं उसमें लोकसभा चुनाव के परिणाम से सीख लेते हुए भाजपा ने दलितों में नए सिरे से पैठ बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सरकार व संगठन में दलितों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। यूपी भाजपा का नया अध्यक्ष भी कोई दलित चेहरा हो सकता है। इस पर भी विचार हो रहा है कि उप्र की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सिफारिश की बजाय जीतने वाले उम्मीदवारों को ही चुनावी मैदान में उतारा जाए। उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही तय किया गया कि टिकट वितरण से पहले स्थानीय नेताओं की राय जरूर ली जाएगी। इसके साथ ही हिदायत दी गई है कि सभी भाजपा नेताओं को अहंकार से दूरी बना कर चलना होगा। सभी को पद नहीं दिए जा सकते हैं, लेकिन समर्पित होकर चलने से समय आने पर पार्टी आगे आने का मौका भी देती है।


बहरहाल, हार के कारणों का पता लगाने की कोशिशों के साथ पार्टी आलाकमान ने दलित व ओबीसी नेताओं को फिलहाल दस विधानसभा के लिए होने वाले उप चुनाव पर फोकस करने को कहा है। सभी लोग मिलकर सभी 10 सीटों पर चुनाव जीतने की कोशिश में जुटें। नेताओं को आपसी मतभेद भूलकर हर सीट जीतने की रणनीति बनाकर काम करना होगा। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भाजपा की मीडिया टीम की भूमिका की भी समीक्षा कर रहे हैं। संतोष ने मीडिया के पदाधिकारियों को अपने तेवर और कलवेर को और अधिक दुरुस्त करने के साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार और संगठन का पक्ष आक्रमकता से रखने के भी निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में हार की वजहों को भी जाना और उन कमियों के बारे में भी पूछा, जिनकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महान फिल्म निर्देशक

**बिमल** रॉय हिंदी फिल्मों के महान फिल्म निर्देशक थे। हिंदी सिनेमा में प्रचलित यथार्थवादी और व्यावसायिक धाराओं के बीच की दूरी को पाटते हुए लोकप्रिय फिल्में बनाने वाले बिमल रॉय बेहद संवेदनशील और मौलिक फिल्मकार थे। बिमल रॉय का नाम आते ही हमारे जहन में सामाजिक फिल्मों का ताना-बाना आंखों के सामने घूमने लगता है। उनकी फिल्में मध्य वर्ग और गरीबी में जीवन जी रहे समाज का आईना थीं। चाहे वह 'उसने कहा था' हो, 'परख', 'काबुलीवाला', 'दो बीघा जमीन', 'बंदिनी', 'सुजाता' या फिर 'मधुमती' ही क्यों न हो। एक से बढ़कर एक फिल्में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को दी हैं। बिमल राय का जन्म 12 जुलाई, 1909 को पूर्व बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश) के एक जमींदार परिवार में हुआ था। बिमल ने अपना कॅरियर न्यू थियेटर स्टूडियो, कोलकाता में कैमरामैन के रूप में शुरू किया। बिमल रॉय स्वयं एक प्रतिभाशाली फिल्मकार होने के अलावा प्रतिभा के अद्भुत पारखी भी थे। यदि प्रगतिशील साहित्य की तरह 'प्रगतिशील सिनेमा' की बात की जाए तो बिमल राय निस्संदेह इसके पुरोधा माने जाएंगे। उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए सात बार फिल्मफेयर और चार बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। बिमल रॉय 'चैताली' फिल्म पर काम कर ही रहे थे, लेकिन 1966 में 7 जनवरी को मुंबई, महाराष्ट्र में कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। बिमल राय भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने फिल्मों की जो भव्य विरासत छोड़ी है वह सिनेमा जगत के लिए हमेशा अनमोल रहेगी।



**बिमल रॉय**
**जन्म :** 12 जुलाई, 1909
**मृत्यु :** 7 जनवरी, 1966

## अपनी बात

**दहेज** प्रथा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। हालांकि कुछ समाजों में इसका सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है, लेकिन व्यक्तियों और परिवारों पर इसके निहितार्थ और प्रभाव दूरगामी और अक्सर हानिकारक होते हैं। दहेज को केवल उसी सीमा तक उचित माना जा सकता है जब यह एक स्वैच्छिक होता है तथा बिना किसी दबाव या अपेक्षा के, प्यार और समर्थन के प्रतीक के रूप में दिया जाता है। यह एक आपसी निर्णय है। बिना किसी दबाव या शर्त के दोनों परिवारों द्वारा सहमति व्यक्त से देहज दिया जाता है। यह दुल्हन के परिवार पर आर्थिक या भावनात्मक रूप से बोझ नहीं डालता है और कर्ज या कठिनाई का कारण नहीं बनता है। हालांकि, कई मामलों में, दहेज की मांग अत्यधिक होती है, जिसके कारण दुल्हन के परिवार पर वित्तीय बोझ पड़ जाता है और वह परिवार तनाव और कठिनाई के दौरा से गुजरता है। दहेज संबंधी विवाद महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिंसा का कारण बन सकते हैं। दहेज के लिए कई बार दुल्हन की हत्या कर दी जाती है। **–सीमा, नगरोटा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# कम हो रहे संसाधनों पर वैश्विक जनसंख्या विस्फोट एक चुनौती

वैश्विक जनसंख्या मुद्दों की पेचीदगी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला विश्व जनसंख्या दिवस एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन निसंदेह 'पांच अरब का दिन' 11 जुलाई, 1987 की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों तक पहुंच गई थी। यह अवसर वैश्विक जनसंख्या मनोवृत्ति द्वारा उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों और अवसरों तथा दुनियाभर में सतत विकास, स्वास्थ्य और कल्याण पर उनके प्रभाव की सराहना और उन्हें दीप्तिमान् करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

सबसे पहले विश्व जनसंख्या दिवस समारोह के उद्देश्य विश्व या अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस समारोह के बारे में जानना जरूरी है। जनसांख्यिकीय रुझान, विकास अनुमान और सतत विकास पर उनके प्रभाव सहित वैश्विक जनसंख्या मुद्दों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता और समझ बढ़ाना बहुत जरूरी है। इस समय विश्व जब बहुत सारी समस्याओं से जूझ रहा हो तो ऐसे में बहुत सारी चीजों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार नियोजन सूचना और गर्भ निरोधकों तक पहुंच को बढ़ावा देना समय की मांग है, ताकि व्यक्तियों और परिवारों को अपने प्रजनन जीवन के बारे में सूचित विकल्प बनाने के लिए सशक्त बनाया जा सके। जनसंख्या विस्फोट से उत्पन्न चुनौतियों, जैसे कम हो रहे संसाधन, पर्यावरण क्षरण, पर्यावरणीय बदलाव और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करना भी बहुत आवश्यक है।

लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना, जनसंख्या प्रबंधन और सतत विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और आर्थिक अवसरों की भूमिका पर जोर देना इसमें प्रमुख उद्देश्य में एक है। प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच तथा शिक्षा और रोजगार के अवसरों के संबंध में युवा लोगों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



**लेखक : सिकंदर बंसल**
**रामपुर बुशहर, स्वतंत्र लेखक**

जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए जनसंख्या स्थिरीकरण, समतामूलक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रभावी नीतियों और रणनीतियों पर नीति निर्माताओं, हितधारकों और सामाजिक समुदायों के बीच चर्चा को सुविधाजनक बनाना होगा। जनसंख्या अनुसंधान, वकालत और पहल के क्षेत्र में उपलब्धियों को मान्यता देना, जो स्थायी जनसंख्या वृद्धि और विकास को प्राप्त करने के वैश्विक प्रयासों में योगदान देते हैं। जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर केंद्रित शैक्षिक गतिविधियों, अभियानों और नीतिगत प्रयासों में भाग लेने के लिए नागरिक समाज संगठनों, युवा समूहों और सामुदायिक नेताओं को संगठित करना करना होगा।

शिक्षा एक और कारक है जो प्रजनन क्षमता में कमी का कारण बन सकता है। न केवल इसलिए कि शिक्षा अपने आप में एक महत्वपूर्ण मानवीय लक्ष्य है (जनसांख्यिकीय प्रभावों के अलावा), बल्कि इसलिए भी कि शिक्षा से एक ही पत्थर से दो पक्षियों को मारा जा सकता है। शिक्षा से न केवल जन्म नियंत्रण में वृद्धि होती है, बल्कि बेहतर बाल जीवन दर भी होती है इसलिए शिक्षा के स्तर और प्रजनन क्षमता के स्तर के बीच सांख्यिकीय संबध बहुत शसक्त है। कुछ शक्तिकरण कार्यक्रम जैसे विशेषकर महिलाओं के अधिकारों और प्रजनन अधिकारों को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हो, को आगे लाना आवश्यक है। स्वैच्छिक परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने से व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में सूचित विकल्प बनाने का अधिकार मिलता है, जिससे समग्र सामाजिक सशक्तिकरण में योगदान मिलता है।

जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता भी बेहद आवश्यक है। जनसंख्या वृद्धि का प्रबंधन पर्यावरणीय स्थिरता से जटिल रूप से जुड़ा हुआ है। जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर ध्यान देकर, यह दिवस टिकाऊ उपभोग पैटर्न, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के शमन को प्रोत्साहित करता है। वैश्विक सहयोग, दीर्घकालिक योजना और वैश्विक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और सभी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए देशों, संगठनों और समुदायों के बीच सहयोगात्मक प्रयास आवश्यक हैं। जनसंख्या समस्या समाधान का श्रेष्ठतम तरीका यह है कि स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाओं के प्रसार और गुणवत्ता में तेजी लाई जाए।

शिक्षा न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए होती है, बल्कि प्रजनन क्षमता में गिरावट के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बेहतर शिक्षित महिला परिवार नियोजन के संबंध में सही निर्णय ले सकेगी। अगर घर की महिलाएं शिक्षित होंगी तो जनसंख्या नियंत्रण पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। इसके अलावा विश्व जनसंख्या दिवस समारोह एक दिन के आयोजन से कहीं आगे बढ़कर वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और कार्रवाई को बढ़ावा देने के जरिए, यह दिन संतुलित और न्यायसंगत भविष्य हासिल करने के वैश्विक प्रयासों के मकसद से मनाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई दौलतपुर में स्टूडेंट्स को दिए हेल्थ टिप्स



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दौलतपुर में जागरूकता देते को-आर्डिनेटर।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** हेल्थ ब्लाक त्यारा के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दौलतपुर में स्वस्थ व्यवहार शैली बारे जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग मुख्य चिकिसा अधिकारी कार्यालय से बीसीसी को-आर्डिनेटर एनएचएम राजेंद्र शर्मा ने छात्रों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, स्वच्छता, संतुलित आहार से ही स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है। जागरूक करते हुए राजेंद्र ने छात्रों को जलजनित रोग, लक्षण व बचाव तथा स्क्रब टायफस के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल संतोष नारायण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### मेडिकल कैंप में लोगों को मिली फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं




चिकित्सकों को सम्मानित करते आयोजक।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मलांगड़ के वार्ड नारूह में आयुष मंत्रालय के सौजन्य से जिला ऊना द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 75 लोगों ने फ्री स्वास्थ्य सुविधा ली। मलांगड़ जन कल्याण संस्था द्वारा फ्री स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को कैंप तक पहुंचाकर उनके चायपान की व्यवस्थाएं एवं फल वितरण करके स्वास्थ्य विभाग की टीम को सम्मानित किया। मलांगड जन कल्याण संस्था की अध्यक्ष सरोज मलांगड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत मलांगड़ में आयुष विभाग द्वारा गांव नरूह में लगाए गए फ्री मैडिकल कैंप में संस्था द्वारा जनता को फ्री आने-जाने की सुविधाएं चायपान की व्यवस्था और मरीजों को फल वितरण किए। वहीं स्वास्थ्य विभाग सेवाएं स्वास्थ्य स्टाफ को बेहतर कार्य के लिए संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. वरुण ने कहा कि मलांगड़ जन कल्याण संस्था बहुत बेहतर और जनता की सेवा के लिए अच्छे कार्य कर रही है। शिविर में डॉ. सपना के साथ अन्य कर्मचारियों ने भी अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर राजेंद्र मलांगड़, एमआर शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, अरविंद मलांगड़, बीसी शर्मा, हंसराज आदि गणमान्य ने अपनी सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### हरोली में जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित की जा रही मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत 100 दिन विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को हरोली खंड स्तर पर सप्ताहिक विषय प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 40 महिलाओं ने भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान ने योजना में पात्र लाभार्थी के पंजीकरण प्रकिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं से अपील की कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति को दो भागों में बांटा गया है, जिसमें सामर्थ्य और संबल योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सामर्थ्य में महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रधानमंत्री मात्रु वंदना योजना, पालना, शक्ति सदन, कामकाजी महिला छात्रावास शामिल है। इसके अलावा संबल में वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी अदालत, महिला हेल्पलाइन सम्मिलित हैं। शिविर में जिला को-ऑर्डिनेटर (डीएचईडब्ल्यू) ईशा सहित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मिशन शक्ति योजना के तहत जागरूकता शिविर में जानकारी देते अधिकारी।

# महाठग कुलदीप तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

## 57 लाख रुपए की ठगी आ चुकी है सामने, आरोपी ने पंजावर में खोल रखी थी आयुर्वेदिक दवा की दुकान

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

हरोली पुलिस ने आज महाठग कुलदीप उर्फ डॉक्टर साहब को पेश अदालत करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पे लिया है। अन्वेषण में अभी तक 57 लाख रुपए का ठगी सामने आ चुकी है और लोग जो ठगी का शिकार हुए हैं, हरौली थाना में लगातार रिपोर्ट करने आ रहे हैं, अभी तक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पंजावर में एक आयुर्वेदिक दवा की दुकान खोल रखी थी, जिस कारण लोग उसको डॉक्टर साहब के नाम से पहचानते थे।

पूछताछ के दौरान जब कई लोगों ने आरोपी कुलदीप को डॉक्टर साहब करके पुकारा तो पुलिस थाना में हंसी के ठहाके लगना शुरू हो गए और थाना प्रभारी ने लोगों को पूछा कि आप लोग इसको डॉक्टर क्यों कह रहे हैं, तब पता चला की दवाइयां बेचने के कारण इसको डॉक्टर के नाम से ही जाना जाता था।

कई लोगों को दवाई का असर भी हुआ था, जिस कारण लोग उस पर काफी विश्वास कर रहे थे, जिस कारण उसने आम जनता को कई तरह के प्रलोभन देकर किसी से कमीशन के नाम पर, किसी को सस्ता सरिया सीमेंट देने के नाम पर, किसी को एक्स्ट्रा ब्याज देने के नाम पर तथा कई लोगों को बिजनेसमैन बताकर उनकी आलू की फसल खरीद कर इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, जो पिछले तीन वर्षों से लगातार इस एरिया में रह रहा था। आरोपी जिला शिमला का रहने वाला है जो पिछले 10 वर्षों से अपने घर भी नहीं जाता था और उसके पिता ने भी वर्ष 2019 में उसको ऐसे ही गलत कारनामों के लिए बेदखल भी किया हुआ था।

आरोपी ने कई लोगों को पैसे देने की आवाज में चेक भी दिए परंतु वह चेक भी अपने नाम से न देकर अन्य लोगों के नाम पर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



महाठग कुलदीप उर्फ डॉक्टर साहब पुलिस गिरफ्त में।

### आलू उत्पादकों से लाखों की धोखाधड़ी, मुनाफे का देता था झांसा

**मुकेश कुमार, हरोली**

उपमंडल हरोली की ग्राम पंचायत पंजावर में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है पीड़ित लोगों द्वारा मंगलवार को पुलिस थाना हरोली में मामला दर्ज करवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार गांव पंजावर में एक आयुर्वेदिक दुकान चलाने वाले डॉ. कुलदीप ने लगभग 3 साल पहले आयुर्वेदिक की दुकान से काम शुरू किया, देखा की इस इलाके में आलू की बंपर पैदावार होती है। किसानों को कम कीमत मिल रही है ऐसी जानकारी भी स्थानीय किसानों द्वारा इस शातिर व्यक्ति को दी गई।

कुलदीप को जानकारी मिलते ही उसका शातिर दिमाग चला और उसने सब को दोगुनी कीमत पर आलू बिकवाने का भरोसा दिया। देखते ही देखते गांववासियों ने आलू की फसल इस व्यक्ति को सौंप दी, ताकि उनकी फसल दोगनी दान पर बिक जाए। कुलदीप ने सबसे पहले जगजीत मनकोटिया को अपना शिकार बनाया। झांसे में आने के बाद मनकोटिया ने लगभग 19 लाख रुपए कैश सहित लगभग 12 लाख रुपए के आलू की खरीद कर के कुलदीप के खाते में डाल दिए। कुलदीप अन्य गांववासियों को अपने चंगुल ने फंसाया। किसी ने कैश में पेमेंट दी तो कई लोगों ने खाते में पैसा डाल दिया।

कुलदीप ने लगभग एक करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दे दिया। समय बीतने के बाद भी जब कुलदीप पैसे देने में आनाकानी करने लगा तो इन्वेस्ट करने वाले लोगों को उस पर शक हुआ। प्रेशर डालने पर कुलदीप ने किसी को दो लाख, पांच लाख तो किसी को तीन लाख रुपए के चेक थमा दिए। शातिर ने चेक अपने नाम के नहीं बल्कि मात्र तीन माह पहले ऑफिस में रखे नौकर के नाम के दे दिए जो चेक दिए गए वह भी बाउंस हो गए। लोगों को जैसे ही कुलदीप के भागने की जानकारी मिली उन्होंने डॉक्टर को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने कहा की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

**विवेक शर्मा, अंब**

उप तहसील जोल के तहत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर चौकीमन्यार के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। गुरुकुलम अटया गांव के भागवताचार्य आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने व्यास पीठ पर विराजमान होकर भागवत कथा का श्रवण कराया। श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए गए साथ ही भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण आत्म विभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्यापक अत्याचार,कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरि लीला रासलीला,मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध, शिशुपाल बध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्ति रस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायकों ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। कथा के पश्चात आरती की गई व सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)



## मुख्यमंत्री सौर ऊर्जा परियोजना भंजाल का 11 को करेंगे शिलान्यास

**राजेश शर्मा, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वीरवार को गगरेट विधानसभा क्षेत्र के भंजाल में 5 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वे मत्स्य पालन विभाग के अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र दियोली की आधारशिला भी रखेंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बुधवार को भंजाल का दौरा कर वहां व्यवस्थाओं को जांचा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सायं 3.30 बजे के करीब भंजाल पहुंचेंगे। विकास परियोजनाओ के नींव पत्थर रखने के उपरांत उनका 5 बजे शिमला के लिए प्रस्थान का कार्यक्रम है। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अघलौर में 10 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास भी किया है। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में पेखूबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण किया है। पेखूबेला के बाद अब भंजाल और अघलौर सौर ऊर्जा परियोजनाओं के पूर्ण होने पर जहां ऊना जिला बिजली उत्पादन के क्षेत्र में और आगे बढ़ेगा वहीं हरित राज्य बनाने की दिशा में भी यह दोनों परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी।



मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी जतिन लाल तैयारियों का जायजा लेते हुए।

### उपायुक्त ने सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर जांची व्यवस्थाएं

उपायुक्त ने बुधवार को सिविल अस्पताल गगरेट का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के मातृ-शिशु वार्ड में माताओं व बच्चों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया तथा अस्पताल प्रबंधन को देखभाल सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त अस्पताल में दाखिल मरीजों से मिले तथा उनसे हिमकेयर और आयुष्मान योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। इससे पहले उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाड़ी का निरीक्षण भी किया। (अनंत ज्ञान)

## भारत विकास परिषद ने ऊना में किया पौधरोपण

**राजेश शर्मा, ऊना**

पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाए जाए। यह बात बुधवार को ऊना मुख्यालय पर वार्ड चार में केशव भवन के समक्ष एमसी पार्क में भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर परिषद की ऊना शाखा द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अपने संदेश में नगर परिषद ऊना के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन कपिला ने कही।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इसे बेहतरीन पहल करार दिया। उन्होंने कहा कि सभी को वर्ष में कम से कम एक पौधा जरूर रोपित करना चाहिए तथा इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संभालनी चाहिए। पवन कपिला ने कहा कि जिस प्रकार से वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का खतरा मंडरा रहा है तथा ऋतु चक्र भी प्रभावित हुआ है, उसको देखते हुए सभी को पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे हमें आक्सीजन देते है तथा इनका संरक्षण करके हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित कर सकते है। भारत विकास परिषद के सचिव इंजीनियर संजीब अग्रिहोत्री ने कहा कि 10 जुलाई को भारत विकास परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में पिछले एक पखवाड़े से देश भर में विभिन्न सामाजिक कार्य आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में ऊना शाखा ने एमसी पार्क ऊना में अशोका, नीम, आंवला के पौधे रोपित किए है। इस अवसर पर परिषद के सचिव संजीव अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, रणवीर सैणी आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



ऊना के एमसी पार्क में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के सदस्य।




## मानसून को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

दक्षिण-पश्चिम मानसून संबंधी तैयारियों को लेकर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बुधवार को समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे मॉनसून सीजन के दृष्टिगत सभी विभागों से उचित समन्वय स्थापित करें, किसी भी आपातकालीन स्थिति में काम आने वाली मशीनरी व कर्मचारियों की सूची और उनका फोन नंबर उपलब्ध करवाएं व अधिकारी हमेशा अपना भी मोबाइल फोन ऑन रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके।

गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जल जनित रोगों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों का स्टॉक सभी चिकित्सा संस्थानों में समुचित मात्रा में रखें। सर्पदंश के उपयोग में लाई जाने वाली दवाइयों का भी समुचित भंडारण रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कहा कि वह मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों से निपटने के लिए भी पूरी तैयारी रखें और लोगों को दूषित जल से होने वाले रोगों के बारे में जागरूकता अभियान चलाएं।

एसडीएम ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्त्रोतों तथा जल भंडारण टैंकों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि वर्षा जल के समुचित निकासी के लिए नालियों तथा नालों की साफ-सफाई के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों को भी तैयार रखें। इस अवसर पर तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह ठाकुर, खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, खंड चिकित्सा अधिकारी नरेश शर्मा, थाना प्रभारी अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



एसडीएम सोनू गोयल अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा करते हुए।

## वरिष्ठ नागरिकों को रेल भाड़े में रियायत बहाली के लिए लिखा पत्र

**राजेश शर्मा, ऊना**

अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ ने भारतीय रेल की सभी श्रेणियों में बंद की गई रियायती रेल किराया सुविधा को वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए दोबारा से शुरू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ ने एक मांग पत्र रेल मंत्री, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को भेजी है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने ऊना में जारी वक्तव्य में कहा कि भारतीय रेल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को क्रमश: 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत रियायती किराया सुविधा दी जाती थी, जो कि कोरोना काल में बंद कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिक वर्ग सरकार को हर तरह से हमेशा सहयोग करता आया है।

उन्होंने कहा कि जीवन के इस पड़ाव में इस वर्ग के कल्याण हेतु इस सुविधा को बिना भेदभाव के दोबारा लागू किए जाने के आदेश इसी बजट सैशन में जारी किए जाए। केएम लाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के देश की उन्नति व प्रगति में दिए गए योगदान को देखते हुए केंद्र सरकार को इस सुविधा को फिर से शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान दिखाते हुए उन्हें इस सुविधा से फिर से लाभान्वित करने का जनहित में तुरंत निर्णय ले। (अनंत ज्ञान)

## बंगाणा में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

बीडीओ कार्यालय बंगाणा में बुधबार को आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी कमांडर हंसराज की अध्यक्षता में बीडीओ कार्यालय बंगाणा में आपदा मित्र के प्रशिक्षाणार्थियों को आपदा के समय करने वाले बचाव कार्यों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की और से मॉकड्रिल भी की गई, जिसके माध्यम से आपदा मित्रों व कर्मचारियों को भूकंप से बचाब, बाढ़ से दूर रहना, आग से बचाव, प्राकृतिक आपदा में सहायता करना व नशे से दूर रहने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर हवलदार अजय कुमार, गृह रक्षक सोनू कुमार व अजीत सिंह मौजुद रहे। (अनंत ज्ञान)



**आक्रोश** अपने आपको ठगा-सा महसूस कर रहे कर्मचारी, सरकार के प्रति रोष

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ नहीं दे पाई कांग्रेस : राजीव

**राजेश शर्मा, ऊना**

कांग्रेस सरकार सेवानिवृत्त व अन्य कर्मचारियों को लाभ नहीं दे पाई है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2016 से नए वेतनमान का लंबित एरियर तक नहीं मिल पाया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी सरकार से आस लगाए बैठे हैं, लेकिन कर्मचारियों को अनदेखा किया जा रहा है। यह बात भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने ऊना में जारी प्रेस बयान में कहीं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया था, लेकिन उसका एरियर अभी तक नहीं दिया गया है, जबकि केंद्र सरकार ने जबकि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किश्त 50 प्रतिशत दे दी है।



हिमाचल सरकार ने सेवानिवृत्त व अन्य कर्मचारियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त दी है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ काफी रोष पाया जा रहा है। वशिष्ट ने कहा कि जल शक्ति विभाग में 2016 के बाद नए वेतनमान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रिवाइज्ड लीव इन कैशमेंट का भी भुगतान नहीं किया गया है, जबकि अन्य कई विभागों में 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को लीव इन कैशमेंट का भुगतान कर दिया गया है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को काफी समय से चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं हो रहा है और वे अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2016 के बाद उनके एरियर व लीव इन कैशमेंट व चिकित्सा बिलों का तुरंत भुगतान किया जाए, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारी कुछ राहत की सांस ले सके। राजीव ने कहा कि अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार के पास पैसा है, परंतु कर्मचारियों व पेंशनरों को लाभ देने के लिए सरकार आनाकानी कर रही है।

उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग में नई भर्तियां नहीं हो रही हैं, पंप हाऊस खाली पड़े हैं, एक एक पैरा पंप आप्रेटर को तीन-तीन स्कीमें चलानी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आऊटसोर्स प्रथा बंद करें। आऊटसोर्स पर जो कर्मचारी रखे गए हैं, उन्हें कांट्रैक्ट बेस पर किया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 14 से होगा राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव 14 से 16 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। केलांग में मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने जनजातीय उत्सव के सफल आयोजन व आवश्यक प्रबंधों को लेकर बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि लाहौल-स्पीति की वैभवशाली अनूठी लोक संस्कृति और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और सामाजिक-आर्थिक विकास तथा पर्यावरण के बीच सामंजस्य स्थापित करना इस बार जनजातीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस बार जनजातीय उत्सव में सरस मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की आजीविका में विविधता लाने और उसे स्थिर बनाने सामाजिक समावेशन, विकास और विभिन्न योजनाओं के अभिसरण पर भी बल दिया जाएगा। तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करते हुए डीसी ने बताया कि जनजातीय उत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों को अधिमान प्रदान करने के साथ-साथ अन्य जनजातीय सांस्कृतिक दल भी भाग लेंगे साथ ही हिमाचली कलाकारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ-साथ फैशन शो भी मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें ट्राइबल क्वीन का खिताब भी नवाजा जाएगा। जनजातीय उत्सव का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। जनजातीय उत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों से जुड़ी प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### डीएवी की सेजल ने 400 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**कमलेश वर्मा, मनाली।** हिमाचल प्रदेश जोन-सी, डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं चार से 10 जुलाई तक हिमाचल जोन-सी के विभिन्न डीएवी स्कूलों में आयोजित की गईं। 12 स्कूलों के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कबड्डी, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, कराटे और एथलेटिक्स आदि खेलों में भाग लिया। डीएवी मनाली के विद्यार्थियों ने हर खेल में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सेजल ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, सिहोना ने 800 मीटर दौड़ में रजत, शिवम ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता। कराटे में विद्यार्थियों ने 18 स्वर्ण, 5 रजत और चार कांस्य पदक जीते। मुक्केबाजी में एक स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक जीता। इसके बाद पांच से सात जुलाई तक आयोजित खेलों में वॉलीबाल प्रतियोगिता में अंडर-19 लड़कियों की टीम, अंडर-17 लड़कों की टीम और अंडर-19 लड़कों की टीम ने क्रमशः प्रथम स्थान और अंडर-14 लड़कों की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल में छात्रों ने दूसरा स्थान हासिल किया। बैडमिंटन में अंडर-19 लड़कों की टीम ने पहला स्थान और टेबल टेनिस लड़कियों की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया तथा टेबल टेनिस में एक लड़की का चयन राज्यस्तर के लिए हुआ है। अब सभी विजेता छात्र राज्यस्तर पर हिमाचल प्रदेश डीएवी जोन-सी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीएवी मनाली के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने विजेताओं और संबंधित कोचों को तथा छात्रों को ट्रॉफी जीतने में सक्षम बनाने के लिए उनके कठिन प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने उन्हें आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### छात्राओं को सिखाई जा रही रंगमंच की बारीकियां

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कुल्लू के बदाह स्थित नाट्य संस्था 'रेनबो थियेटर एंड आर्ट क्लब' की ओर से पाहनाला स्थित राजकीय उच्च विद्यालय भुलंग में छात्राओं के लिए नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 15 दिवसीय इस कार्यशाला का संचालन उक्त संस्था के अध्यक्ष एवं रंगकर्मी जीवानंद चौहान की ओर से किया जा रहा है। जीवानंद ने बताया कि शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में बहुत प्रतिभा है, लेकिन शर्म के कारण वे आगे नहीं आ पाती। रंगमंच इस हिचकिचाहट को खोलने के लिए वरदान साबित होता है। इस नाट्य कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागी छात्राओं को जहां रनमंच के गुर सिखाए साथ ही उनको उनकी प्रतिभा को अधिक निखारने के लिए एक मंच भी मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू में बेसहारा पशु व आवारा कुत्तों से परेशानी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** व्यापार मंडल कुल्लू की बैठक बुधवार को अखाड़ा बाजार स्थित ट्रक यूनियन भवन के सभागार में अध्यक्ष मदन लाल सूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल्लू शहर के व्यापारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। बैठक में व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने कहा कि सर्वप्रथम व्यापार मंडल को पंजीकृत किया जाएगा, जिसके लिए इसका अपना संविधान होना अति आवश्यक है। मंडल को पंजीकृत करने के लिए संविधान का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और जल्द इसको अंतिम रूप देकर व्यापार मंडल का पंजीकरण किया जाएगा। इसके साथ-साथ जो शहर के अंदर व्यापार मंडल की आठ उपसमितियां बनी हैं, इन्हें भी सक्रिय किया जाएगा और हर व्यापारी जो यहां पर व्यवसाय करता है, उन्हें इस मंडल के साथ जोड़ा जाएगा। दिनेश सेन ने कहा कि व्यापार मंडल का कार्य क्षेत्र टिकरा बावड़ी बाबा बालक नाथ मंदिर से लेकर रामशिला गेमन पुल के साथ-साथ शांगरीबाग तक का क्षेत्र परिधि में आता है। इसके अलावा शहर में उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जैसे कि यहां शहर में बेसहारा पशु, गाय, बछड़े आदि घूम रहे हैं, आवारा कुत्तों का बड़ा आतंक है, जिस कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, आवारा कुत्ते किसी को काट रहे हैं, पशु किसी को सींग मार रहे हैं, लोग घायल हो रहे हैं, शहर में भी गंदगी है। इसके अलावा शहर के अंतर्गत जो मुख्य सड़क टिकरा वाबड़ी से लेकर रामशिला गेमन पुल तक है इसकी हालत भी बहुत खराब है। जगह-जगह किनारे टूटे हुए हैं और साइड ड्रेन का भी बुरा हाल है। (अनंत ज्ञान)

# जलोड़ी के पास गैलरी में अवैध रूप से बनाया शेड, चार विभागों ने कार्रवाई कर हटाया

**जितेंद्र गुप्ता/ शीला कौल**



कार्रवाई करते हुए विभाग की टीम।

एनएच-305 बंजार से जलोड़ी के मध्य में अतिक्रमण करने व अवैध रूप से खोखे बनाकर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई हुई है।

राजस्व विभाग तहसीलदार बंजार रमेश कुमार की अगुवाई में पटवारी, कानूनगो, एनएच-305 सहायक अभियंता टहल सिंह शर्मा, कनिष्ठ अभियंता एनएच, वन विभाग बिओ, पुलिस विभाग एएसआई दुर्गा सिंह सहित प्रशानिक अमले द्वारा कार्रवाई अमल में लाई गई। तहसीलदार रमेश कुमार सहित एसडीओ एनएच टहल सिंह शर्मा ने बताया कि जलोड़ी से सोझा में गैलरी के नजदीक चाय, कॉफी, मैगी बेचने के लिए किसी व्यक्ति की ओर से अवैध रूप से शेड बनाया गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए उसे वहां से हटाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से सड़क किनारे किसी भी व्यक्ति को इस तरह से शेड बनाकर व्यापार करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने इस तरह से अवैध रूप से शेड बनाने वालों को चेताते हुए कहा कि यदि इस तरह से कोई भी व्यक्ति खास कर जलोड़ी क्षेत्र में शेड बनाकर व्यापार करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**किसी को भी अतिक्रमण करने की अनुमति नहीं**

तहसीलदार बंजार रमेश कुमार ने बताया कि जलोड़ी से सोझा के पास गैलरी नामक स्थान में किसी व्यक्ति द्वारा शेड बनाया गया था, जिसे चार विभागों द्वारा कार्रवाई अमल में लाकर हटाया गया है। बिना अनुमति के अवैध रूप से किसी भी व्यक्ति की अतिक्रमण करने की अनुमति नहीं है।

# पूर्वशी का नवोदय स्कूल में चयन गांव व स्कूल में खुशी का माहौल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नवोदय विद्यालय का रिजल्ट आए हुए काफी समय हो चुका है। जिले के सैकड़ों बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से कुछ का चयन भी हो गया, जिनका चयन हुआ वो खुश थे, लेकिन परीक्षा में अच्छा परिणाम न आने के कारण एक बच्ची कई दिनों तक विश्वास ही नहीं कर पाई कि उसकी सिलेक्शन नवोदय में नहीं हुई है हालांकि उसका पेपर बहुत अच्छा हुआ था। कहते हैं आप कर्म करते जाओ फल भगवान जरूर देगा।

यही बात चरित्रार्थ भी हुई, जब परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो की छात्रा पूर्वशी के पापा के फोन नंबर पर कॉल आई कि पूर्वशी का सिलेक्शन नवोदय स्कूल बंदरोल के लिए हुआ है। इतने समय बाद फोन कॉल ने घर का माहौल ही बदल दिया। पूर्वशी के पिता लेखराज को पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ। उन्होंने सोचा सोशल मीडिया में चल रही ठगी के ठगों का यह काम है, लेकिन उन्होंने जब उन्होंने नवोदय स्कूल बंदरोल में फोन किया, तब जाकर उन्हें विश्वास हुआ, पूर्वशी के चयन से जहां स्कूल में खुशी का माहौल है। (अनंत ज्ञान)




अभी हमारे पास वेटिंग लिस्ट आई है। यदि कोई चयनित विद्यार्थी स्कूल ज्वाइन नहीं करता है, तो इसके स्थान पर अन्य वेटिंग वाले विद्यार्थी को दाखिला दिया जाता है। इस सूची में कुछ बच्चों का नाम है।

**राजेश शर्मा, प्रधानाचार्य नवोदय विद्यालय बंदरोल।**

**स्कूल स्टाफ ने दी बधाई**

स्कूल की प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने बताया कि पूर्वशी नर्सरी से इसी स्कूल में पढ़ रही है। नवोदय स्कूल का टेस्ट पास करना स्कूल के लिए भी बहुत गर्व की बात है। अपने माता-पिता और अपने अध्यापकों का सर गर्व से ऊंचा किया। हम सभी अध्यापक भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि यह इसी तरह हर टेस्ट को पास करें और अपने सपने को साकार करें।

# टैक्सी मालिक पर जबरन वाहन में बिठाकर, मारपीट करने का आरोप

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

- टैक्सी में बैठे लोगों ने की करीब अढ़ाई-तीन घंटे तक मारपीट
- व्यक्ति की ओर से शिकायत दर्ज कर आगामी कार्रवाई की शुरू : डीएसपी मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में एक व्यक्ति को वाहन में जबरदस्ती बिठाकर ले जाने और फिर उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पुलिस जानकारी के अनुसार नंत राम ( 32) पुत्र चुन्नी राम गांव खरोगी (नग्गर) मनाली जिला कुल्लू ने मनाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि वह एक टैक्सी चालक है। गत दिन जब वह मनाली के लग्जरी बस अड्डा पहुंचा, तो टैक्सी मालिक राम लाल ने उसे टैक्सी (डिजायर) में बैठने को कहा। उस टैक्सी में चार लोग पहले ही बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसने टैक्सी में बैठने से इंकार किया और बस में जाने की बात की तो टैक्सी में बैठे व्यक्ति सोनू ने इसे एकदम टैक्सी के अंदर जबरदस्ती खींच लिया। इसके बाद टैक्सी चालक टैक्सी को लग्जरी बस अड्डा से आगे की तरफ ले गया। व्यक्ति ने बताया कि टैक्सी में पिछली सीट में बैठे दो व्यक्ति सूरज व सोनू ने इस दौरान मेरे साथ मारपीट की और साथ ही सिर पर किसी कठोत चीज से वार किया। टैक्सी में बैठे लोगों ने उसके साथ करीब अढ़ाई-तीन घंटे तक मारपीट की और फिर घायल अवस्था में छोड़ दिया। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि व्यक्ति की ओर से शिकायत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### दिन-प्रतिदिन उलझता जा रहा पतलीकूहल मैदान का मामला

# कटराई के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**




कटराई पंचायत के प्रतिनिधि मंडल एडीएम कुल्लू अश्विन कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए।

पतलीकूहल मैदान का मामला दिन-प्रतिदिन उलझता जा रहा है। एसडीएम कुल्लू द्वारा पतलीकूहल मैदान में डोम लगाए जाने की परमिशन रद्द कर दिए जाने के बाद अब यह मामला और उलझ गया है।

पंचायत कटराई द्वारा पंचायत की आय में बढ़ोतरी करने के लिए पतलीकूहल स्थित मैदान पर एक व्यापारी को डोम लगाए जाने की परमिशन जारी की गई थी और व्यापारी यहां दो महीनों के लिए डोम स्थापित करने जा रहा था। इसी बात का विरोध करते हुए पंचायत हलाण तथा पतलीकूहल व्यापार मंडल के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कुल्लू को ज्ञापन देकर इस जगह पर डोम न लगाए जाने की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने तुरंत प्रभाव से मैदान पर डोम न लगाए जाने के आदेश जारी कर दिए थे। इसी बात से नाराज कटराई पंचायत के सभी सदस्य तथा प्रधान गीता ठाकुर अपना पक्ष रखने के लिए एडीएम के समक्ष ज्ञापन लेकर पहुंचे। एसडीएम कुल्लू ने सिर्फ एक पक्ष को सुनने के बाद ही अपना फैसला दे दिया, जबकि असल में उपरोक्त मैदान कटराई पंचायत के अधीन आता है, जिससे संबंधित सभी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं, अतः उनका पक्ष भी सुना जाना अपेक्षित था।

प्रधान गीता ने कहा कि इसी मैदान पर पिछले आठ सालों से हर साल व्यापारियों द्वारा डोम लगाया जाता रहा है तथा उसी के आधार पर उनकी पंचायत द्वारा इस बार भी डोम लगाने के लिए मैदान को किराये पर दिया गया था।

डोम लगाए जाने का विरोध कर रहे पतलीकूहल व्यापार मंडल को यदि इसकी वजह से व्यापार में घाटा उठाना पड़ रहा है, तो उन्हें हर हफ्ते मंगलवार को सजने वाले मंगल बाजार तथा पतलीकूहल में चल रहे सुपर मार्केट जैसी व्यापारिक गतिविधियों को भी बंद करवा देना चाहिए। प्रधान का कहना है कि उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने एडीएम से आग्रह किया कि इस मामले में उपमंडल अधिकारी कुल्लू के कार्यालय आदेशों पर पुनः विचार तथा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त मैदान की देखरेख पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत कटराई के अधीन की जाए। (अनंत ज्ञान)

### बाइक- कार में टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू-मनाली हाईवे पर जिला मुख्यालय के साथ लगते रामशिला में बीती रात को एक हादसा पेश आया है। बाइक और कार में हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में लाया गया है, जहां पर उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। पुलिस जानकारी के मंगलवार शाम करीब आठ बजे एक बाइक और कार में टक्कर हो गई। इसके बाद सड़क में वाहनों की रफ्तार थम गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। एसपी कुल्लू ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दूसरा घायल है। मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# यूनिवर्सल कार्टन के वजन अनुसार सेब मंडियों का किराया तय

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सेब सीजन की तैयारियों को लेकर पंचायत समिति सभागार निरमंड में ट्रक और पिकअप यूनियन, एप्पल ग्रोवर एसोसिएशन के साथ एसडीएम निरमंड मनमोहन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में निरमंड के विभिन्न स्टेशनों से दिल्ली तक प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों की मंडियों तक सेब की पेटी की ढुलाई के भाड़े तय किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि सरकार के आदेशानुसार इस वर्ष यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल होना है, जिसमें 20 किलो ही सेब भरा जाएगा, जबकि पहले करीब 8 किलो तक ज्यादा सेब एक पेटी में रहता था और उसी के अनुसार भाड़े तय रहते थे। इसलिए यूनिवर्सल कार्टन को देखते हुए इस वर्ष



किराये में यूनिवर्सल कार्टन के हिसाब से करीब 11 रुपए प्रति पेटी के हिसाब से कटौती हुई है। नए किराये के अनुसार यूनिवर्सल कार्टन का रेमु से दिल्ली का किराया 103 रुपए प्रति पेटी तय हुआ है। इसके अलावा बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि गत वर्ष तक विभिन्न स्टेशनों से प्रदेश की विभिन्न मंडियों तक पिकअप का जो एक फेरे का कुल किराया रहता था, वह उतना ही रहेगा, उसमें कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा, जबकि यूनिवर्सल कार्टन के कारण इस वर्ष पेटियों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ेगी। वहीं, एसडीएम निरमंड ने पीडब्ल्यूडी विभाग और एनएच विभाग को बंद पड़े कल्वर्ट को खोलने, खस्ताहाल सड़कें दुरुस्त करने, बरसातों के दौरान डंगे सेब सीजन से पहले लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच विभाग और पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि ये सभी कार्य सेब सीजन शुरू होने से पहले पूरे हो जाने चाहिए, ताकि सेब उत्पादकों, वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

**सेब सीजन के दौरान किराये की निम्न दरें**

किराये की तय दरों के अनुसार निरमंड उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से इस वर्ष के सेब सीजन के दौरान किराये की निम्न दरें निर्धारित की गई हैं - रेम, टिकरी कैंची, शोहच, चक्लोट, गड़ागाई, बाहवा, कठांडा सोलन 68 चंडीगढ़ 80 दिल्ली 103 किराए निर्धारित किया गया है। अरसु, धार चुनागई, मातला, खनिधार, बुईनी, निशानी, खनोटा सोलन 70 चंडीगढ़ 82 दिल्ली 105 सराहन, ठारला सोलन 80 चंडीगढ़ 92 दिल्ली 115 बादल, शार्वी, कुटलनाल, शर्शाह सोलन 82 चंडीगढ़ 94 दिल्ली, 117 बागीपुल, डीम, डमेहली, सोलन 73, चंडीगढ़ 85, दिल्ली 108 लांज, घाटू सोलन 80, चंडीगढ़ 92, दिल्ली115 जाओ, धारा सोलन 78, चंडीगढ़ 90, दिल्ली 113, कुशवाह, खरगा,तूनन सोलन 70, चंडीगढ़ 89 आदि किराया निर्धारित किया गया है।

# मिनी सचिवालय में चालक कक्ष का हो प्रबंध

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ सदर कुल्लू खंड की बैठक के दौरान पदाधिकारी व सदस्य।

राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ सदर कुल्लू खंड की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक कुल्लू के ढालपुर में आयोजित की गई। सदर कुल्लू खंड के महासचिव केहर सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तुले राम ने की।

सदर कुल्लू ब्लॉक के अध्यक्ष इच्छा राम के कहा कि बैठक में भुंतर ब्लॉक के महामंत्री शिवलाल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों के ऊपर चर्चा की। महासंघ के सदर ब्लॉक के महासचिव केहर सिंह ने बताया कि बैठक में कुल्लू में मिनी सचिवालय में चालक कक्ष का होना और टैक्सी प्रथा पर काबू पाने के बारे में चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया कि जब भी हमारी वीआईपी ड्यूटी लगती है, तो चालकों के लिए खाने व रहने का कुछ भी प्रबंध नहीं किया जाता है। इस विषय पर भी चर्चा की गई। भविष्य में जल्द ही जिला कार्यकारिणी की बैठक होगी। उसके बाद इन सभी मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन से चालक-परिचालक महासंघ का प्रतिनिधित्व मंडल मिलेगा और अपनी मांगों के बारे में प्रशासन को भी अवगत करवाएगा, ताकि हमारी मांगें जल्द पूरी हो सकें। बैठक में सदर कुल्लू के सभी चालक-परिचालकों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### ढालपुर में मेजर गेम्स खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित ढालपुर के खेल मैदान में बुधवार को तीनदिवसीय मेजर गेम्स खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, फुटबाल और हैंडबाल में जिले भर से करीब 30 स्कूलों की 350 से अधिक स्टूडेंट्स अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

कड़ी धूप के बीच वॉलीबाल व फुटबाल के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जिला स्तर पर अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। एडीपीईओ किशन ने कहा कि मेजर गेम्स में अंडर-19 के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बीमार दूनी चंद को मिला लाहौल स्पीति विकास मंच का सहारा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हार्ट की बीमारी से जूझ रहे मरीज की मदद के लिए लाहौल-स्पीति विकास मंच मदद की उम्मीद लेकर सामने आया है। दूनी चंद पुत्र बीर चंद निवासी भुजंड, लाहौल-स्पीति से हैं और चिकित्सकों के अनुसार इस समय दूनी चंद के दिल में एक गिल्टी बनी हुई है और इसी दौरान शुगर बढ़ने के कारण बीमार हो गए हैं।

दूनी चंद को कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और इस दौरान दूनी चंद को तुरंत पैसों की जरूरत पड़ी, जिसके लिए लाहौल-स्पीति विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. राम लाल मार्कंडेय से बात की गई। दूनी चंद की जरूरत को समझते हुए डॉ. राम लाल मार्कंडेय ने तुरंत अपनी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आग्रह किया कि दूनी चंद के ईलाज के लिए थोड़ा-थोड़ा चंदा इकट्ठा करें। इसके बाद सबसे पहले मार्कंडेय ने अपनी तरफ से दूनी चंद के ईलाज के लिए 10000 रुपए की सहायता राशि दूनी चंद तक पहुंचाई। इसके बाद पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने करीब एक लाख से अधिक की धनराशि को इकठ्ठा कर दूनी चंद के ईलाज के लिए भेजी। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू को मैला ढोने से मुक्त घोषित किया

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कुल्लू जिले को मैला ढोने (मैन्युअल स्कैवेंजर) मुक्त घोषित किया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन इंडिया एवं अन्य के मामले में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में और मैनुअल स्कैवेंजर्स और उनके रोजगार पर प्रतिबंध के अनुसार पुनर्वास अधिनियम के अनुसार कुल्लू में मैनुअल स्कैवेंजर्स का एक व्यापक सर्वेक्षण किया गया था। यह सर्वेक्षण जिले में सभी शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों की ओर से 15 मार्च, से 14 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। इस सर्वेक्षण के दौरान जिले में कहीं भी अस्वच्छ शौचालय और मैनुअल स्केवेंजर नहीं पाए गए, जिसके उपरांत डीसी ने कुल्लू को 'अस्वच्छ शौचालय और मैनुअल स्कैवेंजिंग' से मुक्त घोषित किया है। (अनंत ज्ञान)

**ज्ञापन** भुंतर के वार्ड-6 में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित दुकानदारों ने सुंदर सिंह ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

# नगर पंचायत एक माह में तैयार करे वैकल्पिक मार्ग : सीपीएस

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर भुंतर स्थित वार्ड-छह में आपदा से एक साल पहले हुए टूटे रास्ते का निरीक्षण करते हुए।

मुख्य संसदीय सचिव हिमाचल प्रदेश सुंदर सिंह ठाकुर ने भुंतर के वार्ड-छह में एक साल पहले प्राकृतिक आपदा से टूटे रास्ते का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत भुंतर को एक महीने में वैकल्पिक मार्ग बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभावित दुकानदारों ने रास्ते को जल्द बनवाने के लिए सीपीएस के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। प्रभावित दुकानदार राजेश कुमार, गीता ठाकुर, सुनील शर्मा, राकेश कुमार, सुनीता ठाकुर, योगेश्वेर, संजय कुमार, रामलाल आदि ने बताया कि वार्ड छह में एक साल पहले आई प्राकृतिक आपदा से पुराने पुल वाला रास्ता टूट गया था, जिस कारण दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते को टूटे हुए एक साल हो गया है, लेकिन प्रशासन इस मार्ग को दुरुस्त करने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दुकानदार पिछले एक साल से अपनी जेब से ही दुकानों का किराया दे रहे हैं। रास्ते न होने से बहुत परेशानी आ रही है और लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते दुकानदारों ने टूटे रास्ते को जल्द बनवाने की मांग की है। वार्ड के सभी लोग इस टूटे रास्ते से परेशान हैं। बता दें इस वार्ड में लगभग 20 से अधिक दुकानदार हैं, जो दुकानों से ही अपनी आजीविका कमाते हैं। रास्ता बंद होने के कारण दुकानदारी में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा। (अनंत ज्ञान)

# हरि को भारतीय किसान संघ की कमान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**




भारतीय किसान संघ की नग्गर खंड की कार्यकारिणी व साथ में जिला संघ के पदाधिकारी।

कुल्लू के कटराई में बुधवार को भारतीय किसान संघ की नग्गर खंड की बैठक हुई। इस मौके पर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा निर्वाचन अधिकारी रहे। इसमें सर्वसम्मति से हरि चंद राणा को अध्यक्ष चुना गया तथा राज कुमार राजा को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अमर चंद ठाकुर, युवा प्रमुख पूर्ण ठाकुर, महिला प्रमुख रीना शर्मा, महिला मंत्री विमला ठाकुर, उपाध्यक्ष लता शर्मा, जैविक प्रमुख वीणे राम, प्रचार प्रमुख अमरचंद, गो सेवा प्रमुख पूर्ण चंद, विपणन मंडी प्रमुख तीर चंद, विधि प्रमुख डोलाराम ठाकुर, राजस्व प्रमुख अनिल शर्मा, सहकारिता प्रमुख प्रेम डोगरा, व्यसन मुक्ति प्रमुख राजेश ठाकुर, जल संरक्षण प्रमुख पोलूराम, कार्यकारिणी में मंगल चंद, महेंद्र सिंह, शेर सिंह, राजेश, हीरालाल तथा युवराज शकुंतला देवी और सुमित्रा ठाकुर को चुना गया। बैठक में प्रांत मंत्री उमेश सूद ने भी अपने विचार रखे। भारतीय किसान संघ किसानें की समस्या को केंद्र तथा प्रदेश सरकार तक पहुंचाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, जिला महिला प्रमुख डिंपल ठाकुर, जिला बागवानी प्रमुख राजेश तनवर, बिमला आनंद तथा जिला मंत्री रमेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### गावस्कर को 75वें जन्मदिन पर बधाइयों का तांता

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी



कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा,''जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं।'' गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए, जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है।

### फेडरर के साथ बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे सचिन

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रोजर फेडरर को उस टेनिस खिलाड़ी के रूप में चुना है, जिनके साथ वह बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे।



तेंदुलकर वर्षों से विंबलडन देखने के लिए जाते हैं। वह शनिवार को सेंटर कोर्ट पर फेडरर से मिले थे। तेंदुलकर ने कहा,''एक टेनिस खिलाड़ी जिसके साथ मैं बल्लेबाजी करना पसंद करूंगा वह रोजर हैं क्योंकि उनका क्रिकेट से भी संबंध है।'' उन्होंने कहा,''उनकी मां दक्षिण अफ्रीका की रहने वाली है और वह क्रिकेट को पसंद करते हैं। जब हम साथ में बैठते हैं तो केवल टेनिस पर ही नहीं क्रिकेट पर भी काफी बातचीत करते हैं, इसलिए वह टेनिस खिलाड़ी रोजर होगा।'' तेंदुलकर ने इसके साथ ही कहा कि उन्हें क्रिकेटरों में ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न और भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के साथ टेनिस खेलना पसंद था तथा ये दोनों सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ीदार बन सकते थे। उन्होंने कहा,''दो मजबूत दावेदार हैं। दुर्भाग्य से दो साल पहले हमने शेन वार्न को खो दिया, लेकिन मुझे वार्न के साथ टेनिस खेलना पसंद था और हमने लंदन में साथ में टेनिस खेली भी थी। दूसरा भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह है जो अब संन्यास ले चुका है। ''

### रचिन को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में



शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था। रविंद्र को 2023 में आईसीसी का वर्ष का उदीयमान खिलाड़ी चुना गया था। वह सर रिचर्ड हैडली मेडल हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। रविंद्र मूल रूप से बेंगलुरु के रहने वाले हैं। उनके अलावा तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है।

### रियाज, रज्जाक पीसीबी चयन समिति से बर्खास्त

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के टी-20 विश्व कप अभियान में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पहली बार वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को राष्ट्रीय टीम से चयनकर्ता पद से हटा दिया गया है। रज्जाक को कुछ सप्ताह पहले ही पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए चयन समिति में नियुक्त किया गया था, लेकिन अब वे महिला टीम के लिए भी चयनकर्ता के रूप में काम नहीं करेंगे। समझा जाता है कि इस सप्ताह के अंत में आधिकारिक तौर पर उनके हटाए जाने की घोषणा की जाएगी। पाकिस्तान के टी-20 विश्व कप से ग्रुप स्टेज से बाहर होने के बाद वहाब की नौकरी खतरे में थी।

### ओलंपिक से पहले चोटिल हुईं शेरिका जैक्सन

**हंगरी।** 200 मीटर वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक पसंदीदा शेरिका जैक्सन को हंगरी एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स के दौरान मंगलवार को रेस के अंत में चोट लग गई। पेरिस ओलंपिक इस महीने के अंत में शुरू होंगे। जमैका की यह स्टार धावक आगे थी और फिनिश लाइन के करीब थी, तभी वह अचानक से रुक गईं। सेंट लूसिया के जूलियन अल्फ्रेड द्वारा जीती गई रेस में जैक्सन को असहजता महसूस हुई, और वह ट्रैक से बाहर चली गईं। जमैका के लोग पेरिस खेलों के लिए पहले से ही एलेन थॉम्पसन-हेराह को मिस कर रहे हैं। 100 और 200 मीटर में दो बार की ओलंपिक चैंपियन ने हाल ही में कहा कि उनके अकिलीज टेंडन में एक छोटा सा घाव है। महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में अब तक के चार सबसे तेज समय में से तीन जैक्सन के नाम हैं। 21.41 सेकंड का उनका सर्वोच्च समय पिछली गर्मियों में हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के दौरान तय किया गया था।

### पेरिस ओलंपिक में उड़ान भरेंगी टू-सीटर टैक्सी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में टू-सीटर फ्लाइंग टैक्सी की सेवाओं के लिए सीन नदी पर लैंडिंग पैड को प्रशासन की मंजूरी मिल गई है। यह टैक्सी इलेक्ट्रिक हेलिकॉप्टर है, जिसमें कई रोटर लगे हैं। एयर ट्रैफिक के बीच इसकी उड़ान क्षमता का परीक्षण किया जा चुका है। जर्मन कंपनी वोलोकॉप्टर यह टैक्सी सेवा शुरू करेगी, जिसका नाम वोलोसिटी रखा गया है। कंपनी के सीईओ डर्क होक के मुताबिक कई परीक्षण के बाद कमर्शियल उड़ान के लिए सर्टिफिकेट मिल गया है। इसकी शुरुआत पेरिस ओलंपिक के दौरान की जाएगी, ताकि हम दुनिया को बेहतर तकनीक और सुखद यात्रा का अनुभव करा सकें।

**भारत vs जिम्बाब्वे** टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया, पांच मैचों की सीरीज में बनाई 2-1 की बढ़त

# कप्तान गिल की पारी से शानदार जीत

**एजेंसी, हरारे**

कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद वॉशिंगटन सुंदर के फिरकी के जादू से भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 23 रन की जीत के साथ पांच मैच की सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई।

भारत के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम ऑफ स्पिनर सुंदर के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आवेश खान ने 39 रन देकर दो जबकि खलील अहमद ने 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। डियोन मायर्स (49 गेंद में नाबाद 65 रन, सात चौके, एक छक्का) ने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा लेकिन जिंबाब्वे को जीत नहीं दिला सके।

उन्होंने जिम्बाब्वे की बेहद खराब शुरुआत के बाद क्लाइव मेडांडे (37) के साथ छठे विकेट के लिए 77 और वेलिंगटन मसाकाद्जा (नाबाद 18) के साथ सातवें विकेट के लिए 21 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी भी की।

सलामी बल्लेबाज गिल ने इससे पहले 49 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा यशस्वी जायसवाल (36) के साथ पहले विकेट के लिए 67 और रुतुराज गायकवाड़ (49) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने चार विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।



66 रनों की पारी गिल ने खेली

### वॉशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 15 रन देकर झटके तीन विकेट

**स्कोर बोर्ड**

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. ब्रायन ब. सिकंदर | 36 | 27 | 4/2 |
| गिल क. रजा ब. मुजारबानी | 66 | 49 | 7/3 |
| अभिषेक क. मारूमानी ब. सिकंदर | 10 | 09 | 1/0 |
| गायकवाड़ क. मधेवेर ब. मुजारबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| सैमसन (नाबाद) | 12 | 07 | 2/0 |
| रिंकू (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **182/4** | | |

**विकेट पतन :** 1-67, 2-81, 3-153, 4-177.
**गेंदबाजी :** ब्रायन 1-0-15-0, नगारावा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजारबानी 4-0-25-2, सिकंदर 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, मधेवेर 1-0-19-0.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मधेवेर क. अभिषेक ब. आवेश | 01 | 02 | 0/0 |
| मारूमानी क. दुबे ब. खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन क. बिश्नोई ब. आवेश | 04 | 05 | 1/0 |
| मार्यस (नाबाद) | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर क. रिंकू ब. वॉशिंगटन | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल क. (स्थानापन्न) ब. वॉशिंगटन | 01 | 02 | 0/0 |
| क्लाइव क. रिंकू ब. वॉशिंगटन | 37 | 26 | 2/2 |
| मसाकाद्जा (नाबाद) | 18 | 10 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **159/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-9, 2-19, 3-19, 4-37, 5-39, 6-116.
**गेंदबाजी :** खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, वॉशिंगटन 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0.

### शीर्ष-10 में पहुंचे गायकवाड़

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष-10 में पहुंच गए हैं।



गायकवाड़ ने यह उपलब्धि रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में भारत की 100 रन की व्यापक जीत में 47 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी खेलने के बाद हासिल की। परिणामस्वरूप, गायकवाड़ 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से 7वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं।

**टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 844 |
| 2. | सूर्यकुमार | भारत | 821 |
| 3. | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 797 |
| 4. | बाबर आजम | पाकिस्तान | 755 |
| 5. | रिजवान | पाकिस्तान | 746 |
| 6. | जोस बटलर | इंग्लैंड | 716 |
| 7. | गायकवाड | भारत | 662 |
| 8. | ब्रैंडन किंग | वैस्ट इंडीज | 656 |
| 9. | जोनसन चार्ली | वैस्ट इंडीज | 655 |
| 10. | ऐडन मारक्रम | द.अफ्रीका | 646 |

## मेदवेदेव ने कड़ी टक्कर में सिनर को हराया सेमीफाइनल में अल्काराज से होगा सामना

**एजेंसी, लंदन**

डेनियल मेदवेदेव और जननिक सिनर एक दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। सितंबर 2023 तक, मेदवेदेव ने अपने सभी छह मुकाबलों में जीत हासिल की थी, लेकिन अगले पांच मुकाबलों में सिनर ने बाजी पलट दी। हालांकि विंबलडन में एक बार फिर मेदवेदेव ने वापसी की और सिनर को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव लड़खड़ाते दिखे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में मेदवेदेव का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा, जिन्होंने अमेरिकी टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया।



### वेकिच पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में



**लंदन।** क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया।

वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही है, लेकिन इससे पहले कभी अंतिम चार में नहीं पहुंची थी। वेकिच विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशिया की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1999 में मिरजाना लुसिक ऑल इंग्लैंड क्लब में अंतिम चार में पहुंची थी। सन ओपन युग में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी बनी थी।


## अपनी शर्तों पर आगे बढ़ने का नाम है गौतम गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अपने कभी हार न मानने के जज्बे के कारण भारतीय क्रिकेट में अलग पहचान बनाने वाले गौतम गंभीर को अपनी शर्तों पर काम करने वाला व्यक्ति भी माना जाता है और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका में वह किस तरह से आगे बढ़ते हैं।

गंभीर वह खिलाड़ी हैं जिन्होंने वीरेंद्र सहवाग के साथ मिलकर भारतीय सलामी जोड़ी को नई दिशा दी थी, लेकिन उन्हें अपने मुखर व्यक्तित्व के लिए भी जाना जाता है और यही वजह है कि वनडे विश्व कप 2011 में खिताब जीत का श्रेय केवल महेंद्र सिंह धोनी को मिलने पर उन्होंने अब तब आपत्ति जताई।

आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार चैंपियन बनाकर उन्होंने साबित कर दिया कि वह एक कुशल रणनीतिकार हैं। इस साल



आईपीएल में वह कोलकाता के मेंटर बने थे और यह टीम तीसरी बार खिताब जीतने में सफल रही थी। गंभीर ने 2004 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, लेकिन 2008 तक उनका करियर उतार-चढ़ाव वाला रहा।

इस बीच पहले 17 टेस्ट मैच में वह केवल एक शतक लगा पाए थे, लेकिन इसके बाद अगले 14 टेस्ट मैच में आठ शतक लगाने में सफल रहे। इसके बाद हालांकि टेस्ट मैचों में उनका फार्म गड़बड़ा गया और आखिरी 17 टेस्ट मैच से वह शतक लगाने में नाकाम रहे।

## टी-20 विश्व कप में वस्त्राकर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी : मंधाना

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में किए गए प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्तूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की।

मंधाना ने कहा,''पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि वह (वस्त्राकर) अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी और विश्व कप में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उसने शानदार गेंदबाजी की। यह लंबी अवधि की सीरीज थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं।''

## तीन गेंद में चार विकेट लेकर अंकुश ने बनाया कीर्तिमान

**संजीव पुरी, ऊना**

अंकुश बेदी की घातक गेंदबाजी से ऊना ने हिमाचल सीनियर टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल में कांगड़ा को 24 रनों से हराकर खिताब जीता। अंकुश ने तीन गेंद में चार विकेट हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया।

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कांगड़ा और ऊना के बीच में खेला गया, जिसमें कांगड़ा की टीम ने टॉस जीता और ऊना की टीम को बल्लेबाजी करने के लिए निमंत्रण दिया। ऊना ने पहले बल्लेबाजी



करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 154 रन बनाए। ऊना के लिए अंकित कलसी ने 50 रन और अंकुश बैंस ने 60 रन बनाए।

कांगड़ा के अभिषेक और रितिक ने दो-दो जबकि अर्पित गुलेरिया और आकाश वशिष्ठ ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कांगड़ा की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन ही बना सकी।

ऊना के अंकुश बेदी ने चार गेंद में लगातार चार विकेट झटके, इसमें एक वाइड गेंद थी, जिस पर विकेट कीपर ने स्टांप किया।

खेल प्रेमियों रमन सैनी अनुराग दयाल, पंकज पीटर, संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा और विनय कुमार मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को खिताब जीतने पर बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

**ऊना हिमाचल सीनियर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का बना विजेता**

**फुटबॉल** 16 वर्ष के यामल ने बराबरी का गोल दागा, इसके चार मिनट बाद ओल्मो के गोल से जीते

## फ्रांस को हराकर स्पेन यूरो-2024 के फाइनल में

**एजेंसी, म्यूनिख**

लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए जिसकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रांस ने रैंडल कोलो मुआनी के आठवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के क्रॉस पर हेडर से किए गए गोल के दम पर शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया।

यामल ने मैच के बाद कहा, ''शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही



गोल करने के बाद खुशी व्यक्त करते यामल।

तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं।'' स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। वह यामल के 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद रविवार को बर्लिन में होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

स्पेन यूरो 2024 में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। यह एकमात्र टीम है जिसने अपने सभी मैच जीते हैं और 13 गोल किए हैं, जो यूरोपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने के स्पेनिश रिकॉर्ड के बराबर और फ्रांस के 1984 में बनाए गए रिकॉर्ड से एक गोल कम है।

**स्कोर कार्ड**

| स्पेन | | फ्रांस |
|---|---|---|
| 06 | शॉट | 09 |
| 02 | लक्ष्य पर शॉट | 03 |
| 59% | नियंत्रण | 41% |
| 500 | पास | 339 |
| 09 | फाऊल | 14 |
| 02 | येलो कॉर्ड | 02 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 00 | ऑफ साइड | 00 |
| 04 | कार्नर | 06 |

## मेसी ने दागा 109वां गोल, अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड**

लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नंडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे, लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली।

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय





फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं, जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं।

अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तोड़फोड़ का कांग्रेस ने किया विरोध



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** नगर निगम द्वारा मकान की तोड़फोड़ की गई इसका पुरजोर तरीके से कांग्रेस ब्लॉक प्रधान मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में कांग्रेस टीम ने इसका विरोध किया। ब्लॉक प्रधान मोहम्मद सुलेमान ने बताया, भाजपा का एक भी कार्यकर्ता और न ही मौके का पार्षद दिलीप शर्मा अतिक्रमण रोकने के लिए जनता के साथ नहीं खड़ा हुआ। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके बापूधाम पुलिस चौकी में रखा गया जिसमें ब्लॉक प्रधान मोहम्मद सुलेमान महासचिव मनोज कुमार (लारा) अमृत लाल (काला), जे पी चौधरी, सलीम, कासिम, नरेश कुमार पूर्व पार्षद मुकेश चौधरी, रानी देवी, आशु वैद इत्यादि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

### लद्दाख में सोने की 108 किलो की खेप जब्त




**अशोक ठाकुर, जम्मू।** आईटीबीपी के जवानों ने चीन से तस्करी कर लद्दाख में लाई गई 108 किलो सोने की खेप को जब्त किया है। इस मामले में दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों आरोपियों की पहचान त्सेरिंग चिनबा और स्टेनजिन दोरग्याल निवासी कोयुल, न्योमा के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कोयुल गांव में एक व्यक्ति के घर में कई करोड़ रुपये का सोना रखा हुआ था। इसकी खुफिया जानकारी मिल रही थी। इन सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस ने सोने की जब्ती की है। दोनों ने कथित तौर पर सोने की तस्करी की और इसे गांव में अपने घर पर रखा। मामले में लद्दाख पुलिस की जांच चल रही है। (अनंत ज्ञान)

### तस्कर 100 कछुओं के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शाहदरा क्षेत्र में कई लुप्तप्राय प्रजातियों के कछुओं समेत 100 कछुओं की तस्करी करने के आरोप में 38 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद निवासी भीम के कब्जे से 50 'इंडियन रूफ्ड टर्टल', 45 'ब्लैक स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल', तीन 'इंडियन आई टर्टल' और दो इंडियन सॉफ्टशेल टर्टल' बरामद किए गए हैं। 'ब्लैक स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल', 'इंडियन आई टर्टल' और 'इंडियन सॉफ्टशेल टर्टल' लुप्तप्राय प्रजातियों में से हैं जो वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-1 के अंतर्गत आते हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया, 'मंगलवार को गीता कॉलोनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि इलाके में लुप्तप्राय प्रजाति के कछुओं के साथ एक तस्कर आया है।' अधिकारी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। डीसीपी ने बताया, 'दोपहर करीब 1:15 बजे टीम ने एक व्यक्ति को स्कूटर पर एक बड़ा थैला लेकर जाते देखा। मुखबिर के वाहन और उसके चालक की पहचान करने के बाद संदिग्ध को पकड़ लिया गया।'

### यूट्यूबर एल्विश को धनशोधन मामले में समन जारी

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यू-ट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव को पार्टियों में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए 23 जुलाई को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने मई में मामला दर्ज किया था और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जिले में पुलिस की ओर से एल्विश यादव और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप लगाए थे।

### मणिपुर में हथियारों के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने हथियारों के साथ तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त सुरक्षाबलों (एसएफएस) ने खुफिया जानकारी के आधार पर न्यू कांगपोकपी जिले के कीथेलमंबी थानाक्षेत्र के एल हैंगजोल गांव में एक अभियान शुरू किया। इस दौरान एसएफएस और सशस्त्र उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। भूमिगत संगठन के तीन कैडरों- थांगजोएल हाओकिप उर्फ थांगबोई, जंगजौलेन खोंगसाई उर्फ गौलेन और जंगमिनलुन सिंगसन उर्फ फ्रेंकी को गिरफ्तार किया गया है। दो एके राइफल, एक एमए1 एमके-3 राइफल, एक एसबीबीएल और 1,382 राउंड मिश्रित कारतूस बरामद किया गया।

### अमरनाथ यात्रा : 4,600 भक्तों का जत्था रवाना



**जम्मू।** भारी बारिश के बीच बुधवार सुबह 4,600 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से कश्मीर के दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा के लिए यह 13वां जत्था है, जो यहां भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। यह जत्था 185 वाहनों में सवार होकर रवाना हुआ और सीआरपीएफ की एक टुकड़ी ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की। अधिकारियों के मुताबिक, 95 वाहनों में सवार 2,773 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है, जबकि 90 वाहनों में सवार 1,854 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर के) लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर जाएंगे।

### चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल से कहा-

# सीमावर्ती क्षेत्रों पर भारत के साथ काम करने के लिए तैयार चीन

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को 'ठीक से संभालने' के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है।

वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे और बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है।

सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की बुधवार को प्रकाशित खबर के अनुसार वांग ने कहा कि वह "दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने, सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने और संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति की रक्षा करने के लिए डोभाल के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं।" वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान के पास पैंगोंग सो (झील) क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए।

# केदारनाथ मंदिर का भव्य भूमि पूजन, दो साल में होगा तैयार



**जगदीश शर्मा, नई दिल्ली**

दिल्ली स्थित बुराड़ी में श्री केदारनाथ मंदिर के भूमि पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से संपन्न हुआ। सुबह से ही समारोह स्थल पर पूजन किया गया। इस दौरान केदारनाथ धाम से लाई गई पवित्र शिला की भी पूजा की गई। यह मंदिर दो साल में तैयार होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और श्री श्री 1008 निरंजनी पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक महेश जीना विधायक प्रमोद नेनवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र रौतेला आदि थे दिल्ली में भी बाबा भोलेनाथ का एक और स्थान बन जाने से भक्त बाबा केदार के दर्शनों का लाभ ले सकेंगे। दिल्ली में इस मंदिर का निर्माण होने के बाद भक्तों को श्री केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए 6 महीने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि बर्फबारी की वजह से चारों धाम करीब 6 महीने बंद रहते हैं, लेकिन अब वे दिल्ली में बारह महीने बाबा केदारनाथ की पूजा कर सकेंगे।

मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह से मंदिर का भूमि पूजन हुआ है शीघ्र आने वालों दो वर्षों में यह मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा और हम सब दर्शन कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# आतंकियों की तलाश में खंगाले जा रहे जंगल-पहाड़

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू संभाग के जिला कठुआ के कंडी क्षेत्र बदनोता में किए गए आतंकी हमले के बाद से बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को तीसरे दिन कठुआ के कंडी क्षेत्र और उसके साथ लगते अन्य जिलों के पहाड़ी और जंगली क्षेत्र के इलाके खंगाले जा रहे हैं।



ड्रोन, हेलिकॉप्टर, खोजी कुत्तों की मदद भी ली जा रही है। खबर मिल रही है कि मामले में पूछताछ के लिए 24 लोगों को उठाया गया है। कठुआ आतंकी हमले में पांच जवानों ने बलिदान दिया और पांच जवान घायल हुए। कठुआ के अलावा चार जिलों के घने जंगलों में रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के बीच सेना और पुलिस द्वारा तलाशी अभियान जारी है। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान तीन अलग-अलग इलाकों कठुआ, उधमपुर और भद्रवाह से शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

# मोदी के नेतृत्व में केवीआईसी ने बनाया कीर्तिमान

**जगदीश शर्मा, नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन, बिक्री और नए रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में वित्त वर्ष 2023-24 के अनंतिम आंकड़े जारी किए।

पिछले सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए, वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 399.69 प्रतिशत (लगभग 400 प्रतिशत), उत्पादन में 314.79 प्रतिशत (लगभग 315 प्रतिशत) और नए रोजगार के सृजन में 80.96 प्रतिशत (लगभग 81प्रतिशत) की बढ़ोत्तरी हुई है। बता दें कि वित्त वर्ष 2022-23 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 332.14 प्रतिशत, उत्पादन में

267.52 प्रतिशत और नए रोजगार सृजन के क्षेत्र में 69.75प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। केवीआईसी के इस शानदार प्रदर्शन ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार



केवीआईसी के उत्पादों की बिक्री

वित्त वर्ष 2023-24 में 1.55 लाख करोड़ रुपए को पार कर गई है। वित्तवर्ष 2022-23 में बिक्री का आंकड़ा 1.34 लाख करोड़ रुपए था। 'मोदी सरकार' के पिछले 10 वित्त वर्षों में, ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों द्वारा बनाये गए स्वदेशी खादी और ग्रामोद्योगीउत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2013-14 में जहां 31154.20 करोड़ रुपए थी, वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 155673.12 करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। (अनंत ज्ञान)

# पतंजलि को आदेश के उल्लंघन पर 50 लाख जमा करने के निर्देश

**एजेंसी, मुंबई**

**बंबई** उच्च न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद को अदालत के अंतरिम आदेश के कथित उल्लंघन के लिए 50 लाख जमा करने का निर्देश दिया है।



मंगलम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की ओर से दायर ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में उच्च न्यायालय ने अगस्त 2023 में एक अंतरिम आदेश में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को उसके कपूर उत्पाद बेचने से रोक दिया था। न्यायमूर्ति आरआई छागला की एकल पीठ ने आठ जुलाई को कहा कि पतंजलि ने जून में दाखिल एक हलफनामे में उक्त कपूर उत्पादों की बिक्री के खिलाफ रोक के पूर्व आदेश का उल्लंघन स्वीकार किया। न्यायमूर्ति छागला ने आदेश में कहा कि प्रतिवादी संख्या एक (पतंजलि) की ओर से 30 अगस्त 2023 के आदेश का इस तरह उल्लंघन अदालत द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। पीठ ने कहा कि आदेश के उल्लंघन के लिए आदेश पारित करने से पहले पतंजलि को 50 लाख रुपए जमा करने का निर्देश देना उचित होगा। उच्च न्यायालय 19 जुलाई को मामले की आगे की सुनवाई करेगा।

# सीबीआई की प्राथमिकी के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका को माना सुनवाई योग्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मामलों में सीबीआई की तरफ से एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका को सुनवाई योग्य माना है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र ने कहा था कि पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका अनुच्छेद 131 के तहत सुनवाई योग्य नहीं है।



अब सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर आगे सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने याचिका का ये कहते हुए विरोध किया था कि ममता सरकार की यह याचिका अनुच्छेद 131 के तहत सुनवाई के योग्य नहीं है।

## बाल विवाह के मामले बढ़ने के आरोप वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक गैर सरकारी संगठन की ओर से दायर उस जनहित याचिका पर अपना फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया, जिसमें देश में बाल विवाह के मामले बढ़ने और संबंधित कानून का ठीक क्रियान्वयन नहीं हो पाने का आरोप लगाया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दावा किया कि देश में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को बाल विवाह निषेध अधिनियम को क्रियान्वित करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# अडाणी समूह की कंपनी को दी जमीन वापस लेने के आदेश पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से मुंद्रा बंदरगाह के पास 2005 में अडाणी समूह की कंपनी को दी गई लगभग 108 हेक्टेयर चारागाह भूमि को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 'अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड' की अपील पर गौर किया कि न्याय के हित में इस आदेश पर रोक लगाना जरूरी है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किया जाए। उक्त आदेश पर रोक लगाई जाए।

# मुंबई हिट एंड रन कोई एक्सीडेंट नहीं, सोची-समझी हत्या है : संजय राउत

**एजेंसी, मुंबई**

**शिवसेना** (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन केस में मुख्य आरोपी मिहिर शाह के पिता राजेश शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की तरफ से आरोपी को बचाने की कोशिश चल रही है।

हिट एंड रन का मामला साधारण नहीं है। मुख्य आरोपी के पिता राजेश शाह का क्रिमिनल रिकॉर्ड चेक कर लीजिए। अगर शिवसेना शिंदे गुट के नेता राजेश शाह का क्रिमिनल रिकॉर्ड आपके पास नहीं होगा तो हम दे देंगे। इसके सारे अपराध अंडरवर्ल्ड से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि राजेश शाह क्या करता है? उसकी कितनी प्रॉपर्टी है और इतनी महंगी गाड़ी कहां से लाता है। इसका हिसाब मुंबई पुलिस को करना पड़ेगा। बोरीवली पुलिस स्टेशन में राजेश के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज हैं और मैं मुंबई पुलिस कमिश्नर से कहता हूं कि उनके सारे रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं। संजय ने कहा कि एकनाथ शिंदे के पास ऐसे अपराधी बैठते हैं। इस पर सभी को विचार करना चाहिए। आरोपी मिहिर शाह का नशा मेडिकल रिकॉर्ड में न आए, इसलिए उसे तीन दिन तक फरार रखा गया। इतना घोर अपराध करने के बाद भी उसे इस तरह से बचाया जा रहा है, यह निंदनीय है। मामला बहुत ही गंभीर है। यह कोई एक्सीडेंट नहीं है। अगर एक्सीडेंट होता तो आरोपी बार-बार महिला पर गाड़ी नहीं चढ़ाता। यह सोची-समझी हत्या है और यह हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। ऐसे लोगों को फांसी पर चढ़ाना चाहिए।



# जेएलआर इंडिया की खुदरा बिक्री पहली तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जगुआर** लैंड रोवर इंडिया की पहली तिमाही में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 1,371 इकाई हो गई।

कंपनी की गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में खुदरा बिक्री 1,048 इकाई रही थी। टाटा मोटर्स की कंपनी ने कहा कि डिफेंडर व रेंज रोवर इवोक दोनों की बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें डिफेंडर खंड में सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा। उन्होंने कहा कि रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर की कुल ऑर्डर बुक में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**मुनाफा** पीएलआई योजना के लागू होने के तीन साल में ही करोड़ों रुपए का हुआ निवेश

# दूरसंचार उपकरण विनिर्माण की बिक्री 50 हजार करोड़ पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**देश** में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत दूरसंचार उपकरणों की विनिर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर तीन हजार करोड़ रुपए का निवेश भी हुआ है।

दूरसंचार विभाग (डॉट) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि पीएलआई के तहत दूरसंचार उपकरणों की निर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर 3,400 करोड़ रुपए का निवेश भी हुआ है। इसके तहत करीब 10,500 करोड़ का निर्यात हुआ है, जिससे 17,800 से अधिक प्रत्यक्ष और कई अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना मोबाइल फोन और उसके घटकों के विनिर्माण करती है। इसके परिणामस्वरूप भारत से मोबाइल फोन के उत्पादन और निर्यात दोनों में काफी तेजी आई है। भारत कई वर्षों से दूरसंचार उपकरणों का आयात करता रहा है, लेकिन मेक-इन-इंडिया और पीएलआई योजना के कारण संतुलन बदल गया है, जिसके कारण देश में 50 हजार करोड़ से अधिक मूल्य के उपकरणों का उत्पादन हो रहा है। विभाग के मुताबिक वित्त वर्ष 2014-15 में भारत मोबाइल फोन का एक बड़ा आयातक था, जब देश में सिर्फ 5.8 करोड़ यूनिट का उत्पादन होता था, जबकि 21 करोड़ यूनिट का आयात होता था, लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 33 करोड़ यूनिट का उत्पादन हुआ है। इस दौरान केवल 0.3 करोड़ यूनिट का आयात हुआ और करीब 5 करोड़ यूनिट का निर्यात हुआ। मोबाइल फोन के निर्यात का मूल्य वित्त वर्ष 2014-15 में 1,556 करोड़ और वित्त वर्ष 2017-18 में 1,367 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 1,28,982 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 2014-15 में मोबाइल फोन का आयात 48,609 करोड़ रुपए का था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर मात्र 7,665 करोड़ रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी के भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों और इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े पैमाने पर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से देश में उत्पादन, रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और निर्यात में वृद्धि हुई है।

# गाजा में हवाई हमले में 25 लोगों की मौत, चिकित्सा सेवाएं ठप



**एजेंसी, गाजा**

**दक्षिण** गाजा में शरण स्थल बने एक स्कूल पर हुए इसराइली हवाई हमले में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। भारी बमबारी के कारण उत्तर में गाजा शहर की स्वास्थ्य सेवाएं बंद करनी पड़ी और हजारों लोग शरण की तलाश में भागते रहे।

इसराइल का यह हमला गाजा के सबसे बड़े शहर में फिर से संगठित हो रहे चरमपंथियों के खिलाफ किया गया। मृतकों में सात महिलाएं और बच्चे शामिल हैं और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।